आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

आज
* धूमावती जयंती

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 157 | उज्जैन, सोमवार 22 जून, 2026 | ज्येष्ठ शुक्ल 8 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

## देश विदेश

### मोदी ने नीट परीक्षा शुरू होने तक एयरपोर्ट पर रुकने का फैसला लिया

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (स्नातक) के पुर्नपरीक्षण के बीच रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का एक निर्णय चर्चा का विषय बन गया। प्रधानमंत्री ने दिल्ली हवाई अड्डे पर पहुंचने के बाद अपने आवास के लिए तुरंत रवाना होने के बजाय कुछ समय तक वहीं रुकने का फैसला किया, ताकि नीट परीक्षा देने जा रहे लाखों विद्यार्थियों को यातायात संबंधी किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। परीक्षा दोपहर दो बजे शुरू होनी थी और इसी को ध्यान में रखते हुए प्रधानमंत्री ने अपने काफिले की आवाजाही को कुछ समय के लिए स्थगित रखा। जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिवसीय ओडिशा और पश्चिम बंगाल दौरे से रविवार दोपहर लगभग एक बजकर पंद्रह मिनट पर दिल्ली लौटे थे।

### राममंदिर में रोज का चढ़ावा एक लाख रु. से कम हुआ

**अयोध्या।** राम मंदिर में चढ़ावा चोरी विवाद का श्रद्धालुओं पर गहरा असर पड़ा है। यही वजह है कि पहले दानपेटियों से रोजाना 8 से 12 लाख रुपए तक चढ़ावा निकलता था। वो अब घटकर 1 लाख रुपए के नीचे आ गया है। हालांकि, श्रद्धालुओं की संख्या में कमी नहीं आई है। श्रद्धालुओं का कहना है- दान चोरी से सभी को दुःख हुआ है। अब सोचते हैं कि ऑनलाइन दान किया जाए। वहीं, एसआईटी की जांच के बाद चढ़ावे की गिनती से लेकर बैंक में जमा करने तक की व्यवस्था दुरुस्त की गई है। निगरानी बढ़ा दी गई है। हालांकि, यह पहली बार नहीं है जब राम मंदिर में चढ़ावे को लेकर गड़बड़ी के आरोप लगे हों। इससे पहले 10 गुने महंगे दाम पर जमीन खरीदने और चंदे की रकम के गलत इस्तेमाल के आरोप लग चुके हैं।

### कॉमेडी फिल्मों में अक्षय कुमार ने बनाए रिकॉर्ड



**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर अक्षय कुमार जल्द फिल्म वेलकम टू द जंगल में नजर आएंगे। फिल्म 26 जून को रिलीज होगी। गौरतलब है कि अक्षय पिछले दो दशकों में कई कॉमेडी फिल्मों में नजर आए हैं। कॉमेडी फिल्मों में उनकी पहचान साल 2000 में रिलीज हुई हेरा फेरी से मिली। प्रियदर्शन के निर्देशन में बनी इस फिल्म में उनके साथ सुनील शेट्टी और परेश रावल भी थे। करीब 7.5 करोड़ रुपए के बजट में बनी इस फिल्म ने दुनियाभर में करीब 21 करोड़ रुपए का बिजनेस किया और बाद में कल्ट क्लासिक बनी। फिल्म के बाद अक्षय की इमेज एक्शन हीरो के साथ-साथ कॉमेडी एक्टर के रूप में भी स्थापित हुई। इसके बाद वह आवारा पागल दीवाना, मुझसे शादी करोगी, गरम मसाला और दीवाने हुए पागल जैसी कॉमेडी फिल्मों में नजर आए। वहीं, फिल्म गरम मसाला के लिए उन्हें फिल्मफेयर का बेस्ट एक्टर इन कॉमिक रोल अवॉर्ड मिला था। आज भी फिल्म के सीन के मीम सोशल मीडिया पर खूब बनाए जाते हैं। फिर वह फिर हेरा फेरी, भागम भाग, हे बेबी, वेलकम, भूल भुलैया, दे दना दन और खट्टा मीठा में नजर आए, जिनमें अक्षय की कॉमिक टाइमिंग और एक्टिंग लोगों को बहुत पसंद आई।

### नेवी को मिले तीन स्वदेशी युद्धपोत आईएनएस दूनागिरी ब्रह्मोस से लैस

**कोलकाता।** तीन स्वदेशी वॉरशिप्स आईएनएस दूनागिरी, आईएनएस संशोधक और एंटी-सबमरीन आईएनएस अग्रय रविवार को भारतीय नौसेना में शामिल हुए। इन्हें देश में ही डिजाइन और बनाया गया है। आईएनएस संशोधक एक बार में लगातार 12 हजार किलोमीटर तक जा सकता है। आईएनएस दूनागिरी 8 ब्रह्मोस मिसाइल्स से लैस है। वहीं, आईएनएस अग्रय भारतीय तटरेखा के पास मौजूद दुश्मन पनडुब्बियों को नष्ट कर सकता है। इस दौरान कार्यक्रम में पीएम नरेंद्र मोदी भी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि यह नए भारत की सबसे बड़ी ताकत है। आज भारत रक्षा क्षेत्र में केवल खरीदार बनकर नहीं रहना चाहता। हमारी सैन्य शक्ति दुनिया के लिए बाजार नहीं बन सकती। हमारी शक्ति की पहचान विश्व का बाजार बनने में नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता में है।

### मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सीएम की बेटी को फिर ईडी का समन

**तिरुवनंतपुरम।** केरल की राजनीति और प्रशासनिक गलियारों में चर्चित सीएमआरएल मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने पूर्व मुख्यमंत्री पिनराई विजयन की पुत्री वीणा टी को एक बार फिर पूछताछ के लिए तलब किया है। जांच एजेंसी ने उन्हें 29 जून को उपस्थित होने का नोटिस जारी किया है। यह इस मामले में ईडी द्वारा की जाने वाली दूसरी विस्तृत पूछताछ होगी। मामले को लेकर राज्य की राजनीति में भी हलचल तेज हो गई है और विपक्ष लगातार सरकार पर निशाना साध रहा है। सूत्रों के अनुसार वीणा टी से इससे पहले 17 जून को कोच्चि स्थित ईडी कार्यालय में करीब नौ घंटे तक पूछताछ की गई थी। पूछताछ के दौरान जांच अधिकारियों ने वित्तीय लेनदेन, कारोबारी गतिविधियों और संबंधित कंपनियों के बीच हुए समझौतों को लेकर कई सवाल पूछे थे।


### ब्रिटिश पीएम स्टार्मर आज इस्तीफा दे सकते हैं, पार्टी के 100 सांसद खिलाफ

**लंदन।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर सोमवार को इस्तीफे का ऐलान कर सकते हैं। साथ ही वे अपने पद छोड़ने का रोडमैप भी बता सकते हैं। यह दावा ब्रिटेन के अखबार द ऑब्जर्वर की रिपोर्ट में किया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक स्टार्मर ने कैबिनेट मंत्रियों, सलाहकारों और ट्रेड यूनियन नेताओं से बातचीत के बाद तय किया है कि उनका पद पर बने रहना अब मुश्किल है। हालांकि, रॉयटर्स के मुताबिक सरकारी सूत्रों ने इस दावे को खारिज करते हुए कहा कि स्टार्मर अभी भी प्रधानमंत्री के तौर पर अपने काम करने पर ध्यान दे रहे हैं। रॉयटर्स के मुताबिक स्टार्मर की लेबर पार्टी के 100 से ज्यादा सांसद सार्वजनिक रूप से कह चुके हैं कि पीएम को इस्तीफा दे देना चाहिए या अपने पद छोड़ने की समयसीमा घोषित करनी चाहिए।

पीएम मोदी रविवार को कोलकाता के ऐतिहासिक रेड रोड पर 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर हजारों लोगों ने किया योगा

## पीएम ने 5 आसन किए, लोगों को सिखाया और बोले-70 की उम्र में 50 जैसा दिखें





**एजेंसी ▸▸ कोलकाता**

पीएम मोदी रविवार को कोलकाता में 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह शामिल हुए। उन्होंने कहा- हमारा लक्ष्य 40 साल की उम्र में 20 साल की उम्र से ज्यादा लचीले होना, 50 साल की उम्र में 30 से ज्यादा ऊर्जावान और 70 की उम्र में 50 साल से ज्यादा स्वस्थ रहना होना चाहिए।

पीएम ने कहा कि योग दुनिया का सबसे बड़ा सामुदायिक उत्सव बन चुका है, जो लोगों, देशों और संस्कृतियों को एक साथ जोड़ता है। उन्होंने कहा कि 21 जून, जो पृथ्वी का सबसे लंबा दिन माना जाता है, अब पूरी दुनिया में योग दिवस के रूप में मनाया जाता है।

पीएम के साथ कोलकाता के ऐतिहासिक 'रेड रोड' पर हजारों लोगों ने योग किया। पीएम ने ताड़ासन, अर्धचक्रासन, भद्रासन, त्रिकोणासन सहित 5 आसन किए। कॉमन प्रोटोकॉल योग सत्र के दौरान पीएम लोगों के बीच पहुंचे और उनकी योग मुद्राओं को सुधारने में मदद करते नजर आए।

12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम योगा फोर हेल्थी एजींग यानी बढ़ती उम्र के लिए योग है। इस थीम का मकसद यह बताना है कि योग सिर्फ फिटनेस का माध्यम नहीं, बल्कि उम्र बढ़ने के साथ शरीर, मन और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने का भी तरीका है।

### जबलपुर में राष्ट्रपति मुर्मू, राज्यपाल पटेल और सीएम यादव ने किया योग

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ जबलपुर**



भोपाल, जबलपुर, इंदौर, ग्वालियर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर मध्य प्रदेश में जगह-जगह सामूहिक योग किए गए। जबलपुर के गैरिसन ग्राउंड में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने योग किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी और नागरिक मौजूद रहे। इंदौर ने योग दिवस पर नया रिकॉर्ड बनाया। शहर में आयोजित सामूहिक योग कार्यक्रम के दौरान हजारों लोगों ने 3 मिनट से अधिक समय तक लगातार भ्रामरी प्राणायाम किया। राजधानी भोपाल के टीटी नगर स्टेडियम में बड़ी संख्या में लोगों ने योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवन का संदेश दिया। कार्यक्रम को लेकर प्रशासन ने सुरक्षा, पेयजल, चिकित्सा और अन्य बुनियादी सुविधाओं की विशेष व्यवस्थाएं कीं। राजगढ़ के स्टेडियम ग्राउंड में योग दिवस कार्यक्रम के दौरान टाइफाइड से पीड़ित मंत्री नारायण सिंह पंवार की तबीयत बिगड़ गई। कमजोरी महसूस होने पर स्टाफ ने उन्हें सहारा देकर मंच के पीछे बैठाया। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद तेज हवा से आधा टेंट गिर गया।

देश के 22.79 लाख से ज्यादा छात्रों ने रविवार को नीट-यूजी 2026 की दोबारा परीक्षा दी

## एक-दो मिनट देर से पहुंचने पर मुंबई में 2 और बेंगलुरु में 4 छात्र को सेंटर में नहीं मिली एंट्री

### हिजाब पर विवाद, कलावा-इयररिंग्स उतरवाए, कपड़ों से चेन-बटन निकाले

**एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली/भोपाल/जयपुर**

देश के 22.79 लाख से ज्यादा छात्रों ने रविवार को नीट-यूजी 2026 की दोबारा परीक्षा दी। इसके लिए देश के 551 शहरों और विदेश के 14 शहरों में 5,440 केंद्र बनाए गए। परीक्षा दोपहर 2 बजे से शाम 5.15 बजे के बीच हुई।

छात्रों को सुबह 11 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक एग्जाम सेंटरों में एंट्री दी गई। एक-दो मिनट देर से पहुंचने पर मुंबई में 2 और बेंगलुरु में 4 स्टूडेंट्स को एग्जाम सेंटर में एंट्री नहीं दी गई।

बेंगलुरु में लड़कियों ने रेलिंग कूदकर अंदर जाने की कोशिश की, लेकिन एग्जाम रूम का गेट बंद हो चुका था। राजस्थान के अजमेर में हिजाब पहन कर आई एक छात्रा को एंट्री देने से पहले मना किया गया। काफी बहस के बाद उसे अंदर भेजा गया।


इधर, हैदराबाद में 19 साल की एक नीट छात्रा ने आत्महत्या कर ली। रविवार सुबह उसके अपार्टमेंट में फंदे से लटका शव मिला। पुलिस को आशंका है कि उसने री-एग्जाम के दबाव में यह कदम उठाया। मौके से मिले सुसाइड नोट में छात्रा ने अपनी मौत के लिए किसी को जिम्मेदार नहीं ठहराया।

### 2 लाख से अधिक सुरक्षाकर्मी तैनात, एयरफोर्स ने पेपर पहुंचाए



- इस बार पेपर लीक रोकने के लिए एयरफोर्स का सहारा लिया गया। पहली बार वायुसेना के विमान और हेलिकॉप्टरों ने 200 से ज्यादा उड़ानें भरकर नीट-यूजी के क्वेश्चन पेपर देश के अलग-अलग जोन तक पहुंचाए। री-एग्जाम के लिए 2 लाख से ज्यादा सुरक्षाकर्मी तैनात किए गए।
- एनटीए के मुताबिक, 95 हजार से ज्यादा एग्जाम सेंटरों में सीसीटीवी से निगरानी हुई। कुल 1,38,560 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए। इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से होने वाली गड़बड़ियों को रोकने के लिए 51,311 जैमर लगाए गए थे।

### पंजाब के निहंगों ने उत्तराखंड में गुरुद्वारे पर कब्जा किया



**एजेंसी ▸▸ रुद्रप्रयाग**

उत्तराखंड के चमोली स्थित कर्णप्रयाग में 16 जून को हुए विवाद के बाद शनिवार देर शाम रुद्रप्रयाग के नगरासू स्थित गुरुद्वारे में पंजाब से आए निहंगों ने कब्जा कर लिया। उन्होंने दो लोगों को बंधक भी बनाया। हालांकि, विवाद बढ़ने पर निहंगों ने एक व्यक्ति को छोड़ दिया, जबकि एक सेवादार को बंधक बनाए रखा। निहंगों ने चेतावनी दी है कि गुरुद्वारे में घुसने वाले को काट देंगे। रविवार सुबह रुद्रप्रयाग के डीएम विशाल मिश्रा निहंगों से बातचीत करने पहुंचे, लेकिन उन्होंने बातचीत से इनकार कर दिया।

## तमिलनाडु की सीफूड फैक्ट्री में गैस रिसाव से 7 की मौत

### 65 से ज्यादा घायल, 9 वेंटिलेटर पर मरने वालों में सभी महिलाएं



**एजेंसी ▸▸ चेन्नई**

तमिलनाडु के तिरुवल्लूर जिले में रविवार को एक सीफूड एक्सपोर्ट फैक्ट्री में अमोनिया गैस का रिसाव हो गया। रिपोर्ट के अनुसार हादसे में 7 महिला कर्मचारियों की मौत हो गई, जबकि 65 से ज्यादा घायल हैं। घायलों में भी 9 वेंटिलेटर पर हैं। गैस रिसाव की घटना सेंट पीटर्स पॉल सीफूड्स एक्सपोर्ट्स यूनिट में हुई।

घटना की जानकारी मिलते ही अरक्कोनम स्थित एनडीआरएफ की चौथी बटालियन मुख्यालय से 30 सदस्यों वाली टीम को मौके पर भेजा गया। हालात के मद्देनजर एनडीआरएफ टीम गैस डिटेक्शन डिवाइस, रासायनिक, जैविक, रेडियोलॉजिकल एवं परमाणु आपदा से निपटने वाले विशेष उपकरणों के साथ घटनास्थल पर पहुंची। जिला कलेक्टर एस. कविता ने बताया कि 46 मरीजों को वेल्स हॉस्पिटल और 21 मरीजों को वेंकटेश्वरा हॉस्पिटल में एडमिट करवाया गया है। इनमें से नौ गंभीर मरीजों को बेहतर उपचार के लिए एम्बुलेंस के जरिए चेन्नई के सरकारी स्टेनली मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा गया है।

### बीजेपी की साजिश की थ्योरी बोगस: मीनाक्षी नटराजन

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल**



मध्य प्रदेश राज्यसभा चुनाव में अपना नामांकन खारिज होने के बाद कांग्रेस उम्मीदवार मीनाक्षी नटराजन ने पहली बार खुलकर अपनी बात रखी है। हैदराबाद के गांधी भवन में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने चुप्पी तोड़ते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) पर तीखे प्रहार किए।

मीनाक्षी नटराजन ने मध्य प्रदेश भाजपा नेताओं के उस दावे को पूरी तरह खारिज कर दिया, जिसमें कहा गया था कि उनके खिलाफ दस्तावेज खुद कांग्रेस के नेताओं ने भाजपा को सौंपे थे। नटराजन ने इसे सिरे से नकार दिया और इसे भाजपा की 'फेक कॉन्स्पिरेंसी थ्योरी' (साजिश की मनगढ़ंत कहानी) करार देते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी पूरी तरह एकजुट है और यह सब जनता का ध्यान भटकाने के लिए बेहद चालाकी से फैलाई जा रही अफवाह है।

## प्रदेश में मानसून 6 दिन लेट, भोपाल-रायसेन में बारिश

### सड़कों पर 2 फीट पानी भरा, शाजापुर में कम बारिश, 37 जिलों में आंधी-पानी का अलर्ट

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल**

मध्य प्रदेश में मानसून तय समय से 6 दिन पीछे चल रहा है। मौसम विभाग के अनुसार 25 जून तक मानसून दस्तक दे सकता है। इस बीच भोपाल के कोलार समेत कई इलाकों में तेज बारिश हुई। कुछ स्थानों पर तेज हवाएं भी चलीं। रायसेन में बारिश में बच्चे ने जमकर मस्ती की। सड़कों पर 2 फीट पानी भर गया।

शाजापुर जिले में बारिश नहीं होने से किसानों की चिंता बढ़ गई। बुवाई रुकी हुई है। किसान खेतों में काम शुरू करने के लिए मानसून का इंतजार कर रहे हैं। कृषि वैज्ञानिक डॉ. डी.के. तिवारी ने कहा कि किसान कम से कम 4 इंच बारिश के बाद ही बुवाई शुरू करें। जल्दबाजी में बोनी न करें।

### उज्जैन में 2.4 इंच, भोपाल में 1.3 इंच बारिश

इससे पहले शनिवार को प्रदेश में तेज आंधी और बारिश का दौर जारी रहा। उज्जैन में तेज बारिश हुई। यहां शाम तक 2.4 इंच बारिश रिकॉर्ड की गई। भोपाल में 1.3 इंच पानी गिरा। इंदौर, ग्वालियर, श्योपुर, सीहोर और धार के पीथमपुर में तेज बारिश हुई। आंधी-बारिश की वजह से दिन के तापमान में खासी गिरावट हुई है। धार में अधिकतम तापमान 32.8 डिग्री, शिवपुरी में 34 डिग्री, पचमढ़ी में 35.4 डिग्री, शाजापुर-राजगढ़ में 35 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

कॉकरोच जनता पार्टी का दूसरे दिन भी प्रदर्शन जारी रहा

## शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग को लेकर जंतर-मंतर पर रातभर धरने पर बैठे रहे

**एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली**

नीट पेपर लीक के विरोध में कॉकरोच जनता पार्टी का जंतर-मंतर पर रविवार को दूसरे दिन भी प्रदर्शन जारी रहा। प्रदर्शनकारी शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर रातभर जंतर-मंतर पर बैठे रहे।

सीजेपी फाउंडर अभिजीत दीपके और उनके समर्थक शनिवार रात से जंतर-मंतर पर डटे हुए हैं। वे केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग कर रहे हैं।

दिल्ली पुलिस ने शनिवार शाम 5 बजे के बाद प्रदर्शन की अनुमति खत्म होने की बात कहकर जगह खाली करने के लिए कहा था। इसके बावजूद प्रदर्शनकारी रातभर जंतर-मंतर पर बैठे रहे। दीपके ने लोगों से आंदोलन का समर्थन करने की अपील की। उन्होंने नीट री-एग्जाम देने वाले छात्रों से भी परीक्षा के बाद प्रदर्शन में शामिल होने की अपील की। इससे पहले शनिवार को सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक भी प्रदर्शन में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि अगर धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा नहीं देते हैं, तो वे 27 जून से अनशन शुरू करेंगे।




### पानी और लाइट को लेकर शिकायत

अभिजीत ने आरोप लगाया कि शनिवार रात जंतर-मंतर पर टॉयलेट्स में पानी नहीं आ रहा था। उन्होंने एक्स पर लिखा- अधिकारियों से अपील करता हूं कि जंतर-मंतर प्रदर्शन स्थल के शौचालयों का पानी बंद न किया जाए। शनिवार रात से सार्वजनिक शौचालयों में पानी नहीं आ रहा है। प्रदर्शनकारियों का यह भी कहना था कि रात में कुछ समय के लिए लाइट बंद कर दी गई थी, जिसके चलते टॉयलेट तक पहुंचने में दिक्कत हुई। शनिवार को जंतर-मंतर पर पहुंचे सैकड़ों समर्थकों ने थाली और चम्मच बजाकर शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की। दीपके ने नीट पेपर लीक और परीक्षा रद्द होने के बाद आत्महत्या करने वाले छात्रों के परिवारों को 1-1 करोड़ रुपए मुआवजा देने की भी मांग की है।



## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का रविवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## प्राथमिकता से सुरक्षात्मक स्थिति बनाएं...




महाआयोजन के लिए महा निर्माण एवं चौड़ीकरण को अंजाम दिया जा रहा है। निर्माण कार्यों में पूर्व में हुए हादसों को देखते हुए इस बार सुरक्षा मानकों को प्राथमिकता से पालन करने की तैयारी मानसून के आगमन के साथ अब प्राथमिकता से की जाना बहुत ही जरूरी हो गया है। शहरी क्षेत्र में चौड़ीकरण एवं अन्य कार्यों के चलते इस दौर में अब गड्ढों के आसपास एवं चौड़ीकरण की तमाम खुदाई के आसपास रोक एवं सावधानी के लिए सूचना लगाई जाना आवश्यक हो गया है। स्थल से पूर्व ही इस प्रकार की सूचना को स्पष्ट एवं सामने की ओर लगाई जाना चाहिए। रात्रि के समय के लिए रिफ्लेक्टर लगाए जाना चाहिए। पूरी तरह से सुरक्षित क्षेत्र जैसी व्यवस्था की जाना शहर के नागरिकों के हित में है। सिवरेज के कार्यों में भी स्थल से पूर्व ही सूचना एवं सावधानी के बोर्ड लगाए जाना चाहिए। स्थल से पूर्व ही बैरिकेडिंग की जाना चाहिए। चौड़ीकरण के क्षेत्रों में स्थित मकानों को भी संबंधित क्षेत्र के यंत्री बराबर देखें और बारिश के बाद उनमें धरातलीय स्थितियों में खतरे की स्थिति का आंकलन कर लें। इसके साथ ही महाआयोजन वाले बड़े निर्माण कार्यों में भी कई कार्य अभी इस स्थिति में हैं कि उनमें सुरक्षात्मक स्थिति बनाना बहुत ही आवश्यक प्रतीत हो रहा है। मानसून के साथ बरसात भी होगी और पानी का बहाव भी बढ़ेगा। यही नहीं नदी क्षेत्र में भी सुरक्षात्मक स्थितियों को बनाकर चलना होगा। ठेकेदारों को हिदायत के साथ काम करवाने होंगे। कई बार धर्मनगरी में धूल उड़ती रहती है, बारिश ही नहीं होती है और नदी में बाढ़ के हालात निर्मित हो जाते हैं। प्रदूषण फैलाने वाली पास के शहर की सिवरेज नदी में भी अब बहाव बढ़ेगा। उनके शहर के पास जंगल का क्षेत्र होने से बारिश की स्थिति भी बेहतर होती है दो-दो जिलों की बारिश का पानी हमारे यहां घाट तक पहुंचता है। ऐसे में अतिरिक्त सुरक्षा मानकों को निर्माण की साइड देख रहे यंत्रियों को पालन करवाना होगी। मानसून के आगमन के साथ ही शहर में विपरीत स्थितियां दिखी। पथ प्रकाश के लिए जहां लाइटों का बढ़ाया जाना सुनिश्चित किया जाना चाहिए, वहीं अधिकांश गली और निर्माणाधीन क्षेत्रों में प्रकाश की व्यवस्था काफी कमजोर रही। इससे कुछ हादसे भी हुए हैं। गनीमत रही कि किसी मानव को इस दौरान चोट नहीं आई और ना ही कोई ऐसी घटना हुई जिसे लेकर हमें संजीदा रहना है। खुसूर-फुसूर है कि यह मानसून सत्र सीधे तौर पर जिम्मेदारों की परीक्षा का रहने वाला है। सभी निर्माण कार्य ऐसे हालातों में हैं जिनमे सुरक्षा की स्थिति बराबर बनाकर रखी ही जाना आवश्यक हैं। पूर्व में हुए हादसों से सबक लेकर इस बार दिखाना है कि सुरक्षा मानक शब्दों तक ही नहीं निर्माण के स्थलों तक उतरा और उस पर अमल किया गया।

## न्यूज कॉलम

### माहेश्वरी मारवाड़ी प्रगति मंडल ने किया प्रतियोगिताओं का आयोजन



**उज्जैन।** महेश नवमी उत्सव के द्वितीय दिवस श्री माहेश्वरी मारवाड़ी प्रगति मंडल द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि लेखा लड्ढा के सान्निध्य में दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मंडल द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। बच्चों को फ्रिज मैग्नेट बनाना, आरती भंडारी एवं अदिति साबु ने सिखाया। राखी सारडा एवं अर्चना केला ने महिलाओं के लिए ट्रेजर हंट प्रतियोगिता का आयोजन किया। पांच राउंड में दीपाली सोमानी एवं कीर्ति बियानी द्वारा अंताक्षरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। तेज बारिश के होते हुए भी मंडल एवं समाज की बहुत सी बहने उपस्थित रही। जानकारी प्रगति मंडल अध्यक्ष समता लखोटिया सचिव एकता झंवर ने दी।

### उज्जैन में साल के सबसे लंबे दिन दुर्लभ खगोलीय घटना

**उज्जैन।** साल के सबसे लंबे दिन रविवार को उज्जैन में एक दुर्लभ खगोलीय घटना देखने को मिली। दोपहर के समय कुछ देर के लिए लोगों और खड़ी वस्तुओं की परछाई दिखाई देना बंद हो गई। इस घटना को वैज्ञानिक भाषा में जीरो शैडो डे कहा जाता है। उज्जैन स्थित जंतर-मंतर वेधशाला के खगोल विशेषज्ञ डॉ. राजेंद्र गुप्त ने बताया कि जब सूर्य की किरणें किसी स्थान पर बिल्कुल लंबवत पड़ती हैं, तो खड़ी वस्तुओं की छाया उनके ठीक नीचे आ जाती है और कुछ समय के लिए नजर नहीं आती। इसी स्थिति को जीरो शैडो डे कहा जाता है। विशेषज्ञों के अनुसार उज्जैन कर्क रेखा के काफी नजदीक स्थित है, इसलिए यहां यह खगोलीय घटना विशेष रूप से देखी गई। रविवार को दोपहर करीब 12 बजकर 28 मिनट पर सूर्य की स्थिति ऐसी बनी कि लोगों ने अपनी परछाई को गायब होते हुए महसूस किया। इस दौरान जंतर-मंतर वेधशाला में विद्यार्थियों और आम लोगों में इस घटना को लेकर काफी उत्साह देखने को मिला।

जिला मुख्यालय के 8 केंद्रों पर नीट-2026 परीक्षा का आयोजन

# श्री महाकाल के प्रसाद रूपी अन्न-जल पान कर परीक्षार्थी पहुंचे केंद्र में

## परीक्षार्थियों के साथ अभिभावकों एवं सेवकों को भी मिला प्रसाद का लाभ

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

रविवार को आयोजित ठएएळ-2026 परीक्षार्थियों के लिए श्री महाकालेश्वर मंदिर द्वारा विद्यार्थियों सुविधा हेतु के लिए विशेष प्रसाद रूपी जलपान एवं अल्पाहार की विशेष व्यवस्था सभी 8 केंद्रों पर की गई। प्रशासक एवं अपर कलेक्टर प्रथम कौशिक ने बताया कि उज्जैन मुख्यालय के 8 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित इस परीक्षा में लगभग 4,171 परीक्षार्थी सम्मिलित होना थे। परीक्षार्थियों को परीक्षा प्रारंभ होने से पूर्व आवश्यक अल्पाहार उपलब्ध हो सके तथा वे सकारात्मक एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में अपनी परीक्षा दे सकें, इस उद्देश्य से मंदिर प्रबंध समिति द्वारा यह विशेष व्यवस्था की गई है। सभी परीक्षार्थियों को श्री महाकालेश्वर मंदिर के निःशुल्क अन्नक्षेत्र के माध्यम से जलपान एवं अल्पाहार उपलब्ध कराया गया। परीक्षार्थियों के साथ आने वाले अभिभावकों को भी इसका लाभ मिला है।







### प्रत्येक केंद्र पर 4 कर्मचारी को जिम्मा

संपूर्ण व्यवस्था की प्रभारी उप प्रशासक एवं डिप्टी कलेक्टर सुश्री सिम्मी यादव के अनुसार व्यवस्था के सुचारु संचालन हेतु प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर सहायक प्रशासक, प्रभारी, सह प्रभारी एवं आउटसोर्स कर्मचारियों की ड्यूटी निर्धारित की गई। मंदिर प्रबंध समिति ने नीट के परीक्षा केंद्र शासकीय इंजिनियरिंग कालेज (600 विद्यार्थी ), शासकीय पालिटेक्निक कालेज (600 विद्यार्थी), उत्कृष्ट विद्यालय माधवनगर (600 विद्यार्थी), शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दशहरा मैदान (408 विद्यार्थी), कालिदास कन्या महाविद्यालय (480 विद्यार्थी), पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय (451 विद्यार्थी), शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल महाराजवाडा क्र.2 (480 विद्यार्थी), महारानी लक्ष्मीबाई शासकीय कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल सराफा (552 विद्यार्थी) केंद्रवार व्यवस्था विद्यार्थियों के लिए जुटाई गई। श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति द्वारा यह पहल विद्यार्थियों को परीक्षा के दौरान आवश्यक सहयोग एवं सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है।

### कलेक्टर, एसपी पहुचें केंद्र पर

रविवार को नीट परीक्षा आयोजन के दौरान कलेक्टर रौशन कुमार सिंह और एसपी प्रदीप शर्मा ने शहर के शासकीय उत्कृष्ट माधव नगर विद्यालय परीक्षा केंद्र पहुंचकर परीक्षा के दौरान की गई व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान दोनों ने परीक्षा केंद्र के बाहर मौजूद विद्यार्थियों के अभिभावकों से चर्चा कर उनसे प्रशासन द्वारा की गई व्यवस्था की जानकारी ली। दोनों ही अधिकारियों ने विद्यार्थियों के परीक्षा में सफल होने की कामना के साथ अभिभावकों को प्रोत्साहित किया।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित

# योग एक अमूल्य उपहार है, इसे प्रतिदिन अपनाएं : प्रभारी मंत्री गौतम टेटवाल



दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार को उज्जैन के दशहरा मैदान में प्रभारी मंत्री गौतम टेटवाल के मुख्य आतिथ्य में जिला स्तरीय योग कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, विद्यार्थियों तथा बड़ी संख्या में नागरिकों ने भाग लेकर सामूहिक योगाभ्यास किया। कार्यक्रम में महापौर मुकेश टटवाल, नगर निगम सभापति कलावती यादव, विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष शिवानी कुंवर, उज्जैन विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष रवि सोलंकी, संजय अग्रवाल, कलेक्टर रौशन कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

### योग को जीवनशैली बनाने का आह्वान

प्रभारी मंत्री टेटवाल ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि योग भारत की प्राचीन परंपरा और महर्षि पतंजलि की अमूल्य देन है। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन योग करने से तनाव और चिंताएं दूर होती हैं तथा जीवन में सकारात्मकता आती है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा योग को वैश्विक पहचान दिलाने के प्रयासों की भी सराहना की।

### प्रधानमंत्री के संबोधन का सीधा प्रसारण

कार्यक्रम में कोलकाता से आयोजित राष्ट्रीय स्तर के योग दिवस समारोह का सीधा प्रसारण देखा गया। कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राएं, पुलिस बल, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, आयुष विभाग के कर्मचारी तथा स्थानीय नागरिक शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन शैलेन्द्र व्यास ने किया तथा प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी श्री महेंद्र खत्री ने आभार व्यक्त किया।

### बारिश में भी नहीं रुकेगा योग अभ्यास

वार्ड क्रमांक 41 स्थित चकोर पार्क में नगर निगम द्वारा लगभग 12 लाख रुपये की लागत से निर्मित योग एवं ध्यान डोम का लोकार्पण प्रभारी मंत्री गौतम टेटवाल एवं महापौर मुकेश टटवाल ने किया। इस अवसर पर विकास प्राधिकरण अध्यक्ष डॉ. रवि सोलंकी, भाजपा नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल सहित जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। नवनिर्मित डोम के बनने से अब नागरिकों को मौसम की बाधाओं का सामना नहीं करना पड़ेगा। विशेष रूप से बारिश के दौरान भी योग और ध्यान की गतिविधियां निर्बाध रूप से जारी रह सकेंगी। कार्यक्रम में एमआईसी सदस्य अनिल गुप्ता, कैलाश प्रजापत, जितेंद्र कुवाल, कल्याण शिवहरे, प्रिंस लोदवाल, मोनू यादव, महेंद्र मरमट, योगाचार्य विजय गिरी सहित वार्ड के अनेक सम्मानित नागरिक उपस्थित रहे।

वीआईपी दर्शन काउंटर से बेचे जाने वाली टिकट ब्लैक का मामला

# श्री कालभैरव मंदिर में 500 रूपए की रसीद व्यवस्था में सेंध

## काउंटर देरी से खोलते हैं और फिर श्रद्धालुओं की मजबूरी को केश किया जा रहा

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए श्री कालभैरव मंदिर में दी गई व्यवस्था में ही वहां के कर्मचारियों ने सेंध लगा दी है। व्यवस्था को ऐसा ढाल दिया गया है कि श्रद्धालुओं को मजबूर होकर ब्लेक में टिकिट खरीदना पड़ रहा है। काउंटर से लेकर गार्ड एवं उसके साथ इस व्यवस्था में दलाल सक्रिय हो गए हैं। बाहर से आने वाले श्रद्धालु इसके तहत जेब हल्की कर रहे हैं।

श्री कालभैरव मंदिर में पिछले कुछ वर्षों में श्रद्धालुओं की संख्या का आंकडा दिन प्रति दिन बढ़ता जा रहा है। अब तक यहां की गई व्यवस्था श्रद्धालुओं की संख्या के आगे कमजोर साबित हुई है। मंदिर प्रबंध समिति ने करीब एक पखवाड़े पूर्व यहां आम दर्शन एवं खास दर्शन की व्यवस्था दी थी। इसके तहत आम दर्शन तो निःशुल्क हो रहे थे। खास दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं के लिए रूपए 500 शुल्क की व्यवस्था की गई थी। इसमें दर्शनार्थी को गर्भगृह से दर्शन करवाए जा रहे हैं।



**ऐसे लगी व्यवस्था में सेंध-** मंदिर प्रबंध समिति ने खास श्रद्धालुओं के लिए शुल्क की व्यवस्था करने के साथ ही इसके लिए एक काउंटर मंदिर के बाहर बनाया है। काउंटर से श्रद्धालु को रसीद लेने के बाद अंदर दर्शन के लिए पात्रता मिलती है। यहीं से व्यवस्था में सेंध लगा दी गई है। काउंटर सुबह 6-शाम7 बजे तक खुलने के लिए नियत किया गया है। सुबह के समय में काउंटर करीब 3 घंटे देरी से खोला जाता है। उसके कारण से ऐसे श्रद्धालुओं की लंबी लाइन लग जाती है। इस लंबी लाइन का फायदा उठाकर कतिपय गार्ड एवं दलाल खिड़की से मिलीभगत के साथ रसीद ब्लेक करने में सक्रिय हो जाते हैं।

- **लाइन का श्रद्धालु ठगा सा-** खास तो यह है कि बाहर से आने वाले श्रद्धालु की भावना को नजरअंदाज करते हुए ऐसा किया जा रहा है। उसके बाद भी लाइन में लगा श्रद्धालु ऐसा देखकर ठगा सा रह जाता है। दो से तीन घंटे लाइन में लगने के बाद भी उसे देर से ही रसीद मिल पाती है। इसकी अपेक्षा ब्लेक में खरीदने वाले को आते ही कतिपय गार्ड एवं दलाल रसीद मुहैय्या करवा रहे हैं।
- **अव्यवस्था के हाल-** खास तो यह है कि कतार के लिए न तो कोई व्यवस्था है और न ही कोई नियम के तहत ही इस काम को अंजाम दिया जा रहा है। मनमर्जी से इस काउंटर को चलाया जा रहा है। इसी के तहत अव्यवस्था के हाल कायम हैं। मिलीभगत के साथ इस पूरे खेल को अंजाम दिया जा रहा है। यहां आए दिन ऐसे मामलों में श्रद्धालुओं के बीच विवाद की स्थिति भी बनती है।

गहरे काले बादल छाए तो हो जाएं सावधान...

# इन्हीं से गिरती है आकाशीय बिजली

## बारिश का दौर शुरू हो चुका है, बादल छाए तो उन्हें देखकर रखें सावधानी, सावधानी बरतनी होगी ताकि बिजली की चपेट में लोग ना आए

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

बारिश का दौर शुरू हो चुका है इसमें बिजली गिरने की घटनाएं भी बड़ी जाती है । हर वर्ष बारिश में आकाशीय बिजली गिरने से कई लोगों की मौत हो जाती है। अब बारिश का दौर शुरू हो चुका है तथा आने वाले दिनों में अधिक बारिश होगी ऐसी स्थिति में लोगों को सावधानी बरतनी चाहिए। गहरे काले व भूरे रंग के बादल छाए तो उन्हें देखकर सावधानी बरतनी होगी क्योंकि इन बादलों से गर्जना और बिजली गिरने की घटना अधिक होती है। हर बार बारिश के दौरान मौसम विभाग बिजली से बचने के लिए निर्देशिका जारी करता है। पिछले साल 2025 में उज्जैन जिले में बारिश के दौरान बिजली गिरने से खेत में काम कर रहे किसान व छत पर मोबाइल का उपयोग कर रहे युवक युवक की आकाशीय बिजली गिरने से मौत हो चुकी है। बारिश के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से हर बार कई लोगों की मृत्यु हो जाती है। अब फिर बारिश की शुरूआत हो चुकी है क्योंकि अब आने वाले दिनों में बारिश का दौर चलेगा इन्हीं बादलों से बिजली गिरने की घटनाएं होगी तथा लोगों को सावधानी बरतनी होगी ताकि बिजली की चपेट में लोग ना आए।



### यदि आप घर से बाहर हैं तो इन बातों का ध्यान रखें...

- अगर आप बाहर हैं और बारिश शुरू हो जाए, तो तुरंत किसी सुरक्षित जगह पर जाएं।
- घर या मकान में आश्रय लें लेकिन टिन या धातु से बनी छत वाले मकानों से दूर रहें।
- यदि खुले आसमान के नीचे हों तो तुरंत किसी भी मकान में आश्रय ले, जमीन पर ना तो लेटें और ना ही अपने हाथ लगाएं।
- कभी भी पेड़ के नीचे न खड़े हों। एक स्थान पर भीड़ ना लगाएं। सभी फैलकर खड़े हों।
- यदि आप कार, बस या ढ़के हुए गाड़ी के अंदर हैं तो वहीं रहना सुरक्षित है।
- घर के बाहर धातु की वस्तुएं इस्तेमाल ना करें। बिजली और टेलीफोन के खंभों से दूर रहें।
- पानी के अंदर ना रहें, पूल और झील तथा नाव से तुरंत बाहर निकल जाएं।

### यदि आप घर के अंदर हैं तो इन बातों का रखें ध्यान

तूफान आने से पहले घर के खिड़की दरवाजे बंद कर ले तथा सभी इलेक्ट्रानिक उपकरणों के प्लग निकाल दें। तार वाले टेलीफोन का इस्तेमाल ना करें। तथा मोबाइल का उपयोग न करें। खिड़कियों और दरवाजे से दूर रहें तथा खुले स्थान छत व बरांडा में न खड़े हों।

# महाकालेश्वर मंदिर परिसर में निर्माण कार्यों का प्रशासक ने किया निरीक्षण एवं दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रशासक एवं अपर कलेक्टर प्रथम कौशिक ने श्री महाकालेश्वर मंदिर परिसर में प्रचलित विभिन्न निर्माण एवं विकास कार्यों का स्थल निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान प्रशासक कौशिक ने सभी निर्माण कार्यों को उच्च गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आगामी धार्मिक आयोजनों एवं वर्षा ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए निर्माण कार्यों के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा, स्वच्छता तथा निर्बाध दर्शन व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने विशेष रूप से निर्देश दिए कि वर्षा ऋतु के दौरान मंदिर परिसर में आवागमन एवं दर्शन व्यवस्था से संबंधित किसी भी प्रकार की असुविधा श्रद्धालुओं को न हो।

**PRASHANTI INSTITUTE OF MANAGEMENT, UJJAIN**

**Call for Interview**

(Under College Code 28 of Samrat Vikramaditya Vishwavidyalaya, Ujjain)

*Join our prestigious team and shape the leaders of tomorrow*

| Teaching Position | Eligibility |
|---|---|
| Director, Professor, Associate Professor, Assistant Professor | As per UGC/ AICTE/ Govt. of M.P. norms. Salary- As per norms |
| **Non-Teaching Position** | **Eligibility** |
| Librarian, Office Admin, Office Assistant, Computer Lab I/C | As per norms |

Send your complete CV along with self-attested copies of all qualification, experience and photograph etc. to The Registrar, Prashanti Institute of Management, Village- Gangedi, Near Mahaveer Tapobhumi, Indore Road, Ujjain or Email to hr@prashantiinstitute.com, registrar@prashantiinstitute.com within 07 days of publication of this advertisement.

Contact- 9826024755, 8319960943

## न्यूज ब्रीफ

### सड़क हादसों के समय हेलमेट लोगों की जान बचाने में भूमिका निभाता है

**इंदौर।** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह कॉरिडोर इंदौर के पितृ पर्वत क्षेत्र से शुरू होकर उज्जैन के चिंतामन गणेश मंदिर के समीप सिंहस्थ बायपास तक पहुंचेगा। इस मार्ग के बन जाने से इंदौर और उज्जैन के बीच आवागमन अधिक सुगम और तेज होगा, साथ ही सिंहस्थ मेले में आने वाले लाखों श्रद्धालुओं को बड़ी सुविधा मिलेगी। फतेहाबाद और चंद्रावती इंदौर-उज्जैन के बीच व्यापार-व्यवसाय का प्रमुख केंद्र रहा है, ग्रीनफील्ड कॉरीडोर विकास का नया पर्याय बनेगा। यह रोड उज्जैन-इंदौर मेट्रोपोलिटन सिटी के लिए नए सूर्योदय के समान है। अब इंदौर, उज्जैन, देवास, शाजापुर, धार और रतलाम तक 16 हजार वर्ग किलोमीटर में फैले मेट्रोपोलिटन एरिया में 6 रेलवे जंक्शन, 2 एयरपोर्ट, 4 हवाई पट्टी और 2 राजमार्ग शामिल होंगे। सड़क मार्ग, उद्योग-व्यापार-कृषि और रोजगार सहित सभी क्षेत्रों के विकास में अहम योगदान देता है।

### गौ सेवा कर प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की

**इंदौर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शनिवार को केंद्रीय विद्युत तथा आवास एवं शहरी कार्य मंत्री श्री मनोहर लाल के साथ इंदौर के प्रसिद्ध पितृ पर्वत स्थित श्री पित्रेश्वर हनुमान धाम मंदिर पहुंचकर भगवान हनुमान के दर्शन किए। उन्होंने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। मंदिर के पुजारी द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विशेष पूजन सम्पन्न कराया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव एवं केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने भगवान हनुमान की लगभग 72 फीट ऊंची अष्टधातु से निर्मित विशाल एवं भव्य प्रतिमा का अवलोकन भी किया। ध्यानमग्न मुद्रा में स्थापित यह प्रतिमा देश की प्रमुख हनुमान प्रतिमाओं में से एक मानी जाती है और पित्रेश्वर धाम का प्रमुख आकर्षण है।

### केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने त्रिवेणी घाट पर किया पौधरोपण

**इंदौर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय मंत्री श्री मनोहर लाल ने सिंहस्थ 2028 में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए 778 करोड़ रुपए राशि की लागत से किए जा रहे 29.15 किमी लंबे नवीन घाट निर्माण कार्य की प्रगति का नवनिर्मित त्रिवेणी घाट पहुंचकर अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव और केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने घाट निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को कार्य की गुणवत्ता और समयसीमा का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सिंहस्थ-2028 को भव्य, दिव्य और सुव्यवस्थित बनाने के लिए राज्य सरकार लगातार कार्य कर रही है। जिससे देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं का सिंहस्थ अनुभव सनातन संस्कृति के वैभव के अनुरूप हो। अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा ने नवीन घाट निर्माण कार्य की विस्तार से जानकारी दी। अपर मुख्य सचिव डॉ. राजौरा ने बताया कि 29.15 किमी नवीन घाट का निर्माण 778 करोड़ रुपए राशि से किया जा रहा है। नवीन घाटों पर श्रद्धालुओं के आवागमन के लिए 150 से अधिक स्थान चिन्हित किए गए हैं। नवीन घाट निर्माण कार्य अंतर्गत 18.20 किमी लंबी रिटेनिंग वॉल का निर्माण किया जा चुका है, साथ ही 7 किमी नवीन घाट निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है।

### अपंजीकृत कारखानों और निर्माण स्थलों की सूचना देने की अपील

**इंदौर।** मध्यप्रदेश श्रम विभाग द्वारा संचालित श्रमिक हेल्पलाइन नंबर 1800-233-8888 के माध्यम से अपंजीकृत कारखानों और निर्माण स्थलों की सूचना देने की अपील की है। बताया गया कि सहायक श्रमायुक्त, श्रमायुक्त कार्यालय इंदौर ने बताया कि आम नागरिक एवं श्रम प्रहरी किसी भी अपंजीकृत कारखाने, औद्योगिक प्रतिष्ठान अथवा निर्माण स्थल पर संचालित कार्यों की जानकारी दे सकते हैं। साथ ही यदि किसी कारखाने, औद्योगिक प्रतिष्ठान या निर्माण स्थल पर बिना आवश्यक पंजीयन के कार्य किया जा रहा हो अथवा श्रम कानूनों के प्रावधानों का उल्लंघन हो रहा हो, तो इसकी सूचना तत्काल श्रमिक हेल्पलाइन नंबर 1800-233-8888 पर दर्ज कराई जा सकती है। उन्होंने बताया कि प्राप्त शिकायतों की श्रम विभाग द्वारा नियमानुसार जांच कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। श्रम विभाग श्रमिकों के हितों की सुरक्षा, सुरक्षित कार्यस्थलों के निर्माण तथा श्रम कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है।

### नार्मदीय ब्राह्मण समाज द्वारा योग शिविर का आयोजन

**उज्जैन।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर नार्मदीय ब्राह्मण समाज द्वारा समाज की महानंदा नगर स्थित धर्मशाला नर्मदा मंगलम पर योग शिविर का आयोजन किया गया। समाज की योगाचार्य भारती (निशा) शर्मा की अगुवाई में आयोजित शिविर का समाज की वरिष्ठ मातृशक्ति श्रीमती प्रतिमा शकरगाए, श्रीमती माधुरी शकरगाए एवं श्रीमती मंजुला शर्मा द्वारा मां नर्मदा के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर विधिवत शुभारंभ किया गया। समाज अध्यक्ष मनोज शर्मा एवं महिला अध्यक्ष वंदना शकरगाय द्वारा योगाचार्य भारती शर्मा एवं उनकी योगा टीम सदस्य नम्रता हरभजनका, रुचिका हरभजनका, सीमा बलसारा, अंजना तिवारी, शैली इंगले, स्वदेश भदोरिया, एवं सुषमा अग्रवाल का समाज की ओर से स्वागत किया।

# शहरों की सत्ता के लिए अगले साल होगा बड़ा संग्राम...

## नगरीय निकाय चुनाव की आहट... भाजपा और कांग्रेस ने शुरू की जमीनी तैयारी

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

मप्र में अगले नगरीय निकाय चुनाव भले ही अभी करीब एक साल का समय दूर हों, लेकिन सत्ता और संगठन की राजनीति में चुनावी शंखनाद हो चुका है। राज्य सरकार ने महापौर और अध्यक्ष पदों के आरक्षण की प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश जारी कर दिए हैं, वहीं मतदाता सूची पुनरीक्षण की कवायद भी प्रारंभ हो चुकी है। इसके साथ ही भाजपा और कांग्रेस दोनों ने अपने-अपने संगठन को सक्रिय कर शहरी क्षेत्रों में चुनावी जमीन मजबूत करने की रणनीति पर काम शुरू कर दिया है।

प्रदेश में सत्ता में काबिज भाजपा नगरीय निकाय चुनाव को 2027 विधानसभा चुनाव के सेमीफाइनल के रूप में देख रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सरकार की योजनाओं, अधोसंरचना विकास, शहरी परिवहन, पेयजल और महिला हितैषी योजनाओं को चुनावी मुद्दा बनाने की तैयारी में है। भाजपा संगठन ने नगर निगम, नगर दी है। पार्टी की रणनीति शहरी पालिका और नगर परिषद स्तर पर बूथ सर्वे समितियों को सक्रिय करने, नए मतदाताओं को जोडने और वार्डवार फीडबैक जुटाने की प्रक्रिया शुरू कर मध्यवर्ग, महिलाओं और युवा मतदाताओं पर विशेष फोकस रखने की है।

### निर्दलीय और क्षेत्रीय समीकरण भी चुनौती

हालाकि मुकाबला मुख्य रूप से भाजपा और कांग्रेस के बीच रहने की संभावना है,लेकिन कई नगर निकायों में स्थानीय प्रभाव वाले निर्दलीय उम्मीदवार और छोटे राजनीतिक दल भी परिणाम प्रभावित कर सकते हैं। 2022 के चुनावों में कई स्थानों पर निर्दलीयों और अन्य दलों ने प्रमुख दलों का गणित बिगाड़ा था। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि नगरीय निकाय चुनाव केवल शहरों की सरकार चुनने का माध्यम नहीं होते, बल्कि यह विधानसभा चुनावों से पहले राजनीतिक माहौल का संकेत भी देते हैं। यही कारण है कि भाजपा अपनी सत्ता और संगठन की ताकत दिखाना चाहती है, जबकि कांग्रेस इसे शहरी क्षेत्रों में जनाधार बढ़ाने के अवसर के रूप में देख रही है।

### प्रमुख चुनावी मुद्दे

शहरों में पेयजल और सीवरेज ,व्यवस्था सडक और ट्रैफिक प्रबंधन ,सफाई और कचरा प्रबंधन, संपत्ति कर एवं यूजर चार्ज ,अवैध कॉलोनियों का नियमितीकरण, महिला सुरक्षा और शहरी सुविधाएं , रोजगार और व्यापारिक माहौल

### कांग्रेस का स्थानीय मुद्दों पर घेराबंदी

दूसरी ओर कांग्रेस शहरी क्षेत्रों में बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, सफाई व्यवस्था, पेयजल संकट, ट्रैफिक, अवैध कॉलोनियों और संपत्ति कर जैसे मुद्दों को चुनावी हथियार बनाने की तैयारी कर रही है। पार्टी का मानना है कि नगर निगमों और नगर पालिकाओं में स्थानीय समस्याओं को लेकर जनता में असंतोष है, जिसे राजनीतिक समर्थन में बदला जा सकता है। प्रदेश कांग्रेस संगठन ने जिला और शहर इकाइयों से संभावित उम्मीदवारों के नाम जुटाने, वार्डवार कराने और स्थानीय प्रभावशाली चेहरों को आगे लाने की कवायद शुरू कर दी है। कांग्रेस की कोशिश उन शहरों में वापसी करने की है जहां 2022 के चुनावों में उसे सीमित सफलता मिली थी।

### आरक्षण तय करेगा चुनावी समीकरण

नगरीय निकाय चुनाव की सबसे महत्वपूर्ण प्रक्रिया महापौर और अध्यक्ष पदों के आरक्षण की है। आरक्षण तय होने के बाद कई शहरों में संभावित दावेदारों के समीकरण बदल जाएंगे। भाजपा और कांग्रेस दोनों ही दल फिलहाल सभी संभावित सीटों पर तैयारी कर रहे हैं ताकि आरक्षण सूची जारी होते ही उम्मीदवार चयन की प्रक्रिया तेज की जा सके।

### नए मतदाता होंगे निर्णायक

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची पुनरीक्षण की प्रक्रिया शुरू होने के साथ राजनीतिक दलों ने भी नए मतदाताओं पर नजरें टिकाई हैं। शहरी क्षेत्रों में पहली बार मतदान करने वाले युवाओं की संख्या लगातार बढ़ रही है। सोशल मीडिया, डिजिटल प्रचार और वार्ड स्तर के जनसंपर्क अभियान इस बार चुनाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

## सिंहस्थ को देगा अमृत, टारगेट से भी आगे कान्ह डायवर्शन

# ये क्षिप्रा का नीलकंठ, सारा जहर पीएगा

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन**

सिंहस्थ के 3 प्रमुख काम कुंभ स्नान शुरू होने के छह माह पहले पूरे होने वाले हैं। पहला क्षिप्रा में मिलने वाला कान्ह नदी का गंदा पानी लंबी डक्ट के जरिए डायवर्ट हो जाएगा। ये क्षिप्रा का नीलकंठ होगा। कान्ह का सारा प्रदूषण(जहर) 30 किमी लंबे डायवर्शन से होकर जाएगा।

इसमें 12 किमी हिस्सा जमीन से 30 मीटर नीचे है। इसका 63% काम हो चुका है। ये टारगेट से भी 6 माह पहले जून 2027 में पूरा होने की उम्मीद है। शनिवार को केंद्रीय शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर, सीएम डॉ. मोहन यादव ने टनल को देखा। उन्होंने इसे सिंहस्थ की महत्वपूर्ण परियोजनाओं में से एक बताया। दूसरा प्रोजेक्ट सीवरखेड़ी-सिलारखेड़ी डेम है। इससे क्षिप्रा में निर्मल जल प्रवाहित होता रहेगा। तीसरा प्रोजेक्ट- 29 किमी लंबा घाट है, जो जून 2027 में तैयार हो जाएगा। यानि श्रद्धालु लंबे घाट पर कहीं भी सरलता से स्नान कर पाएंगे।

अधिकारियों ने उन्हें जानकारी दी कि कान्हा डायवर्शन प्रोजेक्ट निर्धारित समय-सीमा से लगभग छह माह पहले पूरी होने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है। 32 मीटर तक गहराई में शाफ्ट निर्माण, चट्टानी क्षेत्रों में टनल बोरिंग मशीनों का संचालन और चौबीसों घंटे निर्माण कार्य जैसी जटिल चुनौतियों के बावजूद परियोजना तेजी से आगे बढ़ रही है। उज्जैन में मार्च 2028 से सिंहस्थ प्रारंभ होना है, इसकी तैयारियों के बीच श्रद्धालुओं के लिए यह जानकारी सबसे बड़ी राहत और उम्मीद भरी है। सालों से कान्ह नदी के प्रदूषित पानी से जूझ रही मोक्षदायिनी क्षिप्रा को अब स्थायी समाधान मिलेगा। करीब 920 करोड़ रुपए कान्ह क्लोज डक्ट डायवर्जन प्रोजेक्ट की लागत है।



### ये तीन बड़े काम पहले होंगे

- **920 करोड़ का कान्ह क्लोज डक्ट डायवर्शन प्रोजेक्ट**
- जून 2027 में पूरा होगा। यह क्षिप्रा में गंदे पानी को जाने से रोकेगा। इंदौर की ओर से आने वाला कान्ह नदी का प्रदूषित पानी उज्जैन से पहले जमालपुर क्षेत्र में रोककर गंभीर नदी की ओर मोड़ देगा।
- **614 करोड़ का सीवरखेड़ी-सिलारखेड़ी प्रोजेक्ट**
- यह अगस्त 2027 में पूरा हो जाएगा। इसमें बरसात का पानी एकत्रित होगा और सिंहस्थ के दौरान क्षिप्रा में स्वच्छ जल प्रवाहित किया जाएगा। बाद में यह उज्जैन के लोगों की प्यास बुझाएगा।
- **720 करोड़ का घाट प्रोजेक्ट ...**
- यह 29 किमी लंबा है। घाट के हर 200 मीटर पर अप्रोच (एंट्री) स्थल बनाया जा रहा है। 30 मीटर के 104 और 15 मीटर चौड़े 46 अप्रोच होंगे ताकि श्रद्धालुओं को घाट तक पहुंचने में परेशानी न हो।

### 48 किमी लंबे उज्जैन-इंदौर नए ग्रीनफील्ड हाईवे का भूमिपूजन


प्रदेश को शनिवार को सड़क और आवास क्षेत्र की बड़ी सौगात मिली। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल ने इंदौर के चंद्रावतीगंज में 2935 करोड़ की लागत से बनने वाले 48 किमी लंबे इंदौर-उज्जैन फोरलेन ग्रीनफील्ड कॉरिडोर का भूमिपूजन किया। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 42 हजार से अधिक आवासों का भूमिपूजन भी किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इंदौर-उज्जैन ग्रीनफील्ड कॉरिडोर पितृ पर्वत से बाबा महाकाल तक सीधी और तेज कनेक्टिविटी उपलब्ध कराएगा।

## इंदौर के नाम को प्राथमिकता न दिए जाने पर शहरवासी इसे अनदेखी मान रहे हैं

# मेट्रोपॉलिटन एरिया में इंदौर की 100 और उज्जैन की 59% आबादी

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

इंदौर को महानगर बनाने की कवायद को लेकर कई शहरवासी खुश नहीं हैं, क्योंकि सरकार की तरफ से जो नोटिफिकेशन जारी हुआ है, उसमें नाम उज्जैन-इंदौर मेट्रोपॉलिटन रीजन (यूआईएमआर) रखा गया है। मेट्रोपॉलिटन एरिया में इंदौर की आबादी 100 प्रतिशत, जबकि उज्जैन की 59 प्रतिशत आबादी शामिल है, लेकिन फिर भी इंदौर का नाम पीछे रखा गया। इसे शहरवासी इंदौर के साथ नाइंसाफी मान रहे हैं और अब सोशल मीडिया पर भी शहरवासी आवाज उठा रहे हैं। उज्जैन-इंदौर मेट्रोपॉलिटन एरिया के नोटिफिकेशन के अनुसार इंदौर के 654 गांव, देवास के 593, उज्जैन के 624, धार के 224, शाजापुर के 546 और रतलाम के 140 गांव इस क्षेत्र में शामिल किए गए हैं। इस मेट्रोपॉलिटन एरिया में इंदौर-उज्जैन सहित छह जिलों की 75.34 लाख आबादी शामिल होगी। इस हिसाब से मेट्रोपॉलिटन एरिया का नाम इंदौर होना चाहिए था।




# रच दिया इंदौर में विश्व कीर्तिमान....





**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

महापौर पुष्यमित्र भार्गव की अध्यक्षता में गोपुर चौराहे पर दस हजार से अधिक योग साधको ने एक साथ करके बनाया भ्रामरी प्राणायाम का एशिया वर्ल्ड रिकॉर्ड केंद्रीय मंत्री दुगार्दास उइके मंत्री कैलाश विजयवर्गीय कि उपस्थिति में महापौर ने रिसीव किया कीर्तिमान का पदक ।

## शिप्रा क्रिकेट अकादमी के समर कैम्प का समापन समारोह हुआ

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन**

शिप्रा क्रिकेट अकादमी द्वारा पीजीबीटी मैदान दमदमा,उज्जैन पर दो माह से चल रहे समर कैम्प 2026 का समापन समारोह आयोजित किया गया जिसमे मुख्य अतिथि सांसद अनिल फिरोजिया रहें, मुख्य अतिथि सांसद फिरोजिया ने अकादमी के सभी प्रतिभावान खिलाड़ियों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया आगे बढ़ने का मूलमंत्र दिया, अकादमी के मुख्य कोच नितिन श्रीवास्तव ने बताया कि शिप्रा क्रिकेट अकादमी में 150 से अधिक खिलाड़ी प्रशिक्षण ले रहे हैं साथ ही गर्ल्स खिलाड़ी भी हैं जिन्हें निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाता है, अकादमी के कई खिलाड़ी जिला, संभाग, प्रदेश की टीम व मध्यप्रदेश लीग में खेल रहे हैं।

## इंदौर में सरकारी विभागों ने हाथ ऊंचे किए तो रहवासियों ने कुएं में उतर कर बचाई कुत्ते की जान

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

इंदौर के रंगवासा मार्ग पर दो दिन से कुएं में गिरे एक कुत्ते को रहवासियों ने आखिरकार बचा लिया। पहले इसके लिए उन्होंने सरकारी विभागों से गुहार लगाई थी, लेकिन विभागों ने कुत्ते की जान बचाने के बजाय मामले को टाल दिया। आखिरकार ग्रामीणों ने सीढ़ी की व्यवस्था की और 60 फीट गहरे कुएं में उतरकर कुत्ते को निकालकर उसकी जान बचाई। दो दिन से कुएं में फंसा कुत्ता बाहर निकलते ही लंगड़ाते हुए भागा। रंगवासा मार्ग पर राजलक्ष्मी टाउनशिप के सामने खेत में बिना पाल वाला कुआं है, जिसमें शुक्रवार को एक काले रंग का कुत्ता गिर गया था। रात को वह लगातार भौंकता रहा तो रहवासियों को पता चला कि



आवाज खेत में बने कुएं से आ रही है।

सुबह कुछ रहवासियों ने पहले कुत्ते को कुएं में फेंककर खाना दिया। फिर उन्होंने 112 नंबर पर डायल कर मदद मांगी, जहां से ऑपरेटर ने राजेंद्र नगर थाने का नंबर दे दिया, लेकिन मदद नहीं मिली। इसके बाद फायर ब्रिगेड को कॉल किया तो वहां से जवाब मिला कि जानवरों को बचाने का काम नगर निगम का है। नगर निगम कंट्रोल रूम पर फोन लगाकर लोकेशन बताई तो कहा गया कि यह रंगवासा

## बेहतर शैक्षणिक वातावरण और सुविधाओं के कारण इन विद्यालयों में प्रवेश की मांग लगातार बढ़ रही

# निजी स्कूलों के विद्यार्थियों को सांदीपनि स्कूलों में मिलेगा एडमिशन

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन**


स्कूल शिक्षा विभाग ने सांदीपनि स्कूलों में निजी स्कूल के बच्चों को प्रवेश देने पर लगा प्रतिबंध हटा लिया है। यह भी तय हुआ है कि सांदीपनि स्कूल उन बच्चों को नौवीं कक्षा में सीधे प्रवेश दे पाएंगे जिन्होंने किसी निजी स्कूल में शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत आठवीं तक निःशुल्क पढ़ाई की है।

स्कूल शिक्षा विभाग ने सत्र 2026-27 में सांदीपनि विद्यालयों में प्रवेश के लिए नई गाइडलाइन जारी कर दी है। इसके अनुसार अब अतिरिक्त सीटों पर निजी और सरकारी दोनों स्कूलों के विद्यार्थी मेरिट या प्रवेश परीक्षा के आधार पर प्रवेश ले सकेंगे। जिला स्तरीय निगरानी समिति स्थानीय आवश्यकताओं, अंग्रेजी माध्यम, दिव्यांग विद्यार्थियों (सीडब्ल्यूएसएन), विद्यालय से दूरी और प्रवेश की मांग को ध्यान में रखते हुए आवश्यक निर्णय ले सकेगी। बेहतर शैक्षणिक वातावरण और सुविधाओं के कारण इन विद्यालयों में प्रवेश की मांग लगातार बढ़ रही है। नई गाइडलाइन के तहत उपलब्ध सीटों पर पहले निकटवर्ती शासकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जाएगा। इसके अलावा लगभग 20 प्रतिशत अतिरिक्त सीटें बढ़ाई गई हैं, जिन पर मेरिट अथवा प्रवेश परीक्षा के आधार पर प्रवेश मिलेगा। इस वर्ष कक्षा 6वीं से 11वीं तक प्रवेश पूर्व कक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर तैयार मेरिट सूची से दिए जाएंगे। आगामी वर्षों में इन कक्षाओं के लिए प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी। वहीं पहली से पांचवीं कक्षा तक प्रवेश आरटीई के प्रावधानों के अनुसार ही होंगे। जिन सांदीपनि विद्यालयों का बोर्ड परीक्षा परिणाम बेहतर रहेगा और जहां विद्यार्थियों की संख्या अधिक होगी, वहां दो पालियों में संचालन की व्यवस्था की जा सकेगी। इसके लिए संबंधित प्राचार्य जिला शिक्षा अधिकारी के माध्यम से लोक शिक्षण संचालनालय आयुक्त को प्रस्ताव भेजेंगे। दूसरी पाली में मुख्य रूप से कक्षा छठवीं और 9वीं में प्रवेश मेरिट अथवा प्रवेश परीक्षा के आधार पर होगा।

### टारगेट शतप्रतिशत पूर्ण करें-संयुक्त आयुक्त वर्मा

संयुक्त आयुक्त विकास राजेंद्र कुमार वर्मा की अध्यक्षता में लोक स्वास्थ्य एंव परिवार कल्याण विभाग, महिला बाल विकास विभाग और स्कूल शिक्षा विभाग के संभागीय व जिला अधिकारियों की उपस्थिति में समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में संयुक्त आयुक्त श्री वर्मा ने सभी संभाग के अधिकारियों को शाला विकास समिति के माध्यम से स्कूलों में आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश दिए। श्री वर्मा ने सभी विभागों से शासन द्वारा संचालित विभागीय योजनाओं का टारगेट पूरा करने के निर्देश दिए। सम्राट विक्रमादित्य प्रशासनिक संकुल के कलेक्टर सभागार में संयुक्त आयुक्त विकास श्री राजेंद्र कुमार वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में स्कूल शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान छोटे बच्चों के ड्रॉप आउट,नामांकन में वृद्धि एवं ड्रॉप आउट में कमी, विद्यालयों में पुस्तक वितरण, मिशन अंकुर योजना सहित अन्य योजनाओं की समीक्षा की गई। नामांकन में वृद्धि एवं ड्रॉप आउट में सबसे कम प्रतिशत वाले जिले के अधिकारियों को टारगेट पूरा करने के निर्देश संयुक्त आयुक्त श्री वर्मा ने दिए। उन्होंने स्कूलों में पुस्तक वितरण के बाद सही जानकारी पोर्टल पर दर्ज करने के साथ ही कहा कि सभी संभाग के अधिकारी जिले में स्थित सरकारी स्कूल भवनों की स्थिति का आंकलन कर लें। उन्होंने कहा कि शाला विकास समिति के माध्यम से स्कूलों के छोटे-छोटे आवश्यक कार्य सभी अधिकारी प्राथमिकता के साथ पूर्ण करा लें। महिला एवं बाल विकास विभाग के माध्यम से संचालित विभिन्न योजनाओं में कुपोषित बच्चों के टारगेट, कुपोषण से सुधार की स्थिति, आंगनवाड़ी में 3 से 6 वर्ष के बच्चों के नाम दर्ज करने और आंगनवाड़ी केंद्रों को शाला परिसर में शिफ्ट करने, लाड़ली लक्ष्मी योजना समग्र सत्यापन करने, सक्षम आंगनबाड़ी फेस-1 फेस-2 की जानकारी, आंगनबाड़ी केंद्रों में विद्युत कनेक्शन कराने और पीएम मातृ वंदना योजना की जानकारी दी गई।

## न्यूज कालम



### वार्ड 26 गुरु नानक मोहल्ले की जर्जर सड़कों का कोई ध्यान नहीं

**जावरा ।** भारतीय मानव अधिकार सहकार ट्रस्ट के जिला अध्यक्ष रघुवीर सिंह जेतका ने नगर की जर्जर सड़कों को तो सुधारा नहीं जा रहा बल्कि नए-नए निर्माण कार्य शुरू कर अधुरे छोड़ने से कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा। उक्त अव्यवस्था को लेकर एसडीएम नगर पालिका सीएमओ को पत्र लिखकर अवगत करवाया है। वार्ड क्रमांक 26 गुरु नानक मोहल्ला जेत का साहब की गली में कुछ दिनों पूर्व ही आगे की नालियों के नवनिर्माण हेतु खुदाई की गई जो बिना प्लानिंग से की जा रही है ।कुछ दिन पहले शुगर मिल मजदूर ऑफिस के पास नगर पालिका ने नाली का काम शुरू किया था वह भी अधूरा छोड़ दिया और उसे पूरा किए बिना ही गुरु नानक मोहल्ले में नया काम शुरू कर दिया ।आश्चर्य की नगर पालिका अधिकारी जर्जर सड़कों और अधूरे कार्यों को लेकर कोई जवाब नहीं दे पा रहे ।मोहल्ले में अधूरे पड़े निर्माण कार्य जर्जर सड़के एवं स्पीड ब्रेकर से आमजन परेशान हो रहे। लेकिन कोई जवाबदारी समझने को तैयार नहीं है। उक्त मामले को लेकर प्रदेश के नगरीय निकाय मंत्री को भी पत्र देकर अवगत करवाया गया था।

### लायंस क्लब सनावद स्नेह द्वारा योग का आयोजन किया गया



**सनावद।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में लायंस क्लब सनावद स्नेह द्वारा योग का आयोजन किया गया। लायंस क्लब की जीएमटी डिस्ट्रिक्ट कॉर्डिनेटर ला.अनिता जैन ने कहा कि शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए नियमित योग,प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास जरूरी है। क्लब के सदस्यों ने नियमित योगाभ्यास की शपथ ली। ला. डॉ.श्वेता पंचोलिया,ला.अनिता चौधरी ने योगाभ्यास में भाग लिया।

### नमोकार धाम में योगाभ्यास का आयोजन किया गया

**सनावद।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर एक्टिव योगा क्लब के सदस्यों द्वारा नमोकार धाम में योगाभ्यास का आयोजन किया गया। यह जानकारी देते हुए योग प्रशिक्षक अमरदीप कौर कपूर ने बताया कि नियमित योग का अभ्यास शारीरिक स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभप्रद है।योग के अभ्यास से विचारों में सकारात्मकता एवं मन में शांति और प्रफुल्लता आती है। इस अवसर पर एक्टिव योगा क्लब के सदस्यों ने नियमित योगाभ्यास को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया।

### स्वयंसेवकों ने आयोजित की शपथ के साथ निबंध,स्लोगन,पोस्टर प्रतियोगिताएं

**बड़वानी।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शहीद भीमा नायक शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बड़वानी में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारियो ने प्राचार्य एवं सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग बड़वानी के निदेर्शानुसार एवं नशा मुक्त भारत अभियान विकसित भारत की पहचान थीम के अंतर्गत स्वयंसेवकों द्वारा निबंध लेखन, पोस्टर, स्लोगन लेखन प्रतियोगिता एवं नशा मुक्ति शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रणजीत सिंह मेवाडे ने विद्यार्थियों को उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प लेने के लिए कहा व शपथ दिलाई।कार्यक्रम के दौरान कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रंजना चौहान ने स्वयंसेवकों एवं विद्यार्थियों को नशे से होने वाली शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक हानियों के बारे में जानकारी दी तथा समाज को नशामुक्त बनाने में युवाओं की भूमिका पर चर्चा की। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. निर्मला मौर्य ने कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं एवं समाज में नशे के विरुद्ध जागरूकता उत्पन्न करना तथा स्वस्थ एवं नशामुक्त भारत के निर्माण में सहभागिता सुनिश्चित करना बताया। उक्त कार्यक्रम में रासेयो के कर्मठ स्वयंसेवक हिमांशु, सुमित, कुलदीप, संकेत, वैष्णवी, तमन्ना, दामिनी, अनुज, जय आदि उपस्थित थे।

### सीवल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर का पद रिक्त

**नेपानगर।** नेपानगर के ग्रामीण क्षेत्र के सीवल ग्राम में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 15 जून को डॉक्टर का ट्रांसफर होने के बाद से अब तक कोई भी डॉक्टर तैनात नहीं किया गया है। इससे आसपास के ग्रामीणों को स्वास्थ्य सुविधाओं में भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं के लिए सीवल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर ही निर्भर थे और यहां उन्हें बेहतर इलाज मिलता था। लेकिन डॉक्टर के ट्रांसफर के बाद ग्रामीण स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित हैं।जिला चिकित्सा अधिकारी बुरहानपुर राजेंद्र वर्मा ने फोन पर हुई चर्चा में बताया कि जिले में 13 नए डॉक्टरों की नियुक्ति हुई है। अंकित अलावे की नियुक्ति हैदरपुर स्वास्थ्य केंद्र में हुई है। जब तक सीवल में कोई स्थायी डॉक्टर नहीं आता, तब तक अंकित अलावे सीवल और हैदरपुर दोनों जगह विजिट करेंगे। 4 से 5 दिन में अंकित अलावे हैदरपुर और सीवल में ज्वाइन करेंगे। ग्रामीणों की मांगः क्षेत्र के लोगों का कहना है कि दो केंद्रों की जिम्मेदारी एक डॉक्टर पर होने से व्यवस्थाएं प्रभावित हो सकती हैं।

### क्रांति सूर्य टंट्या भील विश्वविद्यालय में मनाया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

**खरगोन।** क्रांति सूर्य टंट्या भील विश्व विद्यालय में भी 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। अध्ययनशाला में विद्यार्थियों की सुविधा की दृष्टि से बड़ा स्क्रीन लगाया, जिससे वे योगा कर सकें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उद्बोधन को उपस्थित छात्र-छात्राओं और स्टॉफ ने सुना। इसके बाद योग के सीधे प्रसारण को स्क्रीन पर देखकर योग किया। जिसमें पवन मुक्तासन, कटी आसन,मंदूक आसन,शशक आसन, भुजंगासन,अर्ध हकलाकर आसन आदि किए गए।

## ताप्ती तट पर योग का महाकुंभ:

# राजघाट की सीढ़ियों पर हजारों साधकों ने एक साथ किया प्राणायाम

### 12वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस: जिला स्तरीय आयोजन, सांसद-विधायक सहित प्रशासनिक अमला रहा मौजूद

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार को पूरा बुरहानपुर योगमय नजर आया। जिले में 12वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस बेहद उत्साह, उमंग और सकारात्मक ऊर्जा के साथ मनाया गया। इस वर्ष यह आयोजन च्स्वस्थ आयु के लिए योगज की विशेष थीम पर आधारित था, जिसका मुख्य उद्देश्य नागरिकों को निरोगी जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना रहा।

जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम का गवाह मां ताप्ती का पावन तट राजघाट बना। सुबह-सुबह ताप्ती की लहरों के बीच राजघाट की सीढ़ियां योग प्रेमियों से सजी नजर आईं, जहां जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, युवाओं और स्कूली बच्चों ने एक साथ सामूहिक योगाभ्यास किया।



**योग भारत की प्राचीन व अमूल्य धरोहरः सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल**

मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि योग भारत की प्राचीन और अमूल्य परंपरा है, जिसे आज पूरी दुनिया ने सहर्ष स्वीकार किया है। उन्होंने कहाः

"प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व और प्रयासों से योग को वैश्विक स्तर पर यह गौरवमयी पहचान मिली है। योग सिर्फ व्यायाम नहीं, बल्कि शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक रूप से सशक्त बनने का माध्यम है। हर नागरिक इसे अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाए।"

**अनुशासन और संतुलन का संदेश है योगः विधायक अर्चना चिटनिस**

कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि और बुरहानपुर विधायक अर्चना चिटनिस ने अपने संबोधन में कहा कि योग ही स्वस्थ जीवन का असली आधार है। यह हमें जीवन में अनुशासन, संयम और संतुलन सिखाता है। नियमित योग से शरीर निरोगी और मन शांत रहता है। उन्होंने सभी को योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए जीवनभर योग से जुड़े रहने का संकल्प दिलाया।

**ताप्ती तट पर दिखा मनोहारी दृश्य, हुआ लाइव प्रसारण**

योग प्रशिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन में राजघाट पर उपस्थित हजारों लोगों ने विभिन्न योगासन, प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास किया।

इस दौरान राजघाट का नजारा अत्यंत भव्य और मनोहारी रहा। योग सत्र के साथ-साथ उपस्थितजनों को स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और सुरक्षित जीवनशैली अपनाने का संदेश भी दिया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित मुख्य कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी देखा और सुना।

**ये रहे उपस्थितः**

आयोजन में मुख्य अतिथि सांसद ज्ञानेश्वर पाटील, विधायक अर्चना चिटनिस, महापौर माधुरी पटेल, निगम अध्यक्ष अनिता यादव, जिला अध्यक्ष मनोज माने सहित कलेक्टर हर्ष सिंह, पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी, सीईओ एवं अपर कलेक्टर सृजन वर्मा व अन्य विभागीय अधिकारी-कर्मचारी प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# ऑल इज वेल हॉस्पिटल ने लगाया निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर, 120 से अधिक मरीजों ने उठाया लाभ

### अनुभवी डॉक्टरों ने दीं सेवाएँ, ब्लड शुगर और बीपी की हुई मुफ़्त जाँचें

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर



ऑल इज वेल हॉस्पिटल द्वारा सामाजिक सरोकार के तहत रविवार, 21 जून को इतवारा स्थित वल्लभ भवन (गोकुल चंद्रा मंदिर के पास) में एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर में सुबह से ही मरीजों का तांता लगा रहा, जहाँ क्षेत्र के 120 से अधिक नागरिकों ने पहुँचकर निःशुल्क स्वास्थ्य लाभ लिया।

शिविर में ऑल इज वेल हॉस्पिटल के विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने अपनी सेवाएँ दीं। इनमें डॉ. दिवेश लाड (एम डी मेडिसिन), डॉ. पियूष सूर्यवंशी (बाल रोग विशेषज्ञ), डॉ. अपूर्वा यादव (नेत्र रोग विशेषज्ञ) एवं डॉ. अकरम खान (जनरल मेडिसिन) शामिल थे। डॉक्टरों ने आए हुए मरीजों की बीमारियों का गहन परीक्षण कर उचित परामर्श दिया, साथ ही बदलते मौसम में होने वाले विकारों व मौसमी बीमारियों से बचाव और सुरक्षित रहने के उपाय भी बताए।

**मुफ़्त जाँचों से मिली राहत**

शिविर के दौरान अस्पताल प्रबंधन की ओर से सभी मरीजों का निःशुल्क जनरल चेकअप किया गया। इसके साथ ही ब्लड प्रेशर (बीपी) और ब्लड शुगर की जाँचें भी पूरी तरह मुफ़्त की गईं, जिससे आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों को बड़ी राहत मिली।

**इनका रहा विशेष सहयोग**

इस स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन ऑल इज वेल हॉस्पिटल के संचालक कबीर चौकसे के दिशा-निर्देशन में किया गया। शिविर को सुचारू रूप से संचालित करने में गोकुल चंद्रमा जी मंदिर ट्रस्ट के मुखियाजी आदित्य शर्मा जी महाराज का विशेष सहयोग रहा। मंदिर प्रबंधन और स्थानीय नागरिकों ने अस्पताल की इस जनहितैषी पहल की सराहना की है।

## खेल टर्फ पर युवती से दुष्कर्म के प्रयास का मामला, शिकायत के बाद आरोपी गिरफ्तार कर जेल भेजा

**सनावद।** नगर के समीप ओंकारेश्वर-पुनासा बायपास स्थित नर्मदापुरम कॉलोनी के सामने बने खेल टर्फ से जुड़े एक मामले ने शहर में चर्चा का विषय बना दिया है। युवती की शिकायत के आधार पर पुलिस ने सनावद निवासी माहीन पिता जुनेद शेख के विरुद्ध बलात्कार संबंधी प्रकरण सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर आरोपी को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया है।जानकारी के अनुसार, हिंदू संगठनों के कार्यकताओं की सक्रियता के चलते मामला सामने आया। विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के कार्यकताओं ने पुलिस को सूचना देकर मौके पर बुलाया। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए युवक को हिरासत में लिया और पूछताछ शुरू की। बताया जा रहा है कि युवती को खेल टर्फ दिखाने के बहाने बुलाया गया था। घटना के समय युवती घबराई हुई थी और तत्काल बयान नहीं दे सकी। बाद में परिजनों एवं समाजजनों के साथ थाना पहुंचकर उसने अपना पक्ष रखते हुए आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की। इसके बाद पुलिस ने युवती के बयान के आधार पर प्रकरण दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।थाना प्रभारी धर्मेंद्र यादव के नेतृत्व में पुलिस द्वारा की गई त्वरित कार्रवाई की स्थानीय स्तर पर चर्चा हो रही है। वहीं घटना को लेकर विभिन्न हिंदू संगठनों में भी आक्रोश देखा जा रहा है।इधर, मामले के बाद कुछ नागरिकों द्वारा आरोपी के परिवार की संपत्ति को लेकर भी सवाल उठाए जा रहे हैं तथा इसकी जांच की मांग की जा रही है। हालांकि इस संबंध में फिलहाल किसी सक्षम एजेंसी द्वारा कोई आधिकारिक जांच प्रारंभ किए जाने की पुष्टि नहीं हुई है।

## रात की खामोशी में गूंजती गालियां, दहशत में मोहल्ला; रहवासियों ने पुलिस से लगाई गुहार

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ सनावद

इंदौर रोड स्थित गोस्वामी तुलसीदास मार्ग का माहौल इन दिनों कथित रूप से अशांत और भयग्रस्त बना हुआ है। क्षेत्र के रहवासियों ने थाना सनावद पहुंचकर एक व्यक्ति के खिलाफ लिखित शिकायत सौंपते हुए आरोप लगाया है कि वह आए दिन नशे की हालत में अपने मकान की बालकनी से देर रात तक ऊंची आवाज में गाली-गलौज करता है, जिससे पूरे मोहल्ले की शांति भंग हो रही है।

शिकायतकर्ताओं के अनुसार, रात 10 बजे से लेकर सुबह तक चलने वाले इस कथित हंगामे से महिलाएं असहज महसूस कर रही हैं, छोटे बच्चों पर भी विपरीत असर पड़ रहा है और राहगीरों में भय का वातावरण व्याप्त है। मोहल्लेवासियों का कहना है कि कई बार समझाइश देने के प्रयास किए गए, लेकिन हर बार बात संभलने के बजाय और बिगड़ती चली गई तथा समझाने वालों को भी कथित रूप से अपशब्दों और अभद्र व्यवहार का सामना करना पड़ा।

रहवासियों ने आशंका जताई है कि यदि समय रहते हस्तक्षेप नहीं हुआ तो कभी भी विवाद गंभीर रूप ले सकता है। आवेदन में पुलिस से मामले की निष्पक्ष जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने तथा संबंधित व्यक्ति के स्वास्थ्य परीक्षण और उपचार की दिशा में भी उचित कदम उठाने की मांग की गई है।

थाना सनावद में शिकायत प्राप्त होने के बाद अब क्षेत्रवासियों की निगाहें पुलिस की आगामी कार्रवाई पर टिकी हुई हैं।

## 25 जून को निर्जला एकादशी पर होगा श्री हरि चैतन्य धाम का भूमिपूजन

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खरगोन

निर्जला एकादशी 25 जून को परम सद्गुरु संत लक्ष्मण चैतन्य बापू के आशीर्वाद से श्री हरि चैतन्य धाम सतगुरु संत श्री लक्ष्मण चैतन्य बापूजी आश्रम का ए भूमि पूजन और शिलान्यास कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस भव्य आयोजन में संत महापुरुषों के दर्शन व आशीर्वचन का लाभ मिलेगा ।देशभर से हजारों की संख्या में भक्तजन शामिल होंगे।

आयोजन समिति से जुड़े करण चैहान ने बताया कि सुबह 10 बजे वैदिक आचार्यों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भूमि पूजन होगा। सुबह 11 से 1 बजे संत समागम में महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश से पधारे संत महापुरुषों के आशीर्वचन होंगे। दोपहर 1 बजे महाआरती के बाद श्रद्धालुओं के लिए फलाहार प्रसादी वितरण कि जाएगी। अखिल भारतीय चैतन्य साधक भक्त परिवार के अनुसार, यह धाम सिर्फ मंदिर नहीं, बल्कि संस्कार, सेवा और साधना का त्रिवेणी संगम बनेगा। आने वाली पीढ़ियों को यह धाम भारतीय संस्कृति और सनातन मूल्यों से जोड़ने का काम करेगा। समिति ने आह्वान किया है कि हर धर्म प्रेमी परिवार इस पुण्य कार्य में सहयोग करे। आपके सहयोग की एक-एक ईंट से चैतन्य धाम बनेगा।

## बच्चों को गर्मी में राहत देने और फीस वृद्धि पर रोक की मांग को लेकर कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खंडवा

मानसून की देरी, भीषण गर्मी और निजी स्कूलों द्वारा बढ़ाई गई फीस के विरोध में शनिवार 20 जून को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गांधी भवन से रैली निकालकर जिला कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया। इस दौरान जिलाधीश के नाम सिटी मजिस्ट्रेट बजरंग बहादुर को ज्ञापन सौंपा गया।

जिला कांग्रेस प्रवक्ता प्रेमांशु जैन ने बताया कि ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई कि प्रदेश में मानसून के आगमन में देरी और लगातार पड़ रही भीषण गर्मी के कारण स्कूली बच्चों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गर्म मौसम का बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। इसलिए स्कूलों के संचालन की तिथि बढ़ाकर 1 जुलाई से किए जाने के आदेश जारी किए जाएं, ताकि विद्यार्थियों को राहत मिल सके।

ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष इमरान गौरी ने नए शैक्षणिक सत्र में निजी स्कूलों द्वारा की गई अत्यधिक फीस वृद्धि का भी मुद्दा उठाया। नेताओं ने कहा कि फीस बढ़ोतरी से अभिभावकों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है और वे बच्चों के भविष्य को लेकर चिंतित हैं। प्रशासन को फीस वृद्धि पर नियंत्रण के लिए प्रभावी कदम उठाने चाहिए।

इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विशाल जैन ने आरोप लगाया कि खंडवा का शिक्षा विभाग प्रभारी अधिकारियों के भरोसे संचालित हो रहा है। जिले में जिला शिक्षा अधिकारी का पद स्थायी रूप से भरा जाना चाहिए। इसके अलावा शहर के कई मह ।विद्यालय भी प्रभारी प्राचार्यों के भरोसे चल रहे हैं, जिससे शिक्षा व्यवस्था प्रभावित हो रही है। श्री जैन ने कहा कि पोलोटेक्निक कॉलेज के प्राचार्य प्रभारी आईटीआई कॉलेज के प्राचार्य भी प्रभारी के भरोसे चल रहे है । जन जाति विभाग के सहायक आयुक्त का भी पद प्रभारी के भरोसे चल रहा है।

## सूरजकुंड वार्ड को मिली नवीन पेयजल पाइप लाइन की सौगात, महापौर अमृता अमर यादव ने किया निरीक्षण

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खंडवा

शहर की पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ एवं जनसुविधाओं को बेहतर बनाने की दिशा में महापौर अमृता अमर यादव द्वारा लगातार विकास कार्य कराए जा रहे हैं। इसी क्रम में सूरजकुंड वार्ड में नवीन पेयजल पाइप लाइन निर्माण कार्य की सौगात क्षेत्रवासियों को प्रदान की गई। महापौर यादव ने मौके पर पहुंचकर निमार्णाधीन कार्य का निरीक्षण किया तथा गुणवत्ता एवं प्रगति का अवलोकन किया।

निरीक्षण के दौरान महापौर ने वार्डवासियों से संवाद कर पेयजल व्यवस्था से संबंधित समस्याओं एवं सुझावों की जानकारी ली। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्य को पूरी गुणवत्ता एवं पारदर्शिता के साथ निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किया जाए, जिससे नागरिकों को बेहतर एवं निर्बाध पेयजल सुविधा उपलब्ध हो सके।

महापौर अमृता अमर यादव ने कहा कि नगर निगम का लक्ष्य प्रत्येक नागरिक तक मूलभूत सुविधाओं को बेहतर स्वरूप में पहुंचाना है। नवीन पेयजल पाइप लाइन के निर्माण से सूरजकुंड वार्ड में जल आपूर्ति व्यवस्था मजबूत होगी तथा क्षेत्रवासियों को स्वच्छ एवं पर्याप्त पेयजल उपलब्ध हो सकेगा।

क्षेत्रवासियों ने इस महत्वपूर्ण जनहितैषी कार्य के लिए महापौर अमृता अमर यादव का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में वार्ड में विकास कार्यों को नई गति मिली है और पेयजल जैसी मूलभूत सुविधा के क्षेत्र में यह एक बड़ी सौगात है।

इस अवसर पर एमआईसी सदस्य सोमनाथ काले,राजेश यादव, क्षेत्रीय पार्षद संतोष सारवान, राधेश्याम उपाध्याय, , वेद प्रकाश मालाकार, सहायक यंत्री संजय शुक्ला, राजेश गुप्ता, प्रशांत पंछोरे सहित नगर निगम के अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# गौ सम्मान आह्वान अभियान की दूसरे चरण की बैठक सम्पन्न

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मंडलेश्वर

नगर के स्थानीय जूना श्रीराम मंदिर में गौ सम्मान अभियान की दूसरे चरण की बैठक आदरणीय महंत संत श्री विजय रामदास जी महाराज ( गुलावड़) और श्री श्री सीताराम शिव संकल्प संस्थानम के संस्थापक आदरणीय कथावाचक पंडित श्री पंकज मेहता जी ( गुरुजी ) के सानिध्य में बैठक रखी गई।

बैठक में सर्वप्रथम दीप प्रज्वलित कर गौ माता की मूर्ति का पूजन और माल्यार्पण आदरणीय संत एवं कथावाचक जी द्वारा किया गया महंत संत श्री विजय रामदास जी महाराज का स्वागत कथावाचक पंडित श्री पंकज मेहता जी ने किया बैठक को संबोधित करते हुए श्री विजय रामदास जी महाराज ने कहा कि हम वह सौभाग्यशाली पीढ़ी है जिसने 500 सालों के बाद अयोध्या में श्री राम मंदिर बनते हुए देखा जिसमें रामल्ला विराजित है हमारे पूर्वजों ने कई संघर्ष किये है कई बलिदान दिये वो आज जहां भी होंगे बड़े प्रसन्न होंगे जिसके बाद हमें यह सौभाग्य प्राप्त हुआ जब से विधर्मी शक्तियां हमारे देश में आई हैं गौ माता पर अत्याचार हो रहा है उसको उचित सम्मान और सेवा नहीं मिल रहा है हम लोग प्रयास कर रहे हैं एक हजार वर्ष हो गए हैं अब हमें यह मौका मिला है की हम इस अभियान मैं हिस्सा लेकर गौ माता को सम्मान दिला सके आजादी के ७८ वर्षों के बाद भी अगर गौ माता को उचित सम्मान नहीं मिल पा रहा है तो यह उचित नहीं है गाय कोई आवारा पशु नहीं है गाय हमारी पूजनीय है गाय हमारी संस्कृति का हिस्सा है इस अभियान का कोई प्रमुख नहीं है गौ माता के सम्मान के लिए सभी संतो ने चिंतन ,मनन कर मिलकर यह निर्णय लिया है।

इस अभियान के प्रधान संरक्षक वेदलक्षणा गौ माता ( आद्यशक्ति मां सुरभि ) और अध्यक्ष नंदीबाबा (निलमणि वृषभदेव) है। इस अभियान को पांच चरणों में पूर्ण किया जाएगा। प्रथम चरण में 27 अप्रैल 2026 को भारत में 5 हजार से अधिक तहसीलों में 5 करोड़ से अधिक हस्ताक्षर एवं प्रत्येक तहसील के हजारों गौ भक्तों एवं संतों के साथ मिलकर तहसीलदार या एस डी एम को माननीय राष्ट्रपति महोदय,प्रधानमंत्री महोदय, राज्यपाल महोदय, मुख्यमंत्री महोदय के नाम गौ सेवा को सुरक्षा और को सम्मान के निमित्त प्रार्थना पत्र दिए गए हुए। पंडित श्री पंकज मेहता ने कहा कि जिस देश में सनातन का सम्मान किया जाता है ऐसे ही गौ माता के सम्मान किया जाना चाहिए अभियान के लिए जितनी भी संस्थाएं ,सनातनी जुड़े है भगवत इच्छा ही प्रकट हुई है भगवान की प्रेरणा से ही हो रहा है परंतु यह लोकतंत्र से होगा इसलिए यह गौ सम्मान आह्वान अभियान चलाया जा रहा है बैठक में मंडलेश्वर नगर के सभी 15 वार्डों में और आसपास क्षेत्र श्रीनगर, लक्ष्मीनारायण कॉलोनी, शांति नगर, विष्णु विहार ,ग्रीन पार्क कॉलोनी, मां नर्मदा विहार कॉलोनी और सभी जगह अभियान प्रमुख बनाए गए हैं जो अपने-अपने वार्ड में अभियान का काम करेंगे बैठक में किशोर सिंह ठाकुर, मनोज केवट, दीपक तोमर, राजेश्वर पाटीदार, पवन दरबार ,हरि प्रसाद अग्रवाल ,लोकेश केवट, श्रीराम पाटीदार ,वैदेवी सखी एवं हिंदू संगठनों के साथ नगर के गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

## न्यूज -कॉलम

### अपहरण-दुष्कर्म में आरोपी भोपाल से गिरफ्तार



**उज्जैन।** महिदपुर से 2 माह पहले लापता हुई बालिका को 18 जून को पुलिस ने भोपाल से दस्तयाब किया था। बालिका को कमल पिता मांगू बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया था और गलत काम किया था। जिसे गिरफ्तार कर पास्को एक्ट का प्रकरण दर्ज कर कोर्ट में पेश कर जेल भेजा गया था। बालिका के बयान दर्ज करने पर सामने आया था कि कमल ने उसे भोपाल में लखन उर्फ राजू पिता लालजीराम मोंगिया के मकान में रखा था। लखन द्वारा कमल का पूरा सहयोग किया जा रहा है। महिदपुर थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने बताया कि बालिका के बयान दर्ज करने के बाद अपहरण और दुष्कर्म में सहयोग करने वाले लखन को आरोपी बनाया गया था। जिसकी तलाश में एक टीम भोपाल भेजी गई थी। शनिवार रात उसे गिरफ्तार कर बड़नगर लाया गया। जिसे पूछताछ के बाद रविवार दोपहर कोर्ट में पेश कर जेल भेजा गया है।

### आंध्रप्रदेश से परिवार के आने पर कराया पोस्टमार्टम

**उज्जैन।** महाकाल दर्शन करने शनिवार को उज्जैन आये श्रीकुमल आंध्रप्रदेश के युवक नेटी मणिकांता की वापस इंदौर लौटते समय देवासरोड प्रेमनगर ब्रिज के नीचे कार का टायर फटने पर डिवाइडर से टकराने के बाद मौत हो गई थी। हादसे में उसका पार्टनर ओमप्रकाश धाकड़ निवासी इंदौर और कार चालक बालकिशन घायल हो गये थे। नागझिरी थाना पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर मृतक के परिजनों को सूचना दी थी। रविवार सुबह फ्लाइट और बस के रास्ते उज्जैन पहुंचा। पुलिस ने परिवार की मौजूदगी में पोस्टमार्टम कराया। एएसआई द्वारिका प्रसाद ने बताया कि परिजनों से पूछताछ में सामने आया कि मणिकांता बीज का कारोबार करता था। वह इंदौर में रहने वाले पार्टनर ओमप्रकाश से मिलने आया था। जहां से दोनों कार चालक के साथ महाकाल दर्शन करने आये थे। पोस्टमार्टम के बाद पुलिस द्वारा शव परिजनों को सौंपा गया। जिसे अंतिम संस्कार के लिये आंध्रप्रदेश ले जाया गया है।

### विवाद होने पर 2 दोस्तों ने पत्थरों से किया हमला

**उज्जैन।** गुना का रहने वाला हक्कूराम पिता बैजनाथ 33 साल उज्जैन दूधतलाई स्थित रैन बसेरा में रहकर पेंटरी का काम कर रहा है। शनिवार रात वह मिस्त्री का काम करने वाले 2 दोस्त दीपक और धर्मेन्द्र के साथ शराब पीने के लिये आगररोड गरोठ ब्रिज के आगे पहुंचा था। जहां शराब पीने के दौरान हक्कूराम का दोस्तों से विवाद हो गया। दोस्तों ने पत्थरों से हमला कर उसका सिर फो? दिया और मौके से भाग निकले। घायल को लोगों की मदद से चरक अस्पताल पहुंचाया गया। मामले की सूचना मिलने पर चिमनगंज थाना पुलिस बयान दर्ज करने पहुंची। इस दौरान पता चला कि घायल पत्थरों से हमला करने वालों को नाम से पहचानता है, कहां रहने है, इसकी जानकारी नहीं है।

### हिरासत में आते ही उतरी युवक की आशिकी

**उज्जैन।** घट्टिया तहसील के सलामता में रहने वाले गोविंद पिता रघुनाथ की पुलिस हिरासत में आते ही एकतरफा आशिकी उतर उतर गई। थाना प्रभारी करण खोवाल ने बताया कि आरोपित ग्राम झीतरखे?ी में रहने वाली युवती के साथ प?ाई करता था। युवती ग्रेज्युशन करने के लिये बाहर चली गई। गोविंद जेसीबी चलाने लगा। ग्रेज्युशन के बाद युवती की परिवार ने विजयागंजमंडी में शादी कर दी। लेकिन एकतरफा आशिकी में डूबे गोविंद की हरकते कम नहीं हुई। उसने युवती को फोन कॉल कर परेशान करना शुरू कर दिया। मायके आने पर उसके साथ छेड़छाड़ का प्रयास किया। यहीं नहीं कुछ दिन पहले उसने युवती के घर पथराव भी कर दिया था। युवती के परिवार ने मामले की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए ग्राम सलामता में दबिश देकर युवक को हिरासत में लिया। जिसकों सलाखों में बंद करते ही आशिकी उतर गई। थाना प्रभारी के अनुसार उसके खिलाफ वैधानिक कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया गया था, जहां से न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।

### न्यूनतम तापमान में आई 3.5 डिग्री की गिरावट

**उज्जैन।** शनिवार को मानसून की झमाझम के बाद 84.6 मि.मी. बारिश दर्ज की गई। 3 इंच से अधिक हुई बारिश से मौसम पूरी तरह बदल गया। गर्मी-उमस से राहत मिली, वहीं तापमान में भी गिरावट आ गई। शनिवार-रविवार रात न्यूनतम तामपान 3.5 डिग्री कम हुआ और 22.5 डिग्री दर्ज हुआ। रविवार को बारिश थमी होने पर अधिकतम तापमान 36 डिग्री रहा।

### मोहपुरा ब्रिज के पास हादसा, गाड़ी छोड़ भागा चालक....

# बाइक से भिड़ी तूफान, 2 दोस्तों की थमी सांस

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

नागदा-उन्हेल मार्ग मोहनपुरा ब्रिज के पास रविवार को हादसा हो गया। तेजगति से दौड़ती तूफान सीधे बाइक से जा भिड़ी। बाइक सवार 2 दोस्तों की मौके पर मौत हो गई। घटनाक्रम के बाद चालक तूफान गाड़ी छोड़ भाग निकला। पुलिस चालक का पता लगा रही है।






महाकाल थाना एएसआई शंकरलाल कन्नोजिया ने बताया कि मोहनपुरा ब्रिज के पास हुई दुर्घटना की खबर मिलते ही पुलिस पहुंच गई थी। घटनास्थल पर बाइक सवार 2 युवकों की मौत होना सामने आया। लोगों ने बताया कि भैरवगढ़ से आ रही तूफान गाड़ी क्रमांक एमपी 09 बी डी 6033 ने दोनों को सीधी टक्कर मारी थी। घटनाक्रम के बाद चालक गाड़ी छोड़कर भागा है। दोनों मृतकों की पहचान के प्रयास शुरू किये गये, तभी वहां एकत्रित हुए कुछ लोगों ने बताया कि दोनों मुरलीपुरा के रहने वाले किशन उर्फ विशाल पिता रमाभरण बोरासी 26 साल और विक्रम पिता मदनदास बैरागी 38 साल है। दुर्घटना की सूचना मिलते ही परिजन भी घटनास्थल पहुंच गये थे। दोनों के शव पोस्टमार्टम के लिये चरक अस्पताल भेजे गये। जहां सामने आया कि दोनों दोस्त थे और मजदूरी करते थे। सुबह बाइक से मजदूरी के लिये निकले थे। एएसआई कन्नोजिया के अनुसार दुर्घटना से स्थल से तूफान गाड़ी को जप्त कर लिया गया है। नम्बर के आधार पर चालक का पता लगाया जा रहा है। दोपहर में मृतकों के पोस्टमार्टम कराकर शव अंतिम संस्कार के लिये परिजनों को सौंपे गये। बताया जा रहा है कि दोनों की अंतिम यात्रा एक साथ निकाली गई।

चार पहिया वाहनों से हर दिन दुर्घटना शहर में पिछले कुछ समय से चार पहिया वाहनों से सड़क दुर्घटना के मामले लगातार सामने आ रहे है। हर 4 से 5 दिन में मौत होना और प्रतिदिन घायल लोग अस्पताल पहुंच रहे है। पुलिस प्रशासन द्वारा पूर्व में ब्लैक स्पॉट चिन्हित कर सुरक्षा के इंतजाम किये थे, जहां दुर्घटना का ग्राफ कम हो गया, लेकिन अन्य मार्गो पर आये दिन मामले सामने आ रहे है। चार पहिया वाहन रफ्तार का नियंत्रित नहीं कर पा रहे है। जिसके चलते कई लोगों के घरों का चिराग बुझ रहा है। वाहन चालकों को मार्गो पर वाहन की गति को नियंत्रत करना होगा, तभी दुर्घटनाओं का ग्राफ कम होगा।

## दोपहर में शून्य हुई परछाई, 13:34 घंटे का रहा दिन

### आज से छोटे होने लगेगें दिन, 3 माह बाद दिन-रात होगें बराबर

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

रविवार को साल का सबसे बड़ा दिन गुजरा, दिन की अवधि 13 घंटे 34 मिनट की रही। सबसे खास वजह यही रही कि दोपहर 12 बजकर 28 मिनट पर परछाई शून्य हो गई। खगोलीय घटना को देखने और समझने के लिये कई लोग शासकीय जीवाजी वेधशाला पहुंचे।

सूर्य के चारों और पृथ्वी के घूमने पर पूरे वर्ष कई खगोलीय घटनाएं सामने आती है। 21 जून रविवार को भी खगोलीय नजारा दिखाई दिया। दोपहर 12 बजकर 28 मिनट पर कुछ देर के लिये परछाई गायब हो गई। वैज्ञानिक दृष्टि से इसे शून्य दिवस कहा जाता है। परछाई के शून्य होने के साथ ही दिन की अवधि 13 घंटे 34 मिनट की रही। जीवाजी वेधशाला अधीक्षक डॉ. राजेन्द्र प्रसाद गुप्त ने बताया कि पृथ्वी के सूर्य के चारों ओर घूमने (परिक्रमण) के कारण सूर्य कर्करेखा से मकर रेखा के बीच गति करता दृष्टिगोचर होता है। इस स्थिति में सूर्य 21 जून रविवार को उत्तरी गोलार्द्ध में कर्करेखा पर लम्बवत हुआ। इस दिन सूर्य की क्रान्ति 23 अंश 26 कला 15 विकला उत्तरा रही। उज्जैन कर्करेखा के नजदीक स्थित है। दोपहर 12



बजकर 28 मिनटपर सूर्य, कर्करेखा पर पूरी तरह लम्बवत होते ही परछाई कुछ समय के लिए शून्य हो गई। सायन गणना के अनुसार 21 जून को सूर्य ने कर्क राशि में प्रवेश किया है। परछाई के शून्य होने के साथ खगोलीय घटना में रविवार को दिन की अवधि भी सबसे लम्बी रही। सूर्य के उत्तरी स्थिति कर्करेखा पर होने के कारण उत्तरी गोलार्द्ध में दिन सबसे बड़ा रहा। वहीं रविवार-सोमवार की रात सबसे छोटी रहेगी। जिसकी अवधि 10 घंटे 26 मिनट होगी। रविवार को हुई खगोलीय घटना को वेधशाला पर शंकु यंत्र के माध्यम से देखने के लिये कई लोग पहुंचे थे। जिन्हे पूरी घटना की जानकारी पर्यवेक्षक दीपक गुप्ता द्वार दी गई।

**आज से रात की अवधि होगी लम्बी**-वेधशाला अधीक्षक के अनुसार रविवार को सूर्य की गति दक्षिण की ओर दृष्टिगोचर होने पर इसे दक्षिणायान का प्रारंभ कहते है। सोमवार (आज) से उत्तरी गोलार्द्ध में दिन धीरे-धीरे छोटे होने लगेगें और रात की अवधि लम्बी होगी। यह क्रम 3 माह 22 सितंबर तक बना रहेगा। 23 सितंबर को दिन-रात की अवधि बराबर हो जायेगी।

## उज्जैन के 5 गांवों को राहत देने के लिए 15 दिन लगा बोमा हटाया, खर्च आया 10 लाख

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

शाजापुर की तर्ज पर उज्जैन तहसील मुख्यालय पर लगाया गया बोमा नीलगायों को पकडने में नाकामयाब रहा है। 15 दिन लगाए गए बोमा को अंततः निकाल लिया गया है। इन 15 दिनों में मात्र 7 नीलगाय पकडाई है। इस पर करीब 10 लाख से अधिक का खर्च आना सामने आ रहा है। जिसमें से 6 ग्रामीणों ने पकड कर वन विभाग को सौंपी और एक गाय बोमा में आई थी। गांधी सागर अभ्यारण्य एवं कूनों राष्ट्रीय पार्क से मंगवाए गए ट्रक यहां से खाली लौटे हैं।

नीलगायों की समस्या से कृषकों को निजात दिलाने के लिए उज्जैन वन विभाग ने उज्जैन तहसील के ग्राम बृजराजखेडी में 5 गांवों में मौजूद नीलगायों को पकडने के लिए 1 जून को बोमा लगाया गया था। असफलता की स्थिति में जिसे 15 जून के उपरांत निकाल लिया गया।



**15 दिन में कई प्रयास नाकामयाब**- 15 दिनों में वन विभाग के करीब 6 दर्जन से अधिक कर्मचारी अधिकारी,पशु चिकित्सक इस पूरे रेस्क्यू आपरेशन में लगे रहे। इनके साथ ही पांच गांव में शामिल छायन ,करोहन, राधौपिपलिया क्षेत्र के करीब 300 कृषकों ने भी इनका साथ दिया ,लेकिन पूरे आपरेशन को नाकामयाबी ही मिली है। नीलगायों को बोमा से पकडने के बाद राष्ट्रीय पार्क कूनो एवं गांधी सागर अभ्यारण्य में भेजने की तैयारी के लिए वहां से वन्य जीवों के ट्रांसलोकेशन के बडे ट्रकों को कर्मचारियों के साथ बुलवाया गया था जिन्हें भी खाली स्थिति में ही भेजा गया है। गांधी सागर से इस आपरेशन के लिए आधा दर्जन से अधिक कर्मचारी आए थे। कुनों से 4 कर्मचारी ट्रक के साथ यहां पहुंचे थे। इसके अतिरिक्त शाजापुर एवं राजगढ जिला वन विभाग कर्मियों ने भी आपरेशन में हिस्सेदारी की थी।उज्जैन एवं तराना रेंज के कर्मचारियों को भी इसमें लगाया गया था।

**वाहनों में डीजल फूंका 2 लाख का**-इस पूरे आपरेशन को अंजाम देने में विभाग ने करीब 2 लाख से अधिक का वाहनों में डीजल फुंक दिया । पंद्रह दिनों में किए गए प्रयासों में ग्रामीणों को तडके से हांका लगाने के लिए एकत्रित किया गया और विभाग के निर्देशानुसार काम करवाया गया । इसके बाद भी 7 नीलगायें ही पकडाई है। इनमें से 6 नीलगाय ग्रामीणों ने अपने-अपने क्षेत्रों से पकड कर वन विभाग को सौंपी हैं और एक नीलगाय इस दौरान बोमा में आई है।

**ये कारण आ रहे सामने**- शाजापुर ,कालापीपल क्षेत्र में जंगल क्षेत्र होने से नीलगायों को बोमा क्षेत्र में घेरने में समय नहीं लगा। इसके साथ ही वहां हेलीकाप्टर का उपयोग किए जाने से नीलगायों की लोकेशन एवं उनके बैठने के स्थानों को जल्द ही खोज लिया गया। इसकी अपेक्षा उज्जैन में जहां बोमा लगाया गया था वो पूरा क्षेत्र मैदानी था। फसल नहीं होन के कारण खेत पूरी तरह से खाली रहे और नीलगायों को हाका के दौरान घेरने में भी यही परेशानी रही कि एक बडा क्षेत्र उन्हें मिलने पर उन्होंने स्वतंत्र क्षेत्र में दौड लगा दी एवं दो तीन प्रयासों के बाद नीलगायों ने क्षेत्र ही छोड दिया और वहां से कई किलोमीटर दूर पहुंच गई। विभाग ने नीलगायों को वापस घेरने के लिए अन्यानेक प्रपंच भी किए लेकिन हर प्रयास नाकाफी ही रहा है।


**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार द्वारा भूमि स्वामी किशनलाल पिता लक्ष्मण निवासी-कालूहेडा तहसील घट्टिया जिला उज्जैन से इनके स्वामित्व एवं आधिपत्य कि कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 460/1 रकबा 0.5300 हैक्टर मे से 0.2650 हैक्टर स्थित ग्राम कालूहेडा तहसील घट्टिया जिला उज्जैन में स्थित सिंचित कृषि भूमि है। को क्रय करने का सौदा उपरोक्त भूमि स्वामी से तय किया है तथा आंशिक राशि अदा कर दी है तथा शीघ्र ही विक्रय पत्र संपादित कराने के पक्ष में है। यदि उक्त भूमि के विक्रय को लेकर किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निकाय, सोसायटी, साहूकार आदि को किसी भी प्रकार की कोई उज्ज आपत्ति हो या किसी भी प्रकार का कोई अन्य क्लेम आदि हो अथवा ऋण, भार बकाया हो अथवा यह सम्पत्ति किसी के पक्ष में रहन हो अथवा किसी के पक्ष में कोई अनुबंध पत्र या इस भूमि स संबंधित मुख्त्यारनामाआम या मुख्त्यार नामा खास हो तो ऐसी उज्ज आपत्ति इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 07 दिवस अंदर मुझे मेरे कार्यालय में लिखित रूप से मय प्रमाण के आपत्ति दर्ज करा लेवे। अवधि व्यतीत होने के पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी। सूचित हो। इति दिनांक 21.06.2026

**रविन्द्र सिंह रावत**
**(सर्विस प्रोवाईडर)**
**2, त्रिवेदी कॉलोनी,**
**गोपालपुरा ब्रिज के पास**
**मक्सी रोड़, उज्जैन,**
**मो. 8770368336**


## शेयर मार्केट में मुनाफे का झांसा देकर ठगे 10.90 लाख



**उज्जैन।** शेयर मार्केट में मुनाफे का झांसा देकर साफ्टवेयर इंजीनियर के साथ शातिर बदमाशों द्वारा ऑनलाइन ट्रांजेक्शन कराकर 10.90 लाख की ठगी कर ली। बदमाशों ने तमिलनाडू सहित अन्य राज्यों के खातों में राशि का ट्रांजेक्शन कराया था। नीलगंगा थाना पुलिस ने मामले में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की है।

एसआई मनोहर बडोदिया ने बताया कि विवेकानंद कालोनी में रहने वाले विकास पिता राजकुमार त्रिवेदी बैंगलूर की हेल्थ केयर कंपनी में साफ्टवेयर इंजीनियर है। अप्रैल माह में शेयर मार्केट में इंवेस्ट के लिये उन्होने जानकारी प्राप्त की। इस दौरान एक कंपनी से उनका संपर्क हुआ। ऑनलाइन और मोबाइल पर जानकारी लेने पर उन्हे बताया कि मुनाफा सौ प्रतिशत होगा। लेकिन मुनाफे में से 40 प्रतिशत कंपनी को देना होगा। 60 प्रतिशत तुम्हे मिलेगा। विकास त्रिवेदी बातों में आ गये और इवेंटमेंट शुरू कर दिया। शुरूआती दिनों में उन्हे मुनाफा मिला, जो प्राप्त हुआ। तथाकथित शेयर मार्केट कंपनी उनसे अलग-अलग खातों में ट्रांजेक्शन करने लगी। विकास त्रिवेदी ने अप्रैल से मई माह के बीच 10 लाख 90 हजार का ट्रांजेक्शन कर दिया। बडी राशि हाथ लगते ही मुनाफा देने वालों से संपर्क बंद कर दिया। उनके खाते में 60 प्रतिशत राशि आना भी बंद हो गई। अपने साथ धोखाधडी का आभास होने पर उन्होने मामले की शिकायत थाने आकर दर्ज कराई। प्रारंभिक जानकारी के बाद सामने आया कि कुछ राशि तमिलनाडू के खाते में गई है। वहीं शेष राज्य अन्य राज्यों में संचालित बैंक खातों में ट्रांसफर हुई है। जिसकी जानकारी बैंकों के माध्यम से प्राप्त कर आरोपियों का पता लगाने का प्रयास किया जायेगा। शेयर मार्केट के नाम होने वाली ऑनलाइन धोखाधडी को लेकर पुलिस प्रशासन लगातार लोगों को जागरूक करने के साथ सर्तक कर रहा है, बावजूद लोग मुनाफे के लालच में अपनी कमाई और जमापूंजी गवां रहे है।

## परिवार लौटा तो फंदे पर लटका मिला युवक

**उज्जैन।** रिश्तेदारी में आयोजित कार्यक्रम में गया परिवार रविवार शाम वापस लौटा तो उन्होने युवक को फंदे पर लटका देखा। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। घटनास्थल की जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिये अस्पताल भेजा गया।

पंवासा थाना पुलिस ने बताया कि शंकरपुर में रहने वाला बागाना परिवार रिश्तेदारी में कार्यक्रम होने पर सुबह गया था। शाम को घर लौटा तो परिवार का अरविंद पिता हिरालाल बागाना रस्सी के फंदे पर लटका दिखाई दिया। परिवार ने मामले की सूचना पुलिस को दी। घटनास्थल पर जांच के बाद शव फंदे से उतारा गया और मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम के लिये भेजा गया। सोमवार सुबह परिजनों के बयान दर्ज कर पोस्टमार्टम कराया जायेगा। पुलिस के अनुसार घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। जानकारी सामने आई कि मृतक शराब पीने का आदी था और परिवार के साथ रिश्तेदारी में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने नहीं गया था।

**सीढियों से गिरे युवक की मौत**

पंवासा थाना क्षेत्र की मक्सीरोड उद्योगपुरी क्षेत्र में आई आटोस् कंपनी में काम करने वाला सुनील पिता राधेश्याम सोलंकी 24 साल निवासी अतिरिक्त विश्वबैंक कालोनी काम करते समय सीढियों से गिरकर घायल हो गया था। उसे उपचार के लिये निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां उपचार के दौरान रविवार शाम मौत हो गई। सोमवार को पोस्टमार्टम कराकर जांच शुरू की जायेगी।


**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकार श्रीमती संगीता पति भेरूलाल पुत्री जयराम सिंह निवासी ग्राम हरसोद खुर्द तहसील बड़नगर जिला उज्जैन के पिता जयराम सिंह की कृषि भूमि सर्वे नंबर 26 स्थित ग्राम भीतर खेड़ी तहसील घटिया जिला उज्जैन में है जिसको मूलचंद पाटीदार द्वारा फर्जी बटवारा पंजी तैयार करवा कर सर्वे नंबर 26 बाय 11 व सर्वे नंबर 26 बाय 2 तथा सर्वे नंबर 26 की 3 अंकित करवरकर मूलचंद पाटीदार व उसके परिवार के सदस्य विक्रय करने का प्रयास कर रहे हैं कोई भी व्यक्ति या संस्था मूलचंद पाटीदार निवासी ग्राम भीतर खेड़ी तहसील घटिया जिला उज्जैन से सर्वे नंबर 26 41 व सर्वे नंबर 26 बाय 2 तथा सर्वे नंबर 26 की 3 कृषि भूमि स्थित ग्राम क्षेत्र खेड़ी तहसील घटिया जिला उज्जैन से करे ना करें इसके संबंध में न्यायालय अनु विभागीय अधिकारी घटिया जिला उज्जैन में विचाराधीन है अगर किसी भी व्यक्ति या संस्था द्वारा कोई अनुबंध विक्रय पत्र या बंधक कार्यवाही की तो वह मेरे पक्षकार पर बंधन करी नहीं होगी किसी को कोई जानकारी प्राप्त करना हो तो मेरे पक्षकार से या मुझसे संपर्क कर सकता है सूचित हो दिनांक 21-06-2026

**प्रताप सिंह रावत एडवोकेट**
**कार्यालय 67 गिरधर कुंज लंगर पेट्रोल पंप के पास**
**देवास रोड उज्जैन मो. 94250 93103**



**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार ने भूखण्डस्वामीगण 1-ललित भावसार पिता स्व. श्री हजारीलाल जी आवसार 2-राजेश कुमार आवसार पिता स्व. श्री हजारीलाल जी भावसार 3-नवीन कुमार भावसार पिता स्व. श्री हजारीलाल जी भावसार 4-श्रीमती वंदना भावसार पुत्री स्व. श्री हजारीलाल जी भावसार के लीजहोल्ड् स्वामित्व, स्वत्व एवं आधिपत्य का भूखण्ड क्रमांक सी-1/14 उज्जैन विकास प्राधिकरण उज्जैन की महाकाल वाणिज्यिक सह आवासीय सेक्टर सी योजना उज्जैन में स्थित है। भूखण्ड भाग का कुल क्षेत्रफल 150.00 वर्गमीटर है। जिसकी चर्तुः सीमा उत्तर/पूर्व में भूखंड क्रमांक सी-1/15, दक्षिण पश्चिम में भूखंड क्रमांक सी-1/13, पश्चिम उत्तर में भूखंड क्रमांक सी-1/3 एंव सी-1/2, पूर्व/दक्षिण में -9-00 मीटर चौड़ी सड़क है। उक्त संपति को मेरे पक्षकार ने क्रय करने का लिखित सौदा कर लिया है, तथा आंशिक बयाना राशि अदा कर दी है। अतः उक्त वर्णित संपत्ति पर किसी भी बैंक, पेढी, निगम, वित्तीय संस्था आदि का कोई ऋण, आर, बकाया हो, उक्त वर्णित संपत्ति में किसी अन्य का कोई हक, हित, हिस्सा व सुखाधिकार हो या इस विक्रय बाबत किसी को कोई आपत्ति आदि हो, अन्य उत्तराधिकारी/वारिस संबंधी आपत्ति आदि हो तो वह इस जाहिर सूचना से 7 (सात) दिवस के अंदर अपनी आपति मय लैखौ प्रमाण सहित मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करे। ताकि उसका उचित निराकरण किया जा सके अन्यथा मियाद गुजरने पश्चात मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त वर्णित संपत्ति के विक्रय पत्र निष्पादित व पंजीयन करवा लेवेगे व किसी की कोई आपति आदि मान्य नहीं होगी। सो सूचित हो। इति दिनांक 21-06-2026 स्थान उज्जैन

**गौरव गौदावत ( जैन ) एडव्होकेट**
**दुकान नंबर -डीएफ-7 भरतपुरी शांपिंग काम्पलेक्स,**
**देवास रोड उज्जैन मो. 99260-68606**

## जीवन का सबसे बड़ा बंधन



ओशो से एक कहानी सुनी- ख्वाजा मोहम्मद हाफिज एक पर्शियन सूफी मुर्शिद हुए। वह मशहूर शायर भी थे। उन्होंने एक नज्म लिखी थी, जो कुछ यूं थी कि तेरे गाल पर जो काला तिल है, उस पर मैं बुखारा और समरकंद निछावर कर दूं। बुखारा और समरकंद उज्बेकिस्तान के शहर हैं, जहां उन दिनों तैमूरलंग राज करता था। तैमूर ने सुना, तो हाफिज को दरबार में बुलवाया और पूछा, यह तुम क्या लिखते रहते हो, किसी लड़की को बुखारा और समरकंद दान कर दूं? ये क्या तुम्हारी मिल्कियत हैं? इन्हें मैंने अपनी तलवार की धार से बड़ी मुश्किल से जीते हैं। हफीज हंसने लगे। उन्होंने कहा, बुखारा और समरकंद न मेरी मिल्कियत हैं, न आपकी। आप आज हैं, कल चले जाएंगे। ये शहर यहीं रहेंगे। जो आपका नहीं, उसे आप अपना समझ रहे हैं। और दूसरी बात, यह कोई लड़की नहीं है, मेरी आशिकी तो मेरे खुदा से है। उसके लिए मैंने लिखा। जो भी है, उसी का है। ये शहर भी उसी के हैं। सो उसको ही भेंट कर देने में क्या हर्ज है? यह एक प्रतीक है, इसे प्रतीक की तरह ही लें। पता नहीं, तैमूरलंग ने यह सूफियाना बात समझी कि नहीं, पर इसका सार यही है कि जो अपना नहीं, उसे अपना मानना सबसे बड़ा बंधन है। यही सबसे बड़ी भ्रांति है, जिसके कारण हम सब हमेशा दुख उठाते हैं। चाहे चीजें हों या व्यक्ति, कोई किसी दूसरे के लिए पैदा नहीं हुआ। हर व्यक्ति अपने लिए जीता है, हर कोई मेहमान है। इसका अर्थ यह नहीं कि यह भाव उन्हें जीने का आनंद नहीं लेने देगा, उल्टे जितनी पकड़ कम होगी, उतना अधिक आनंद ले पाएंगे। जीवन से कोई शिकायत न हो, तो जो मिलता है, उसके प्रति आभार महसूस होगा।

**सम्पादकीय**

## शांति समझौते का भविष्य

अमेरिका और ईरान के बीच हुए शांति समझौते का भविष्य 48 घंटों के भीतर ही खतरे में पड़ता दिखाई दिया। इजराइल के लेबनान में हिजबुल्लाह के ठिकानों पर लगातार हमलों से क्रुद्ध ईरान ने स्विट्जरलैंड में होने वाली पहले ही दौर की शांति वार्ता में भाग लेने से इंकार कर दिया और होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से बंद कर दिया। होर्मुज बंद होने के बाद इस तरह की खबरें आ रही हैं कि इजराइल और लेबनान में युद्ध विराम लागू हो गया है लेकिन इजराइल ने रातभर लेबनान पर हमले जारी रखे। अमेरिका और ईरान में समझौता शांति और स्थिरता की कठिन राह पर पहला कदम है लेकिन इजराइल इस समझौते को स्वीकार करने को तैयार नहीं है। इसका बड़ा कारण यह है कि सभी पक्षों में भरोसे की कमी है। क्या अमेरिका ने इजराइल को विश्वास में नहीं लिया था डोनाल्ड ट्रम्प ने निर्धारित कार्यक्रम से एक दिन पहले ही हस्ताक्षर कर युद्ध से पीछा छुड़ा लिया है।

पश्चिम एशिया में अगर शांति की बजाय विध्वंस फिर से शुरू हुआ तो न केवल अमेरिका बल्कि पूरी दुनिया के लिए बड़ा संकट खड़ा हो जाएगा। अमेरिका और इजराइल न ईरान में सत्ता परिवर्तन करा सके और न ही उसकी परमाणु और मिसाइल क्षमताओं को पूरी तरह नष्ट कर पाए। अमेरिका ने जिन लक्ष्यों को लेकर युद्ध शुरू किया था, 108 दिन बाद उसकी प्राथमिकताएं बदल चुकी हैं। अब शांति समझौते का लक्ष्य होर्मुज को खुलवाना और अपनी नाकेबंदी हटाना तथा ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर बातचीत करना रहा। परायी जंग में खाड़ी देश भी अपने हाथ जलाने को तैयार नहीं हैं। अमेरिका को स्वयं खरबों का नुक्सान हो चुका है। इजराइल की आपत्ति के बावजूद ट्रम्प ने शांति समझौते पर हस्ताक्षर कर कूटनीतिक दृष्टिकोण अपनाया लेकिन नेतन्याहू समझौते को पलीता लगाने में तुले हुए हैं। ईरान ने होर्मुज जलमार्ग खोलने पर सहमति जता दी थी और तेल टैंकर निकलने भी शुरू हो गए थे लेकिन इजराइली हमलों ने फिर तनाव पैदा कर दिया। ईरान के इस मार्ग की निगरानी का प्रभार सम्भाल रहे प्राधिकरण ने नए दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं, जिसमें सभी जहाज संचालकों को अपना पंजीकरण कराने को कहा गया है।

इससे यह आशंका बढ़ गई है कि ईरान जहाजों से टोल वसूली की व्यवस्था शुरू कर सकता है। अगर ऐसा होता है तो तेल और गैस परिवहन की लागत बढ़ जाएगी। अब ट्रम्प नेतन्याहू पर दबाव बना रहे हैं और उनका दबाव काम कर रहा है।

**50वां पुण्य स्मरण (22 जून 2026)**

## भारत की आजादी के शुभ मुहूर्त-प्रदाताः पं. सूर्यनारायण व्यास

भारतीय सभ्यता में समय-समय पर ऐसे व्यक्तित्व उभरे हैं जिनकी प्रतिभा को किसी एक दायरे में बांधना मुश्किल है। पं. सूर्यनारायण व्यास ऐसे ही एक नाम हैं। उज्जैन की धरती से निकले इस ज्योतिषाचार्य, क्रांतिकारी, साहित्यकार, पत्रकार और पुरातत्त्ववेत्ता को भारतीय अस्मिता का एक प्रखर प्रतीक कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी। 2 मार्च 1902 को जन्म और 22 जून 1976 को निधन–बीच के इन वर्षों में उन्होंने जो कुछ रचा, वह भारतीयता की जड़ों को संस्कृत, ज्योतिष, इतिहास, साहित्य और स्वाधीनता संग्राम से जोड़ने वाला एक पूरा सेतु बन गया।



देशना जैन
(दैनिक अवन्तिका)

जन्म उज्जैन के सिंहपुरी मोहल्ले के एक विद्वान परिवार में हुआ। पिता पं. नारायणजी व्यास महर्षि सांदीपनी की परंपरा के वाहक थे–संस्कृत, ज्योतिष और व्याकरण के गहरे जानकार। कहते हैं कि वे दोनों हाथों से एक साथ लिख सकते थे, और उनकी इस ख्याति के चलते लोकमान्य तिलक और मदनमोहन मालवीय जैसे लोग उनसे मिलने उज्जैन आते थे। ऐसे माहौल में बड़े हुए सूर्यनारायणजी के लिए विद्या और राष्ट्रप्रेम बचपन से ही जीवन का हिस्सा बन गए थे।

संस्कृत, हिंदी, गुजराती, मराठी, बंगला–इतनी भाषाओं पर उनकी पकड़ थी कि 14-15 साल की उम्र में ही उनकी रचनाएं छपने लगी थीं। 1916 में माधव कॉलेज की पत्रिका में मराठी रचना 'शारदोत्सव' प्रकाशित हुई। शुरूआती दिनों में उर्दू शायरी भी की, 'शम्स उज्जयिनी' के नाम से। उस दौर का उज्जैन क्रांतिकारियों का अड्डा बन चुका था, और सूर्यनारायण उस माहौल से अनछुए नहीं रहे।

1921 से वे स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़ गए। सिद्धनाथ माधव आगरकर के संपर्क में आकर तिलक की जीवनी का अनुवाद किया। सावरकर की 'अंडमान की गूंज' ने उन्हें गहरे तक प्रभावित किया था। 1930 के अजमेर सत्याग्रह में उज्जैन के जत्थे की अगुआई की और लॉर्ड मेयो की मूर्ति तोड़ने जैसे जोखिम भरे कामों में भी शामिल रहे। उस मूर्ति का एक टूटा हाथ बरसों उनके 'भारती भवन' में पड़ा रहा। 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन में उन्होंने गुप्त रेडियो स्टेशन चलाया। उनके गुरुकुल में कई क्रांतिकारी वेश बदलकर छिपे रहते थे–एक तरफ ज्योतिषी, दूसरी तरफ क्रांतिकारी, यह संयोग कम ही देखने को मिलता है। 1930 में ही उन्होंने कह दिया था कि भारत अगस्त 1947 में आजाद होगा।



सबसे ज्यादा चर्चा जिस बात की होती है, वह है भारत की आजादी का मुहूर्त तय करने में उनकी भूमिका। 1946-47 के आखिरी दिनों में डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने, जिनकी रुचि आध्यात्मिक विषयों में भी थी, गोस्वामी गणेश दत्त महाराज के जरिए उन्हें दिल्ली बुलाया। अंग्रेजों ने 14 और 15 अगस्त की दो तारीखें दी थीं। पंचांग देखकर पं. व्यास ने बताया कि 14 अगस्त का लग्न अस्थिर है, इसलिए 15 अगस्त बेहतर रहेगा। आधी रात को ध्वजारोहण का सुझाव भी उनका ही था, जिसे मान लिया गया–और इसी वजह से लाल किले पर तिरंगा ठीक मध्यरात्रि में फहराया गया। संसद भवन के शुद्धिकरण की सलाह भी उन्होंने दी थी। पाकिस्तान को मिले 14 अगस्त के मुहूर्त के बारे में उन्होंने पहले ही कह दिया था कि यह अस्थिर साबित होगा, जो आगे की घटनाओं में सही निकला। यह सब केवल ज्योतिषीय कौशल का मामला नहीं था; इसमें भारतीय अस्मिता को वैदिक परंपरा से जोड़ने की एक गहरी कोशिश भी थी।

'विक्रम' मासिक पत्र के संपादक के तौर पर उन्होंने 2500 से ज्यादा संपादकीय लिखे–'व्यास उवाच' और 'बिन्दु-बिन्दु' के शीर्षक से। 1937 में यूरोप गए, और वहां से लौटकर 'सागर प्रवास' जैसी क्लासिक यात्रा-वृत्तांत लिखी। व्यंग्य लेखन में भी उनका नाम ऊंचा रहा–1935 में आया पहला संग्रह 'तू-तूः मैं-मैं' इसका उदाहरण है। उनके व्यंग्य में फूहड़पन नहीं था, बल्कि सांस्कृतिक और ऐतिहासिक समझ की झलक मिलती थी। हिंदी व्यंग्य की शुरूआती और प्रभावशाली परंपरा में उनका नाम गिना जाता है।

कविता, निबंध, संस्मरण, इतिहास, पुरातत्त्व–लगभग हर विधा में उनकी कलम चली। 'यादें' नाम से उनके संस्मरण संग्रहित हैं, जिनमें देश की कई बड़ी शख्सियतों से उनकी मुलाकातों का जिक्र मिलता है। उज्जैन के पुराने गौरव–कालिदास, विक्रमादित्य, महाकाल–को फिर से जीवित करने में उनका योगदान बड़ा रहा।

उज्जैन की कालिदास समारोह परंपरा उनके ही प्रयासों की देन है। 1928 से महाकाल मंदिर और भारती भवन में कालिदास जयंती मनाई जानी शुरू हुई, जो बाद में अखिल भारतीय कालिदास समारोह बन गई। विक्रम विश्वविद्यालय, विक्रम कीर्ति मंदिर, सिंधिया शोध प्रतिष्ठान, कालिदास परिषद–इनकी स्थापना के पीछे भी उनकी ही प्रेरणा थी। उनका गुरुकुल हजारों छात्रों का घर था; देश-विदेश से लोग आते और मुफ्त में शिक्षा, खाना, रहना सब मिलता। ज्योतिष और खगोल विद्या में उनके शिष्यों की संख्या सात हजार से ज्यादा बताई जाती है।

1958 में साहित्य और शिक्षा के क्षेत्र में पद्मभूषण मिला। लेकिन 1967 में जब अंग्रेजी को हमेशा के लिए बनाए रखने वाला विधेयक आया, तो विरोध में उन्होंने यह सम्मान वापस लौटा दिया। सत्ता या पुरस्कार के आगे झुकना उन्हें कभी मंजूर नहीं रहा। 2002 में भारत सरकार ने उनके सम्मान में डाक टिकट जारी किया।

उनकी विरासत को बेटे राजशेखर व्यास–दूरदर्शन के पूर्व अधिकारी और लेखक–ने आगे बढ़ाया। उज्जैन में आज भी कालिदास अकादमी, सूर्यनारायण व्यास संकुल जैसी संस्थाएं उनकी याद को बनाए हुए हैं। जिस दौर में भारतीय अस्मिता पर नए सिरे से बात हो रही है, पं. व्यास का जीवन एक मिसाल की तरह सामने आता है–प्राचीन ज्ञान और आधुनिक संघर्ष को साथ लेकर चलने की मिसाल। उनकी दूरदृष्टि, आजादी की भविष्यवाणी और सांस्कृतिक पुनरुत्थान का काम आज भी उतना ही प्रासंगिक लगता है, जब देश आत्मनिर्भरता और अपनी जड़ों की तरफ लौटने की बात कर रहा है। पं. सूर्यनारायण व्यास की यादें उनकी रचनाओं में, उज्जैन की परंपराओं में, और उन सबके मन में जिंदा हैं जो अपनी जड़ों पर गर्व करते हैं। 50वें पुण्य स्मरण दिवस पर पंडित व्यास जी को सादर नमन।

## लकी कॉर्प्स

अस्पताल के आईसीयू वॉर्ड के बाहर लगी तीन कुर्सियों पर पिछले सैंतालीस घंटों से जो सन्नाटा पसरा था, वो किसी श्मशान के सन्नाटे से ज्यादा गहरा था। वहाँ बैठा अमरनाथ अपनी उँगलियों की पोरों से दीवार पर अदृश्य नाम लिख रहा था और फिर खुद ही अपनी हथेली से उसे मिटा देता था। जैसे कोई बच्चा रेत पर घरौंदा बनाए और समंदर की लहर आने से पहले खुद ही उसे ढहा दे। यह उसकी पागलपन की हद थी या कुछ और, कहना मुश्किल था। भीतर वेंटिलेटर पर उसकी बत्तीस साल की जिंदगी, उसकी पत्नी शुभा, साँसों की आखिरी उधारी चुका रही थी।

डॉक्टर मल्होत्रा जब भी बाहर आते, उनके चेहरे पर एक ऐसी पेशेवर खामोशी होती जिसे देखकर लगता कि साक्षात ईश्वर ही उनसे रूठकर बगल वाले केबिन में जा बैठा हो। अमरनाथ उनके सफेद कोट की क्रीज को देखता और सोचता कि इस कड़क इस्त्री के पीछे कितने परिवारों की उम्मीदों के जनाजे दबे होंगे।

अमरनाथ के हाथ में एक पुराना, मटमैला सा थैला था, जिसमें शुभा के मेडिकल बिलों का ऐसा पुलिंदा था जैसे किसी तड़पती जिंदगी का पूरा बहीखाता हो। सरकारी दफ्तर के बाबू से लेकर अस्पताल के कैश काउंटर तक, अमरनाथ ने हर जगह अपनी रीढ़ की हड्डी को इतना झुकाया था कि अब वह सीधा खड़ा होता तो उसे खुद के इंसान होने पर शक होने लगता। वैसे भी आदमी की ईमानदारी और उसकी लाचारी में बस इतना ही फर्क होता है कि एक पर समाज ताली बजाता है और दूसरे पर वक्त।

शुभा की आँखें बंद थीं, लेकिन उसका चेहरा दिल के उस आईने की तरह था जिसमें अमरनाथ अपनी पूरी उजड़ी हुई दुनिया देख सकता था। वह उस चेहरे में कोई ऐसी उम्मीद ढूंढ रहा था जो उसे बता दे कि सब ठीक हो जाएगा। पर वहाँ सिर्फ एक पीलापन था। अचानक वॉर्ड के भीतर से मशीनों के चीखने की आवाज आई।

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 22 जून 2026 सोमवार
सूर्योदय - 05:46 सूर्यास्त 19:11
ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष
राहुकाल - 07:30 से 09:00 तक
तिथि - अष्टमी 15:39 उपरांत नवमी
नक्षत्र - उत्तराफाल्गुनी 10:22 उपरांत हस्त
योग - व्यतिपात 10:31 वरियान
करण - बव
चन्द्रमा - दिन पूर्ण कन्या में रहेगा।
मुस्लिम मास - मोहर्रम मास 06 तारिख

**मेष-** नवीन वस्त्राभूषण की प्राप्ति होगी। यात्रा, नौकरी व निवेश मनोनुकूल रहेंगे। परीक्षा आदि में सफलता मिलेगी।

**वृषभ-** पारिवारिक कष्ट एवं समस्याओं का अंत संभव है। व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। आय से अधिक व्यय न करें।

**मिथुन-** यात्रा, नौकरी व निवेश मनोनुकूल रहेंगे। डूबी हुई रकम प्राप्त होगी। आय में वृद्धि होगी। प्रमाद न करें। क्रोध एवं उत्तेजना पर संयम रखें।

**कर्क-** आकस्मिक लाभ व निकटजनों की प्रगति से मन में प्रसन्नाता रहेगी। परिश्रम से स्वयं के कार्यों में भी शुभ परिणाम आएँगे।

**सिंह-** कानूनी अड़चन दूर होगी। अध्यात्म में रुचि रहेगी। यात्रा, नौकरी व निवेश मनोनुकूल रहेंगे। विलासिता के प्रति रुझान बढ़ेगा।

**कन्या-** रुके धन के लिए प्रयत्न जरूर करें। कार्य का विस्तार होगा। दूसरे के कार्यों में हस्तक्षेप से बचें। दांपत्य जीवन सुखद रहेगा।

**तुला-** जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा। राजकीय कार्य की बाधा दूर होगी। माता को बेचैनी रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा।

**वृश्चिक-** अर्थ प्राप्ति के योग बनेंगे। पारिवारिक विवादों से दूर रहना चाहिए। पिता से व्यापार में सहयोग मिल सकेगा।

**धनु-** रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। किसी बड़े कार्यक्रम का हिस्सा बनेंगे। प्रसन्नता बनी रहेगी। नए कार्यों से जुड़ने का योग बनेगा।

**मकर-** पारिवारिक जीवन सुखद नहीं रहेगा। इच्छित लाभ होगा। नौकरी में कार्य की प्रशंसा हो सकती है।

**कुंभ-** मेहनत का फल पूरा-पूरा मिलेगा। मान-सम्मान मिलेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। लाभ होगा। कार्यक्षमता में वृद्धि होगी।

**मीन-** दूर रहने वाले व्यक्तियों से संपर्क के कारण लाभ हो सकता है। नई योजनाओं का सूत्रपात होने के योग हैं। व्यर्थ संदेह न करें।

**समसामयिक**

## संघ, समाज और भारतीय राष्ट्रवाद की अवधारणा पर एक राष्ट्रीय विमर्श



राजेश कुमावत
(दैनिक अवन्तिका)

हाल के दिनों में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पंजीकरण, उसकी वैधानिक स्थिति और उसके संगठनात्मक स्वरूप को लेकर सार्वजनिक चर्चा तेज हुई है। यह चर्चा देखने में प्रशासनिक प्रतीत होती है, किंतु वास्तव में इसका संबंध भारत की उस मूल राष्ट्रीय अवधारणा से है, जिसमें समाज और राज्य के रिश्ते को लेकर दो भिन्न दृष्टिकोण आमने-सामने दिखाई देते हैं। एक दृष्टि मानती है कि समाज की प्रत्येक संगठित शक्ति को राज्य की अनुमति, नियंत्रण और स्वीकृति के भीतर होना चाहिए। दूसरी दृष्टि मानती है कि राज्य स्वयं समाज की अभिव्यक्ति है और समाज की अनेक शक्तियां राज्य से पूर्व अस्तित्व रखती हैं।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का प्रश्न इसी वैचारिक पृष्ठभूमि में समझा जाना चाहिए। जब कोई यह पूछता है कि संघ का पंजीकरण क्यों नहीं है, तब अनजाने में वह एक और प्रश्न भी पूछ रहा होता है–क्या राष्ट्रभक्ति, सामाजिक संगठन और सांस्कृतिक चेतना को भी किसी सरकारी प्रमाणपत्र की आवश्यकता होती है? भारत की सभ्यता इस प्रश्न का उत्तर अपने इतिहास से देती है। भारत में समाज राज्य से पहले था। परिवार राज्य से पहले था। ग्राम व्यवस्था, तीर्थ परंपराएं, अखाड़े, आश्रम, गुरुकुल और धार्मिक-सांस्कृतिक संस्थाएं राज्य की स्थापना से पूर्व अस्तित्व में थीं। भारतीय समाज की शक्ति उसकी स्वायत्त सामाजिक संरचनाओं में रही है।

पश्चिमी राजनीतिक दर्शन में राज्य को सर्वोच्च माना गया, किंतु भारतीय चिंतन में समाज को सर्वोच्च स्थान प्राप्त है। यही कारण है कि भारत की अनेक महान परंपराएं किसी सरकारी आदेश या पंजीकरण से उत्पन्न नहीं हुईं। कुंभ का आयोजन किसी प्रशासनिक अधिसूचना की देन नहीं है। सनातन धर्म किसी रजिस्ट्रेशन नंबर से नहीं चला। संत परंपराएं किसी सरकारी स्वीकृति से विकसित नहीं हुईं। भक्ति आंदोलन किसी निगमित संस्था के रूप में जन्म नहीं लिया। इन सबकी शक्ति समाज की स्वीकृति, विश्वास और सहभागिता में थी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ इसी परंपरा का आधुनिक स्वरूप है।

1925 में डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार द्वारा स्थापित संघ का उद्देश्य किसी आर्थिक संस्था, राजनीतिक दल या कॉर्पोरेट ढांचे का निर्माण नहीं था। उसका उद्देश्य था राष्ट्रजीवन में ऐसे व्यक्तियों का निर्माण करना जो समाज और राष्ट्र के प्रति उत्तरदायी हों। लगभग एक शताब्दी से संघ का कार्य इसी आधार पर चल रहा है।

संघ की शाखा में न सदस्यता शुल्क है, न उपस्थिति रजिस्टर, न वेतनभोगी कार्यकर्ता बनने की अनिवार्यता और न किसी प्रकार का व्यक्तिगत लाभ। स्वयंसेवक अपने समय, श्रम और संसाधनों का उपयोग राष्ट्रकार्य के लिए करते हैं। देशभर में आयोजित होने वाले शिक्षा वर्ग, प्रशिक्षण शिविर, सेवा गतिविधियां और विविध कार्यक्रम इसी सामाजिक सहभागिता पर आधारित हैं।

जब हजारों परिवार अपने घरों से रोटियां बनाकर स्वयंसेवकों तक पहुंचाते हैं, तब वह केवल भोजन व्यवस्था नहीं होती। वह समाज और संगठन के बीच विश्वास का संबंध होता है। यह विश्वास किसी अनुबंध से नहीं बनता; यह वर्षों की सामाजिक स्वीकार्यता से निर्मित होता है।

संघ की शक्ति का सबसे बड़ा आधार यही सामाजिक विश्वास है। पिछले सौ वर्षों में संघ ने अनेक राष्ट्रीय चुनौतियों के समय सेवा कार्य किए हैं। विभाजन के दौरान राहत कार्यों से लेकर प्राकृतिक आपदाओं, बाढ़, भूकंप, महामारी और अन्य संकटों में स्वयंसेवकों की सक्रिय भूमिका समाज ने देखी है।

## योगः व्याधियों को घटाने तथा उत्तम स्वास्थ्य से जुड़ने का विज्ञान



डा मनमोहन प्रकाश
(दैनिक अवन्तिका)

गुणवत्तापूर्ण मानव जीवन और दीघायु पूरी तरह से उत्तम स्वास्थ्य पर टिका है। लेकिन आज की बदलती जीवनशैली, मिलावटी खान-पान, मानसिक तनाव, शारीरिक निष्क्रियता, बढ़ता स्क्रीन टाइम और प्रदूषण इंसानी शरीर को बीमारियों का घर बना रहे हैं। ऐसे चुनौतीपूर्ण समय में योग केवल एक शारीरिक व्यायाम के रूप में नहीं, बल्कि निरोगी काया और मानसिक शांति प्राप्त करने की एक समग्र व निःशुल्क वैज्ञानिक पद्धति के रूप में हम सबके सामने है।

संस्कृत की 'युज' धातु से उत्पन्न 'योग' शब्द का सीधा अर्थ है-जोड़ना, समन्वय स्थापित करना या एकाकार होना। योग का अंतिम लक्ष्य केवल तात्कालिक तौर पर बीमारियों को दूर करना नहीं, बल्कि शरीर, मन और आत्मा के बीच ऐसा सुदृढ़ संतुलन स्थापित करना है, जिससे व्यक्ति दीघायु और पूर्ण स्वास्थ्य की ओर अग्रसर हो सके।

आमतौर पर स्वास्थ्य का आकलन केवल रोगों की अनुपस्थिति से किया जाता है, जिसे संकुचित दृष्टिकोण कहा जा सकता है। जबकि वास्तविक स्वास्थ्य का दायरा कहीं अधिक व्यापक है। पूर्ण रूप से स्वस्थ होने का अर्थ है,शरीर में असीम ऊर्जा, मन में गहरी शांति, विचारों में स्पष्टता और जीवन में आनंद की अनुभूति। योग इसी मूल सिद्धांत पर काम करता है। यह एक तरफ जहां शरीर से विकारों को घटाता है, तो दूसरी ओर जीवनी शक्ति को बढ़ाता है।

आजकल मानव जीवन की आम समस्याएँ है तनाव, मोटापा, उच्च रक्तचाप, अनिद्रा, शारीरिक जकड़न और कमजोर पाचन तंत्र। इन्हें सीधे तौर पर हमारी अव्यवस्थित दिनचर्या से जोड़ा जा सकता हैं। योग इन समस्याओं के लक्षणों को दबाने के बजाय उनके मूल कारणों पर प्रहार करता है, यही इसकी प्रमुख विशेषता है। वैज्ञानिक शोध भी पुष्टि करते हैं कि नियमित योगाभ्यास से:?शरीर का लचीलापन और कार्यक्षमता बढ़ती है;?श्वसन तंत्र मजबूत होता है और ऑक्सीजन का प्रवाह बेहतर होता है;?तनाव का स्तर घटता है तथा भावनात्मक नियंत्रण विकसित होता है। योग विशिष्ट इस लिए है कि वह स्वास्थ्य को एक सतत निर्माण प्रक्रिया मानता है। जिस तरह भोजन से शरीर को पोषण मिलता है, ठीक उसी तरह योग से तन और मन को सकारात्मक ऊर्जा मिलती है। इस प्रक्रिया को योग के निम्न चार मुख्य चरणों से समझा जा सकता हैः

(१) योगासन (शारीरिक सुदृढ़ता): यह शरीर को सक्रिय, लचीला और फुर्तीला बनाकर मांसपेशियों व जोड़ों को मजबूती प्रदान करता है।

(२) प्राणायाम (प्राण वायु का नियमन): श्वास और मन को नियंत्रित कर आंतरिक ऊर्जा का संचार करता है।

(३) ध्यान (मानसिक सजगता): यह व्यक्ति को वर्तमान क्षण में जीना सिखाता है, जिससे मानसिक स्पष्टता बढ़ती है और अवसाद व चिंता से मुक्ति मिलती है।

(४) अनुशासित जीवनचर्याः योग केवल आसन, ध्यान तक सीमित नहीं है; इसके अंतर्गत सात्विक भोजन, नियमित दिनचर्या, पर्याप्त विश्राम और संयमित आचरण भी अनिवार्य हिस्सा हैं।

अक्सर लोग गंभीर बीमारी की चपेट में आने के बाद योग का रुख करते हैं, जो सीमित समझ को दर्शाता है। योग की वास्तविक शक्ति 'बचाव और संवर्धन' में है। यह व्यक्ति को अपने शरीर के संकेतों को समझने योग्य बनाता है और स्वस्थ आदतें अपनाने के लिए प्रेरित करता है। यद्यपि योग गंभीर आपातकालीन चिकित्सा का विकल्प नहीं है, लेकिन उचित चिकित्सकीय परामर्श के साथ इसका अभ्यास असाध्य रोगों में भी संजीवनी का कार्य कर सकता है।

**50वां पुण्य स्मरण (22 जून 2026)**

## प्राचीन भारतीय ज्ञान के शलाका पुरुष पं. सूर्यनारायण व्यास

पद्मभूषण पंडित सूर्यनारायण व्यास याने मां भारती के एक ऐसे उपासक जिनके यश की धवल पताका आज भी दिग दिगंत तक लहरा रही है। वे भारतीय ज्ञान परम्परा के ऐसे साधक थे, ज्योतिष शास्त्र के ऐसे उपासक थे, साहित्य जगत के ऐसे जाजवल्यमान सितारे थे, जिन्होंने महाकवि कालिदास की नगरी उज्जयिनी की अस्मिता में चार चांद लगाया। अपने बहुआयामी व्यक्तित्व से उन्होंने ज्योतिष, इतिहास, संस्कृत, साहित्य और संस्कृति के क्षेत्र में समान रूप से अपना अमूल्य अवदान दिया । उनकों संपूर्ण जीवन भारतीय ज्ञान-विज्ञान, प्राचीन विरासत, सांस्कृतिक राष्ट्रवाद और राष्ट्र चेतना के संरक्षण के लिए समर्पित था।



सुरेश पचौरी
(दैनिक अवन्तिका)

पंडित सूर्यनारायण व्यास का प्रभामंडल बहुत विशाल था। वे एक सुविख्यात ज्योतिषाचार्य तो थे ही, साथ ही एक प्रखर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, उच्च कोटि के साहित्यकार, इतिहासकार, पुरातत्व विद् और राष्ट्रवादी विचारक थे। वे इतने महान ज्योतिषी थे कि भारत की आजादी के बाद डॉ. राजेन्द्र प्रसाद के आग्रह पर उन्होंने आजादी की के सटीक समय की गणना की थी। उन्होंने महात्मा गांधी, पं. जवाहर लाल नेहरू, सरदार पटेल, मदन मोहन मालवीय जैसी विभूतियों के ग्रह-दशा की गणना कर प्रचुर प्रसिद्धि प्राप्त की थी। वे भारत के भविष्य को लेकर समय-समय पर जो भविष्यवाणियां करते थे, वे विल्कुल सटीक होती थी।

ज्योतिष के क्षेत्र में उनका ज्ञान इतना विशद् था कि देश-विदेश के लोग अपना भाग्य जानने के लिए उनके पास पहुंचते थे। वे कोई पेशागत ज्योतिषी नहीं थे बल्कि ज्योतिष उनके लिए जन कल्याण का माध्यम था। इस विद्या के द्वारा वे 'सर्वजन सुखाय' की भावना से साकार रूप देते थे। उनके द्वारा की गई तमाम भविष्यवाणियों ने उन्हें प्रसिद्धि के उच्चतम शिखर तक पहुंचाया। उन्होंने ज्योतिष को खगोल, गणित और भारतीय परम्पराओं से जोड़कर सर्जनात्मक दृष्टिकोण अपनाया। ज्योतिष शास्त्र पर लिखे गये उनके तमाम शोधपरक आलेखों से वे ज्योतिष मनीषियों के बीच सदैव आदरणीय रहे। उनके ज्योतिषीय ज्ञान को पूरी दुनिया में सराहा गया, अंगीकार किया गया। उन्होंने ज्योतिष को केवल भविष्यवाणी तक सीमित न रखकर उसे जीवन मूल्यों से जोड़कर विस्तारित किया।

उज्जैन, जिसकी सदियों से एक धार्मिक नगरी के रूप में पहचान रही, को सांस्कृतिक पहचान दिलाने में पंडित सूर्यनारायण व्यास का उल्लेखनीय योगदान रहा। चाहे विक्रम विश्वविद्यालय की स्थापना हो, चाहे विक्रम कीर्ति मंदिर जैसे सांस्कृतिक केन्द्र का विकास हो या फिर कालिदास समारोह का शुभारंभ हो, पंडित व्यास जी के सहयोग व समर्थन से ही इन संस्थानों को प्रतिष्ठा प्राप्त हुई। उसके प्रण-प्राण में उज्जैन रचता-बसता था। उन्होंने उज्जैन को वैश्विक मानचित्र पर एक सांस्कृतिक केन्द्र के रूप में स्थापित किया। कालांतर में वे भगवान महाकालेश्वर की नगरी के पर्याय बन गये। उन दिनों पंडित सूर्यनारायण व्यास की विद्वता का डंका बजता था। देश के बड़े-बड़े राजनेता, ख्याति लब्ध साहित्यकार, स्वतंत्रता सेनानी, कवि, लेखक, पत्रकार पंडित व्यास से मिलने के लिए उनके निवास पर पहुंचते थे। उनकी विद्वता इतनी जगजाहिर थी कि दुनिया भर के लोग इनसे परामर्श लेने के लिए आते थे। व्यास जी का व्यक्तित्व इतना आकर्षक था कि कोई व्यक्ति अगर एक बार उनसे मिल लेता था तो वह कभी उन्हें भूल नहीं सकता था।

मेरा सौभाग्य है कि अपने राजनैतिक जीवन की शुरूआत में भोपाल के जननेता डॉ. शंकर दयाल शर्मा, जो बाद में भारत के राष्ट्रपति बने, के साथ पंडित व्यास के दर्शन व उनका आशीर्वाद प्राप्त करने का मुझे अवसर प्राप्त हुआ। भौतिक रूप से पंडित सूर्यनारायण व्यास आज दुनिया में नहीं हैं, लेकिन उनके द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में की गई सामाजिक सेवाएं सदियों तक उन्हें याद की जाती रहेगी। प्रसन्नता की बात है कि पद्मभूषण पंडित सूर्यनारायण व्यास के सुपुत्र विद्वान मनीषी राजशेखर व्यास अपने पूज्य पिता की अमूल्य विरासत के साथ संजोए हुए हैं और उनकी पावन स्मृति को अक्षुण्य बनाए रखने के लिए सतत सन्नद्ध रहते हैं। मां सरस्वती के अनन्य उपासक गोलोकवासी पंडित सूर्यनारायण व्यास जी की पचासवीं पुण्य तिथि पर हम उन्हें श्रद्धापूर्वक स्मरण करते हुए विनम्र नमन करते हैं।

**(लेखक भाजपा के वरिष्ठ नेता तथा पूर्व केन्द्रीय मंत्री हैं)**

## इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 6000 से 6050 विशाल, 5950 से 6000 मसूर 6000,महाराष्ट्र सफेद 7400 से 7500, महाराष्ट्र लाल 7700 से 7900, कर्नाटक 8100 से 8300 निमाड़ी, डेट तुअर 6500 से 7500 मूंग बेस्ट गर्मी, 7100 से 7300 मूंग बेस्ट बोल्ड, 7500 से 7700 मीडियम बोल्ड, 7200 से 7600 मोगर 5500 से 6500 उड़द बोल्ड 8700 से 9000, उड़द गर्मी 8000 से 8400 ग्रेविटी, क्लीन 8600 से 8900 हल्का उड़द, 4000 से 6000 काबुली डॉलर, 7000 से 8400 काबुली रशियन, 5800 बिटकी 5200 से 5300, सरसों निमाड़ी 8000 से 8200, रायडा 6800 से 7000 करंज 5000, से 5200 सोयाबीन 6800 अलसी, 8500 से 9000 तिल्ली 8000 से, 9000 गेहूं मिल क्वालिटी 2500 से 2550 लोकवन 2750 से 2800, पूर्णा 2550 से 2600 मालवराज, 2600 से 2650 मक्का 1975 से 2000 चना दाल 7450 से 7550, मीडियम 7650 से 7750 रुपए।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1200 से 1300 पुराना 800 से 1000 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 300 से 400 प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एक्स्ट्रा सुपर 13500 से 14000 देशी 10000 से 11000 एवरेज 8000 बारीक 4000 रुपए क्विंटल।

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1450-2850, चना देशी- 4999-5760, डालर चना- 4400-7990, उड़द- 7621, मूंग- 7576, सोयाबीन- 1215-8900, मैथीदाना- 1340, सरसो- 6500, धनिया- 10930-13306, बटला- 2860, मसूर- 6201, मावा- 300 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना-स्टेण्डर्ड- 1,47,500 रवा- 1,47,200 चांदी-टंच- 2,38,500 पाट- 2,38,000।

## उज्जैन किराना

**अशोक कुमार भगवानदास**

**152 फवारा चौक उज्जैन**

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130, तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com



## शुजालपुर में अभाविप का कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर संपन्न

### नई नगर कार्यकारिणी घोषित

**शुजालपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अभाविप नगर इकाई शुजालपुर द्वारा सरस्वती विद्या मंदिर विद्यालय परिसर में कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर चार अलग-अलग सत्रों में संपन्न हुआ, जिसमें संगठन की कार्यपद्धति, छात्र हितों से जुड़े विषयों, व्यक्तित्व विकास तथा राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया गया। शिविर में परिषद के पदाधिकारियों एवं वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने विद्यार्थियों को संगठन के उद्देश्य, कार्यशैली और आगामी योजनाओं की जानकारी दी। वक्ताओं ने कहा कि अभाविप केवल छात्र संगठन नहीं, बल्कि राष्ट्र पुनर्निर्माण के लिए युवाओं को तैयार करने वाला एक सशक्त मंच है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से सामाजिक सरोकारों के प्रति संवेदनशील रहते हुए छात्र हितों के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। प्रशिक्षण शिविर के समापन अवसर पर सत्र 2026-27 की नवीन नगर कार्यकारिणी की घोषणा की गई। इसमें मुकेश मेवाड़ा को नगर अध्यक्ष एवं अजय गुर्जर को नगर मंत्री का दायित्व सौंपा गया। नवीन दायित्व मिलने पर दोनों पदाधिकारियों का कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया तथा संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का संकल्प व्यक्त किया। कार्यकारिणी घोषणा के पश्चात सभी नवदायित्ववान कार्यकर्ताओं ने महाविद्यालय परिसर स्थित स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। इस दौरान संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। परिषद पदाधिकारियों ने विश्वास व्यक्त किया कि नई कार्यकारिणी के नेतृत्व में संगठन छात्र हित, सामाजिक जागरूकता एवं राष्ट्रवादी विचारधारा के प्रसार के लिए प्रभावी कार्य करेगा।

## महाकाल दर्शन के बाद देवास में 6 लाख चोरी किए:पांच महीने बाद आरोपी गिरफ्तार

### बैंक से ही पीछा कर बनाया था निशाना

**देवास।** देवास में बैंक ग्राहक से 6 लाख रुपए की चोरी के मामले में पुलिस ने करीब पांच महीने बाद शनिवार को एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस वारदात को उज्जैन में महाकाल दर्शन के बाद देवास में डेरा जमाए चार शातिर बदमाशों ने अंजाम दिया था। कोतवाली पुलिस ने आरोपी मकाडू उर्फ लखन को अनूपपुर से पकड़ा है। थाना प्रभारी श्यामचंद्र शर्मा ने बताया कि चोरी की इस घटना में मकाडू के साथ संजय, सुमीत और बिहार के कटिहार निवासी पुष्पेंद्र नट भी शामिल थे। पुलिस गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ कर रही है। पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी विभिन्न शहरों में घूमकर बैंकों से बड़ी रकम निकालने वाले लोगों पर नजर रखते थे। वारदात से पहले चारों आरोपी उज्जैन पहुंचे और महाकाल मंदिर में दर्शन किए। इसके बाद वे देवास आकर शहर के प्रमुख बैंकों के आसपास रेकी करने लगे। इसी दौरान उन्होंने मंदिर में पूजन-पाठ करने वाले महेश दास बैरागी को निशाना बनाया। बैरागी ने अलग-अलग बैंकों से कुल छह लाख रुपए निकाले थे। आरोपियों ने बैंक से ही बैरागी का पीछा करना शुरू कर दिया। दो मोटरसाइकिलों पर सवार बदमाश लगातार उनकी गतिविधियों पर नजर रखे हुए थे। सुभाष चौक स्थित एक दुकान पर बैरागी ने अपनी स्कूटी खड़ी कर जैसे ही सामान लेने पहुंचे, आरोपियों ने स्कूटी की डिग्गी से नकदी से भरा बैग निकाल लिया और मौके से फरार हो गए। जांच में पता चला कि सभी आरोपी आपस में रिश्तेदार हैं और उनके खिलाफ पहले से भी विभिन्न स्थानों पर आपराधिक मामले दर्ज हैं। लखन हाल ही में छिंदवाड़ा के एक अन्य मामले में पकड़ा गया था, जिसकी सूचना पर देवास पुलिस उसे लेकर आई। पूछताछ में गिरोह और वारदात से जुड़े कई अहम सुराग मिले हैं। पुलिस अब अन्य तीन फरार आरोपियों की तलाश कर रही है।

## मां बगलामुखी मंदिर से बाइक चोरी चोर सीसीटीवी में कैद, वारदातें बढ़ी

**नलखेड़ा।** नलखेड़ा में स्थित विश्व प्रसिद्ध मां बगलामुखी मंदिर परिसर से एक बाइक चोरी होने का मामला सामने आया है। यह वारदात शुक्रवार रात को हुई, जो वहां लगे सीसीटीवी (कैमरे में कैद हो गई। चोरी का यह वीडियो शनिवार शाम को सोशल मीडिया पर सामने आया, जिसके बाद पीड़ित ने नलखेड़ा थाने में मामले की शिकायत दर्ज कराई है। जानकारी के मुताबिक, नलखेड़ा नगर के रहने वाले पीरूलाल खरे शुक्रवार रात करीब 9:30 बजे अपनी सीडी डीलक्स बाइक (गाड़ी नंबर MP-70-C-7468) से मां बगलामुखी मंदिर दर्शन करने पहुंचे थे। उन्होंने अपनी बाइक परिसर में खड़ी की थी, तभी एक चोर नजर बचाकर उनकी बाइक लेकर रफूचक्कर हो गया। चोर की यह करतूत मंदिर परिसर के सीसीटीवी कैमरे में साफ नजर आ रही है। इस घटना को लेकर स्थानीय निवासी महेश गौड़ और राजेश सहित अन्य लोगों ने भारी नाराजगी जताई है। ग्रामीणों का आरोप है कि मां बगलामुखी मंदिर और आसपास के पूरे इलाके में बाइक चोरी की वारदातें लगातार बढ़ रही हैं।



### सरकारी नौकरी का झांसा देकर युवाओं से लाखों की ठगी

# देवास में हूटर लगी गाड़ी से रौब जमाता था आरोपी, फर्जी नियुक्ति पत्र भी बांटे

दैनिक अवन्तिका ▶▶ देवास

देवास में सरकारी नौकरी दिलाने का झांसा देकर बेरोजगार युवाओं और उनके परिजनों से लाखों रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। आरोपी ने जिला अस्पताल, शिक्षा विभाग, नगर निगम और बीएमपी जैसे विभिन्न सरकारी विभागों में नौकरी लगवाने का प्रलोभन दिया था। एक दर्जन से अधिक पीड़ितों ने शनिवार को कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई है, जिसके बाद पुलिस ने कार्रवाई शुरू की है।

पुलिस के मुताबिक, आरोपी की पहचान लुकमड़ी निवासी लोकेंद्र पिता मदन सिंह राजपूत के रूप में हुई है। वह खुद को प्रभावशाली व्यक्ति बताकर सरकारी विभागों में अपनी पहुंच का दावा करता था। लोकेंद्र ने बेरोजगार युवाओं और उनके परिवारों को आसानी से नौकरी दिलाने का भरोसा दिलाया। इस झांसे में आकर पीड़ितों ने उसे 50 हजार रुपये से लेकर 3 लाख रुपए तक की रकम दी।



### हूटर लगी गाड़ी से आता था

बड़ी संख्या में पीड़ित कोतवाली थाने पहुंचे और अपनी आपबीती सुनाई। पीड़ितों में से एक श्याम पवार ने बताया कि आरोपी हूटर लगी गाड़ी से आता था और अधिकारियों से अपने करीबी संबंधों का दावा करता था।

उसने उनके बच्चों को नौकरी दिलाने का भरोसा देकर लगभग ढाई लाख रुपए लिए थे। विश्वास दिलाने के लिए एक नियुक्ति पत्र जैसा दस्तावेज भी दिया गया था, लेकिन बाद में यह दावा झूठा निकला।

### जमा पूंजी की रकम उसे दी थी

पीड़ितों ने बताया कि आरोपी लंबे समय से लोगों को सरकारी भर्ती का लालच देकर अपने जाल में फंसा रहा था। कई परिवारों ने बच्चों के भविष्य की उम्मीद में कर्ज लेकर या अपनी जमा पूंजी निकालकर उसे रकम दी थी। इस ठगी का खुलासा होने के बाद अब अन्य पीड़ित भी सामने आने लगे हैं।

कोतवाली थाना प्रभारी श्याम चंद्र शर्मा ने जानकारी दी कि शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस लोकेंद्र से पूछताछ कर रही है और मामले से संबंधित दस्तावेजों तथा लेनदेन की जानकारी की जांच की जा रही है। पुलिस यह भी पता लगा रही है कि आरोपी ने कुल कितने लोगों से ठगी की है और क्या इस गिरोह में अन्य लोग भी शामिल हैं।

### 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योगाभ्यास,

# ताड़ासन रीढ़ को सीधा रखने में सहायक हॉल में जगह की कमी से कई लोग बाहर रहे

दैनिक अवन्तिका ▶▶ आगर मालवा

आगर में 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर रविवार को जिला प्रशासन की ओर से नवीन कृषि उपज मंडी के हॉल में सामूहिक योगाभ्यास किया गया। योग प्रशिक्षक हेमराज गवली एवं श्रुति प्रवीण जैन के निर्देशन में सभी ने सामूहिक रूप से योगाभ्यास किए।

योगाभ्यास से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के योग दिवस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी उपस्थित लोगों को दिखाया गया। इसके बाद प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में ताड़ासन, पादहस्तासन, अर्ध चक्रासन, त्रिकोणासन, सेतु बंधासन और अर्ध उष्ट्रासन का अभ्यास कराया गया।



### ताड़ासन रीढ़ को सीधा रखने में सहायक

योग प्रशिक्षक श्रुति जैन ने विभिन्न आसनों के लाभों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ताड़ासन शरीर के संतुलन और रीढ़ को सीधा रखने में सहायक है, जबकि पादहस्तासन पाचन क्रिया और मांसपेशियों के लचीलेपन के लिए उपयोगी है।

अर्ध चक्रासन पीठ दर्द और पेट की चर्बी कम करने में मदद करता है। त्रिकोणासन मांसपेशियों को मजबूत कर जकड़न दूर करता है। सेतु बंधासन रीढ़ को मजबूती देता है और तनाव घटाता है, वहीं अर्ध उष्ट्रासन श्वसन क्षमता बढ़ाता है और अकड़न कम करता है।

### हॉल में योगाभ्यास के लिए जगह कम पड़ी

हालांकि, कार्यक्रम के दौरान व्यवस्थाओं की कमी भी सामने आई। जिस हॉल में योगाभ्यास कराया गया, वहां जगह कम पड़ने के कारण कई अधिकारी और कर्मचारी अंदर प्रवेश नहीं कर सके। हॉल पूरी तरह खचाखच भर गया था।

पीछे बैठी महिलाओं को भी पर्याप्त स्थान नहीं मिल पाया, जिससे वे योगाभ्यास के दौरान कई आसन ठीक से नहीं कर सकीं। हाथ-पैर एक-दूसरे से टकराने के कारण उन्हें असुविधा का सामना करना पड़ा। इसके बावजूद बड़ी संख्या में लोगों ने उत्साह के साथ योग दिवस कार्यक्रम में भाग लिया।

इसमें विधायक मधु गहलोत, एसपी दिलीप सोनी, भाजपा जिलाध्यक्ष ओम मालवीय, एसडीएम मिलिंद ढोके सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे शामिल हुए।

## आए दिन क्षेत्र में बिजली सप्लाई रोकने से ग्रामीण है परेशान

**खरसौदकलां** । बिजली वितरण केंद्र खरसौदकलां आए दिन क्षेत्र में भीषण गर्मी में मनचाहे समय पर विधुत कटौती करने से ग्रामीणों में आक्रोश उभरने लगा है। अनियमित विद्युत आपूर्ति से क्षेत्र में जनजीवन पर विपरीत प्रभाव के साथ भीषण गर्मी को सहन के लिए विवश भी होना पड़ रहा है। मोदी विचार मंच के जिला अध्यक्ष महादेव दादू ने संबंधित अधिकारी को शिकायत कर बताया की खरसौदकलां बिजली वितरण कंपनी द्वारा आए दिन थोड़े-थोड़े समय में बिजली काटना आम बात हो गई है। बिजली कटौती से ग्रामीणों के जीवन पर विपरीत प्रभाव पड़ने लगा है । यहां तक के रोजाना के काम भी प्रभावित हो रहे हैं साथ में भीषण गर्मी में दोपहर के समय में बिजली काटने से बुजुर्ग एवं बच्चे वर्ग में अधिक परेशान बढ़ी है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक केन्द्र पर खरसौदकलां सहित नो गांव शामिल है। जिसमें खरसौदकलां में दो हजार घरेलू उपभोक्ता के साथ आसपास आठ गांव में एक हजार से अधिक घरेलू कनेक्शन है । मजेदार बात तो यह है कि एक घरेलू उपभोक्ता की बिजली फाल्ट सुधारने के दौरान 8 गांव की 2999 बिजली घरेलू बिजली उपभोक्ता को परेशानी उठाना पड़ती है । साथ में आए दिन मेंटेनेंस के नाम पर भी बिजली कटौती करना भी आम बात है। वहीं बकाया बिजली बिल को लेकर की जा रही कंपनी द्वारा शक्ति के दौरान एक कनेक्शन काटने के दौरान पुरे क्षेत्र में बिजली गुल करना दिनचर्या बना लिया है। इस दौरान नो गांव के लोगों को भीषण गर्मी झेलने के लिए तैयार रहना पड़ रहा है। बिजली केन्द्र के सहायक अभियंता हरीश सुर्यवंशी का कहना है कि समीप गांव उडसिंगा में ग्रीड तैयार किया जा रहा है। आए समय में काम-काज के दौरान बिजली सप्लाई रोका जा रहा है।

## निरीक्षण कर जलभराव की समस्या का लिया जायजा

**सुसनेर।** मानसून के दौरान जलभराव की समस्या से निजात दिलाने और स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने के उद्देश्य से नगर परिषद अध्यक्ष प्रदीप सोनी ने मालीपुरा क्षेत्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सड़क किनारे बने नालों की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण में सामने आया कि कई स्थानों पर नालों के ऊपर एवं किनारों पर लोगों द्वारा अतिक्रमण कर लिया गया है, जिससे बारिश का पानी सुचारू रूप से नहीं निकल पा रहा है। इसके कारण बरसात के समय जलभराव की समस्या उत्पन्न होने के साथ ही नालों की नियमित सफाई भी प्रभावित हो रही है। निरीक्षण के दौरान अध्यक्ष प्रदीप सोनी नगर परिषद के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ क्षेत्र में पहुंचे और रहवासियों से चर्चा कर उन्हें स्वेच्छा से अतिक्रमण हटाने की समझाइश दी।

# प्रेम-प्रसंग में बैंक के बाहर युवक की चाकू मारकर हत्या, पत्नी समेत तीन गिरफ्तार

### सीहोर में थाने पहुंचते ही परिजन-ग्रामीणों ने पिटाई की

दैनिक अवन्तिका ▶▶ सीहोर

सीहोर में शनिवार को प्रेम प्रसंग से जुड़ा एक सनसनीखेज हत्याकांड सामने आया। बैंक के बाहर 28 वर्षीय बबलू मालवीय की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। घटना के बाद कोतवाली पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बबलू की पत्नी सहित तीन आरोपियों को कुछ ही घंटों में गिरफ्तार कर लिया।

वहीं आरोपियों को थाने लाए जाने पर मृतक के परिजनों और ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा और उन्होंने थाना परिसर में ही आरोपियों के साथ मारपीट करने की कोशिश की।

पुलिस के अनुसार, बबलू मालवीय निवासी थूना कला की पत्नी विद्या मालवीय करीब पांच-छह दिन पहले बारवाखेड़ी निवासी प्रताप के साथ चली गई थी। बबलू अपनी कमाई के पैसे पत्नी के बैंक खाते में जमा करता था। शनिवार को उसे जानकारी मिली कि विद्या बैंक में उसके खाते से पैसे निकालने पहुंची है। इसके बाद वह अपने मामा गुलाब मालवीय के साथ बैंक पहुंचा।

बताया गया कि बैंक में बबलू ने विद्या को पैसे निकालने से रोका, जिस पर दोनों पक्षों के बीच विवाद शुरू हो गया। स्थिति बिगड़ने पर बैंक प्रबंधन ने सभी को बाहर जाने के लिए कहा। बैंक के बाहर भी विवाद जारी रहा। आरोप है कि विद्या के साथ आए प्रताप के भाई धर्मेंद्र और रितेश ने बबलू के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी।

इसी दौरान धर्मेंद्र ने अपने पास रखा धारदार चाकू निकालकर बबलू के पेट में वार कर दिया। गंभीर रूप से घायल बबलू मौके पर ही गिर पड़ा, जबकि आरोपी वहां से फरार हो गए। परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक सोनाक्षी सक्सेना ने आरोपियों की गिरफ्तारी के निर्देश दिए।

## नई आबादी क्षेत्र में महिला से 6 लाख के गहने छुड़ा कर लूट ले गए

**मक्सी।** मक्सी में बीती रात नई आबादी क्षेत्र मे चोरों ने चार जगह चोरी का प्रयास किया जिसमें एक जगह घर में महिला अकेली पाकर 6 लाख के गहने छुड़ा कर लूट ले गए। वहीं दूसरी जगह एक मकान में चार्जेबल कटर से ताला काट दिया और जाली काटकर अंदर घुसने की कोशिश की लेकिन दूसरा ताला लगा होने के कारण कोशिश नाकाम रही मकान मालिक ने बताया कि लगभग सात आठ आदमी थे किसी ने बनियान पेंट पहना था तो किसी ने चड्डी शर्ट पहनी हुए थी वहीं दुकान का कैमरा भी तोड़ दिया है सीसीटीवी में चोर कैद भी हुए हैं। मक्सी टी आई संजय वर्मा ने बताया की तीन जगह चोरों ने ताले तोड़कर चोरी का प्रयास किया लेकिन सफल नहीं हुए। रुखसाना बी नई आबादी मक्सी के यहां से महिला को अकेली पाकर 6 लाख के गहने ले गए। पुलिस मामले की जांच कर चोरों को पकड़ने की कोशिश कर रही है।

## चारधाम यात्रा से लौटे श्रद्धालुओं का पुष्पवर्षा से किया अभिनंदन

**आगर मालवा।** श्रद्धालुओं का एक जत्था 33 दिन की चारधाम यात्रा पूरी कर शनिवार को आगर लौटा। नगर पहुंचने पर परिजनों और नगरवासियों ने पुष्पवर्षा, आतिशबाजी और माल्यार्पण कर श्रद्धालुओं का स्वागत किया। श्रद्धालुओं का दल 17 मई को आगर से बद्रीनाथ धाम, यमुनोत्री, गंगोत्री और केदारनाथ धाम की यात्रा के लिए रवाना हुआ था। यात्रा पूरी कर लौटने पर परंपरा के अनुसार सभी श्रद्धालुओं ने खेडा देवता, पंथवारी और गोराजी महाराज की पूजा-अर्चना कर सकुशल यात्रा संपन्न होने पर आशीर्वाद लिया। भाजपा जिलाध्यक्ष ओम मालवीय के पिता एवं सेवानिवृत्त पटवारी नारायणसिंह मालवीय व रेशमबाई मालवीय का उनके निवास पर स्वागत समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष नीलेश जैन पटेल, भाजपा जिला महामंत्री मयंक राजपूत, मोर्चा जिला महामंत्री सुरेश बैरागी, जिला मीडिया प्रभारी महेश शर्मा, अंकित सिंह तोमर, अनिल शर्मा और युवा नेता आयुष तिवारी सहित अन्य कार्यकताओं ने पुष्पमालाएं पहनाकर उनका स्वागत किया।

## महिला कांग्रेस की बैठक में पार्टी को मजबूत करने लिया संकल्प



**आगर मालवा।** आगर मालवा के जिला कांग्रेस दफ्तर में शनिवार को महिला संगठन की बैठक हुई। जिला कांग्रेस कमेटी की जिला अध्यक्ष विजयलक्ष्मी तंवर की अगुवाई में हुई बैठक का मुख्य मकसद संगठन की ताकत बढ़ाना और महिला कार्यकताओं को ज्यादा से ज्यादा एक्टिव करना था। बैठक में आने वाले दिनों के कार्यक्रमों और संगठन की मजबूती को लेकर खुलकर बातचीत हुई। इसमें जिला प्रभारी फरदीना खान, सह प्रभारी शशि हाड़ा और शाजापुर की पूर्व जिला अध्यक्ष स्मिता सोलंकी खास तौर पर शामिल हुईं। बैठक में आईं सभी बड़ी नेताओं ने कार्यकर्ताओं का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी को बूथ स्तर यानी जमीनी स्तर तक मजबूत करने में महिलाओं का रोल सबसे अहम है। उन्होंने महिला संगठन को और ज्यादा एक्टिव होने की बात कही। बैठक के दौरान महिला संगठन का दायरा बढ़ाने और नई महिलाओं को पार्टी से जोड़ने पर लंबी चर्चा हुई। इसके साथ ही इस बात पर भी रणनीति बनी कि कैसे गांव और वार्ड स्तर तक संगठन की पहुंच बढ़ाई जाए। नेताओं ने कहा कि महिलाओं से जुड़े सामाजिक और आर्थिक मुद्दों के साथ-साथ जनता की भलाई की बातों को पूरी प्राथमिकता से उठाया जाएगा।

## जबरन कब्जे की धमकी, महिला ने थाने में की शिकायत

**सुसनेर।** ग्राम उमरिया निवासी काली बाई पति स्व. भेरुलाल ने पुलिस थाने में जबरन कब्जा करने व धमकाने की नामजद शिकायत दर्ज कराई है। काली बाई का आरोप है कि गांव के कुछ निवासियों ने उनके घर में घुसकर उन्हें व उनके पुत्रों को धमकाया। आरोपियों ने कहा कि वे उनकी निजी बाड़ी पर जबरन धर्मशाला का निर्माण करेंगे। इस धमकी से पीड़ित परिवार दहशत में है। महिला ने थाने में आवेदन देकर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में थाना प्रभारी अक्षय सिंह बेस ने बताया कि काली बाई की शिकायत प्राप्त हुई है। मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकारान (01) श्रीमती सीमा पति जीवन सिंह, (02) श्री इन्दर सिंह पिता हटेसिंह, (03) श्री मनोहर सिंह पिता हटेसिंह समस्त निवासीगण ग्राम राणाबड़ तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) के संयुक्त स्वत्व, पूर्ण स्वामित्व एवं आधिपत्य की ग्राम राणाबड़ स्थित कृषि भूमि सर्व नंबर 137/3 (एस) रकबा 0.5000 हेक्टेयर, सर्वे नंबर 137/2 (एस) रकबा 0.5000 हेक्टेयर, सर्वे नंबर 137/1 (एस) रकबा 0.5100 हेक्टेयर कुल रकबा 1.5100 हेक्टेयर का एक विक्रय अनुबंध पत्र अनुबंधग्रहिता श्री श्याम कुमार ठक्कर पिता ब्रजमोहन ठक्कर निवासी 30. रणछोड़ गली, भागसीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) के पक्ष में दिनांक 11/08/2025 को निष्पादित किया गया। उक्त सौदे की मुख्य शर्त के अनुसार शेष राशि का भुगतान कर दिनांक 11/04/2026 तक रजिस्ट्री करवाना अनिवार्य था. चूकि अनुबंधग्रहिता निश्चित समयावधि बीत जाने के बाद भी आज दिनांक तक शेष राशि का भुगतान करने और रजिस्ट्री करवाने में पूर्णतः असफल व डिफॉल्टर रहे है। अतःशर्तों के उल्लंघन के कारण मेरे पक्षकारान द्वारा उक्त विक्रय अनुबंध पत्र तत्कल प्रभाव से निरस्त व शुन्य घोषित किया जाता है। अब उक्त भूमि पर अनुबंधग्रहिता का कोई वैधानिक अधिकार या दावा शेष नही रहता है।

अब यदि कोई भी व्यक्ति या संस्था, श्री श्याम कुमार ठक्कर या उनके किसी भी एजेन्ट/प्रतिनिधि से उक्त भूमि के संबंध में किसी भी प्रकार का कोई लेन-देन या व्यवहार करेगा तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा। ऐसा कोई भी व्यवहार मेरे पक्षकारान पर कतई बंधनकारक नही होगा।
इति दिनांक 21/06/2026 स्थान- उज्जैन

**नरेन्द्र गेहलोत (हाईकोर्ट एडवोकेट)**
**न्यू कोर्ट परिसर, शेड नं. 2, हॉल नं. 2 के पहले, जिला एवं सत्र न्यायालय, कोठी पैलेस, उज्जैन (म.प्र.) 456010**
**मोबा. 91 9977336636**

# समृद्ध भारत के लिए जैविक और प्राकृतिक खेती जरूरी- सिकरवार

दैनिक अवन्तिका ▶▶ गुना/बीनागंज

12 साल विश्वास, विकास और जनकल्याण के अभियान के तहत भाजपा द्वारा प्राकृतिक खेती से जुडी चांचौड़ा एवं राघोगढ़ विधानसभा की कार्यशाला बीनागंज में संपन्न हुई जिसमें बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे। कार्यशाला को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार ने कहा कि जैविक और प्राकृतिक खेती से सिर्फ किसान ही समृद्ध नही होगें बल्कि पूरा देश भी समृद्ध होगा। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती से जैविक उत्पादो का निर्यात बढेगा जिससे किसान आर्थिक रूप से सक्षम होगा। कम पानी और कम लागत से खेती होगी जलवायु संकट से भी इस पद्वति से हम बच सकते है, प्राकृतिक और जैविक खेती से उत्पन्न अनाज जहर रहित होगा। जो स्वस्थ्य भारत और सशक्त भारत के लिए आज जरूरत है। प्राकृतिक एवं जैविक खेती हमारे पूर्वजो की ऐसी अमूल्य विरासत है जो विकसित भारत की आधारशिला रखने में सहायक सिद्ध होगी । देश के यशस्वी नरेन्द्र मोदी जी के 12 वर्षो का कार्यकाल किसानो के लिए अमृत काल जैसा रहा है। इस अवसर पर पार्टी जिस तरह से कार्यशालाएं आयोजित कर रहा है वह किसानो को खुशहाल और देश को खुशहाल करने वाला है। स्वागत भाषण में जिला उपाध्यक्ष जगदीश मीना ने कार्यशाला के उद्देश्य के बारे में विस्तार से जानकारी दी। मुख्य वक्ता भोपाल से आए कृषि विशेषज्ञ एवं उन्नत कृषक गजराज सिंह वर्मा एवं अशोक शर्मा ने कार्यशाला में उपस्थित किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि जैविक खेती कहा कि वे पिछले दो दशकों से जैविक खेती कर रहे हैं और खेती के साथ विभिन्न प्रकार के जैविक उत्पादों का प्रोसेसिंग करके अच्छा मुनाफा कमा रहे हैं। उन्होंने खेती में आजकल इस्तेमाल होने वाले रासायनिक पदार्थों से नुकसान के बारे में बताया और इससे बचने के लिए जैविक खेती करने की सलाह दी। जिला पंचायत अध्यक्ष अरविंद धाकड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर देश के किसानों को जैविक खेती करने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए कार्यशाला आयोजित की जा रही है। उन्होंने कहा कि पूर्व के समय में किसान पारंपरिक रूप से खेती करते थे जिसमें उत्पादन तो हम होता था पर शुद्धता पूरी होती थी और इसी कारण पहले लोग स्वस्थ रहते थे पर आज ज्यादा से ज्यादा उत्पादन के लिए खेती में जहरीले रसायन और उर्वरकों का प्रयोग कर रहे हैं जिससे कई प्रकार की बीमारियाँ भी पैदा होने लगी हैं।



इस अवसर पर जिला मंत्री प्रबल प्रताप सिंह, जिला मीडिया प्रभारी अंकुर श्रीवास्तव, जिला मंत्री भोला सोनी, अनिरुद्ध मीना, मंडल अध्यक्ष प्रदुमन मीना, राजाराम गुर्जर, अंकित शर्मा, श्रीमती आशा वाधवानी आदि उपस्थित रहे। संचालन कुसुमलता कुशवाह ने किया।

## विशेष जाहिर सूचना

यह जाहिर सूचना भूखण्ड क्रमांक 1 ए व 1 बी एम.आर. 5 आगर रोड (सेंटपाल वाला रोड) उज्जैन के संबंध में पूरी सावधानी पूर्वक सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री रामचंद्र जी गेहलोत पिता स्व. बाबुलाल जी गेहलोत निवासी 17 आर.एन.टी मार्ग, अब्दालपुरा, उज्जैन ने उपरोक्त दोनो भूखण्डों का अनुबंध पत्र (सौदा चिट्ठी बयाना) राशि देकर करवा लिया गया है। मैने व मेरे पक्षकार ने सभी दस्तावेजात अच्छी तरह से अवलोकन कर लिये है और मेने व मेरे अभिभाषक मित्रो के अभिमत के आधार पर सोच समझकर इन भूखण्ड क्रमांक 1ए व 1 बी का सौदा तय कर लिया है। इसमे इन्दौर के अभिभाषक श्रीमान अजय शंकर जी इंदौर म.प्र. द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति दिनांक 14/04/2026 से आज दिनांक तक कोई भी न्यायालयीन प्रक्रिया वाला नोटिस अनिता देवी व खेमचंद जी द्वारा किसी भी प्रकार का (न्यायालयीन प्रक्रिया हेतु नोटिस) न तो पूर्व में स्व. अजहर अहमद खान व वसीयतग्रहिता शमीम एहमद खान पिता सरदार एहमद खान निवासी 120/1, बेगमपुरा, उज्जैन व भूखण्ड स्वामी श्री सुरेश कौशल पिता श्री मोहनलाल कौशल निवासी-22, सरदार पटेल मार्ग, खजुर वाली मस्जिद, उज्जैन को अभी तक नही दिया गया है। जबकि श्री अजय शंकर जी द्वारा 14/04/2026 को प्रेस विज्ञप्ति जारी की गई थी। इस समय अवधि में मेरे पक्षकार ने सभी दस्तावेजात की वैद्यता का परीक्षण करवा लिया है, जिससे कि मेरा पक्षकार पूर्ण रूप से संतुष्ट है, इसके बाद भी अगर किसी पक्ष को वैधानिक आपत्ति है तो प्रेस विज्ञप्ति जारी होने के 4 दिवस में मुझे या मेरे पक्षकार को सूचित करें। अन्यथा वैधानिक अधिकार का प्रयोग कर मेरा पक्षकार विधिवत पंजीयन करवाने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

नोटः- सावधान सर्वसाधारण को सूचित हो।

**अभिभाषक द्वारा**
**जीवनलाल केमकर**
**कार्यालय न्यायालयीन परिसर,**
**बैंक ऑफ इण्डिया के पास, उज्जैन म.प्र. मोबा. नं.-9754458411**

## नीट परीक्षा केंद्रों का कलेक्टर-एसपी ने किया निरीक्षण

**गुना।** राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) के दौरान कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल एवं पुलिस अधीक्षक श्रीमती हितिका वासल ने जिले के परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने उत्कृष्ट विद्यालय एवं शासकीय विद्यालय क्रमांक-2 स्थित परीक्षा केंद्रों का भ्रमण कर परीक्षा संचालन संबंधी व्यवस्थाओं की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने अभ्यर्थियों की प्रवेश प्रक्रिया, पहचान सत्यापन, सुरक्षा व्यवस्था एवं निगरानी प्रणाली का अवलोकन किया। उन्होंने परीक्षा से जुड़े अधिकारियों एवं कर्मचारियों को परीक्षा की गोपनीयता, पारदर्शिता तथा अनुशासन बनाए रखने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने केंद्रों पर अभ्यर्थियों के लिए पेयजल, बैठने एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं की भी समीक्षा की। साथ ही परीक्षा केंद्रों के बाहर अभ्यर्थियों एवं उनके परिजनों की सुविधा के लिए किए गए प्रबंधों का अवलोकन कर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## चकोर पार्क में 13 लाख से बने योग भवन का लोकार्पण

**उज्जैन।** विश्व योग दिवस के अवसर पर मक्सी रोड स्थित चकोर पार्क में नवनिर्मित योग भवन का लोकार्पण किया गया। लगभग 13 लाख रुपये की लागत से बने इस 1700 स्क्वेयर फीट के भवन की सौगात जिले के प्रभारी मंत्री गौतम टेटवाल ने दी। इस सर्वसुविधायुक्त भवन के बनने से अब बारिश के दिनों में भी साधकों की योग साधना प्रभावित नहीं होगी। चकोर पार्क में योग साधना शिवोहम् एवं संस्था अलख उज्जयिनी द्वारा योगाचार्य महंत विजय गोस्वामी के सानिध्य में बीते 7 वर्षों से निशुल्क योग प्रशिक्षण अनवरत संचालित किया जा रहा है। बारिश के मौसम में खुले आसमान के नीचे साधकों को होने वाली परेशानी को देखते हुए, पिछले वर्ष महापौर मुकेश टटवाल और नगर पालिक निगम सभापति कलावती यादव ने इस योग भवन के निर्माण का भूमिपूजन किया था। 21 जून 2026 को विश्व योग दिवस के अवसर पर प्रभारी मंत्री के मुख्य आतिथ्य में इसका भव्य लोकार्पण संपन्न हुआ। इस अवसर पर सभापति कलावती यादव, महापौर मुकेश टटवाल, भाजपा नगर जिला अध्यक्ष संजय अग्रवाल, महामंत्री आनंद सिंह खिंची, महामंत्री कमल बेरवा, माधवनगर मंडल अध्यक्ष हरीश सोलंकी, प्रभारी कल्याण शिवहरे सहित माधवनगर के सभी पार्षदगण एवं सैकड़ों की संख्या में नियमित योग साधक उपस्थित रहे।

## कॉमन योग प्रोटोकॉल का कराया अभ्यास

**उज्जैन।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार को रूपांतरण सामाजिक एवं जनकल्याण संस्था द्वारा शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। संस्था के प्रशिक्षित योग प्रशिक्षकों एवं स्वयंसेवकों ने उज्जैन, बड़नगर एवं महिदपुर क्षेत्र के कुल 16 स्थानों पर कॉमन योग प्रोटोकॉल का अभ्यास कराया। इन आयोजनों में कुल 720 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की, जिनमें उज्जैन शहर के विभिन्न केंद्रों पर 480 तथा ग्रामीण क्षेत्रों में 240 साधक शामिल हुए। इस वर्ष योग दिवस की थीम योग फॉर हेल्दी एजिंग रही। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संदेश अनुसार सभी आयु वर्ग के लोगों ने योग को केवल व्यायाम न मानकर इसे मानव चेतना, शारीरिक स्वास्थ्य एवं मानसिक संतुलन के लिए दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया। रूपांतरण योग केंद्र में आयोजित मुख्य सत्र में माय भारत एवं मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद के स्वयंसेवकों ने भी सक्रिय सहभागिता की।

## सड़क निर्माण और खेतों में मिट्टी भराव से बढ़े विवाद

**इन्दौर।** बेटमा क्षेत्र में चल रहे सड़क निर्माण कार्य और खेतों में बड़े पैमाने पर किए जा रहे मिट्टी भराव के कारण किसानों के बीच विवाद की स्थिति बनने लगी है। एक ओर ग्रामीण क्षेत्रों को बेहतर सड़क सुविधा मिल रही है, वहीं दूसरी ओर बारिश के पानी की निकासी के प्राकृतिक मार्ग प्रभावित होने से किसानों की चिंताएं बढ़ गई हैं। जानकारी के अनुसार ग्राम गोहान से खतेडिया तक सीसी सड़क निर्माण कार्य प्रगति पर है। सड़क पूर्व की अपेक्षा अधिक ऊंचाई पर बनाए जाने से वर्षों से खेतों के बीच से होकर निकलने वाले वर्षा जल के प्राकृतिक प्रवाह में बदलाव आ रहा है। इससे कई किसानों के खेतों में पानी निकासी को लेकर नए विवाद सामने आने लगे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि विकास कार्यों के साथ जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने पर भविष्य में खेती प्रभावित हो सकती है। ग्राम सनावदा निवासी किसान रामकिशन पिता जगन्नाथ ने निर्माण कार्य को लेकर आपत्ति दर्ज कराई है। उनका कहना है कि सरकारी स्वीकृत योजना के अंतर्गत उनके खेत के समीप पहले से एक पुलिया का निर्माण किया जा चुका है, जिससे वर्षा जल निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित की गई थी। इसके बावजूद निर्माण एजेंसी द्वारा निकट ही दूसरी जगह पाइप डालकर अतिरिक्त जल निकासी मार्ग बनाया जा रहा है। किसान का आरोप है कि सड़क निर्माण कार्य कर रही पटेल कंस्ट्रक्शन के जिम्मेदारों द्वारा निर्धारित योजना से हटकर कार्य किया जा रहा है।

## ग्रामीण बच्चों की प्रतिभा निखारने हुई सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता

**उज्जैन।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मालवा दर्पण खेल एवं शिक्षा विकास संस्था द्वारा ग्राम हरसोदन स्थित तक्षिंदा पब्लिक स्कूल में ग्रामीण विद्यार्थियों के लिए बहुविकल्पीय सामान्य ज्ञान परीक्षा और वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सिविल सेवा परीक्षा के पैटर्न पर आयोजित 50 प्रश्नों की इस परीक्षा में आसपास के गांवों के 100 से अधिक बालक-बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। परीक्षा में जय अमला स्कूल हरसोदन की छात्रा ऋषिका पाटीदार ने प्रथम, तरुण पाटीदार ने द्वितीय तथा तनिषा शक्तावत एवं प्रांजल पाटीदार ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। संस्था द्वारा विजेताओं को क्रमशः 1000, 500 और 300 रुपए नकद पुरस्कार, मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। श्रेष्ठ 10 परीक्षार्थियों को भी मेडल व प्रमाण पत्र सौंपे गए। साथ ही वाद-विवाद प्रतियोगिता में हरसोदन के सुमित चौधरी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

# उत्साहपूर्वक मनाया गया अंतराष्ट्रीय योग दिवस

दैनिक अवन्तिका » शुजालपुर

12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार को शहर में विभिन्न योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जवाहरलाल नेहरू स्मृति शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में क्रीड़ा विभाग एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के संयुक्त तत्वावधान में 19 से 21 जून तक तीन दिवसीय योग कार्यक्रम आयोजित किया गया। योग प्रशिक्षकों उषा कोहली, ऋचा योगी एवं रिया दुबे के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों, स्वयंसेवकों और खिलाड़ियों ने योग, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास किया। रविवार को आयोजित मुख्य कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी विवेकानंद एवं महात्मा गांधी की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण से हुआ। मुख्य अतिथि भाजपा जिला महामंत्री विजय बैस, विशिष्ट अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष बबीता बेनी परमार, जनभागीदारी समिति अध्यक्ष आलोक खन्ना तथा प्राचार्य डॉ. प्रवीणा धारीवाल का स्वागत किया गया।

अपने संबोधन में विजय बैस ने योग को भारत की अमूल्य धरोहर बताते हुए युवाओं से इसे जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। बबीता बेनी परमार ने योग को स्वस्थ समाज की आधारशिला बताया, जबकि आलोक खन्ना ने इसे मानसिक शांति और आत्मविश्वास का माध्यम बताया। प्राचार्य डॉ. प्रवीणा धारीवाल ने कहा कि इस वर्ष की थीम स्वस्थ आयु के लिए योग सभी आयु वर्गों के लिए प्रासंगिक है।



### विद्यार्थियों ने किया योग

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार को ग्राम अरनिया कला स्थित सांदीपनि विद्यालय परिसर में भव्य योग कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति अरनिया कला एवं सांदीपनि विद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। इसमें विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर योगाभ्यास किया। कार्यक्रम में जन अभियान परिषद के विकासखंड समन्वयक धन सिंह धनगर, लीलाधर सिंह गौड़, हनुमंत सिंह परमार, अरुण सोनानिया, विद्यालय के प्राचार्य पाठक, जोशी, चावड़ा, परमार सहित पूर्व कैप्टन एवं योगाचार्य राजेश विशेष रूप से उपस्थित रहे। योगाचार्य राजेश के मार्गदर्शन में प्रतिभागियों ने विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास किया।

### सामूहिक योगाभ्यास

12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार को श्री जटाशंकर महादेव मंदिर परिसर में आयुष्मान आरोग्य मंदिर आयुष शुजालपुर मंडी द्वारा योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डॉ. रामसलोने मिश्रा, डॉ. जाह्नवी मिश्रा, शिवनारायण नाविक, सतीश कुल्मी, डॉ. कृति डांगर तथा योग प्रशिक्षक देवेन्द्र सिंह परमार ने सहभागियों को योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया। योग प्रशिक्षक परमार ने नियमित योग को जीवनशैली का हिस्सा बनानेए संतुलित दिनचर्या अपनाने तथा योग के माध्यम से शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करने का संदेश दिया।

कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के योग दिवस संदेश का लाइव प्रसारण भी देखा गया। क्रीड़ा अधिकारी देवेंद्र कुम्भकार ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। संचालन डॉ. आनंद कुमार अजनोदिया तथा आभार प्रदर्शन लेफ्टिनेंट डॉ. रवि राठौर ने माना। इस अवसर पर बेनी प्रसाद परमार, दीपक परमार, लाड़ सिंह राजपूत, भूपेंद्र परमार, प्रीतम सिंह परमार सहित महाविद्यालय के प्राध्यापक, कर्मचारी, एनसीसी एवं एनएसएस स्वयंसेवक,छात्र-छात्राएं और खिलाड़ी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में योग प्रशिक्षकों का सम्मान किया गया ।

## करें योग, रहें निरोग- गुना में हुआ भव्य 'योग संगम' आयोजन




**गुना।** 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय सामूहिक योग अभ्यास कार्यक्रम का आयोजन रविवार को हनुमान टेकरी परिसर में किया गया। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम (स्वस्थ आयु के लिये योग) निर्धारित की गई है। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, विद्यार्थियों एवं बड़ी संख्या में नागरिकों ने सहभागिता कर सामूहिक योगाभ्यास किया तथा स्वस्थ एवं निरोग जीवन के लिए नियमित योग अपनाने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गुना विधायक पन्नालाल शाक्य रहे। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र सिकरवार, नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती सविता अरविंद्र गुप्ता, नगरपालिका उपाध्यक्ष धरम सोनी, कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल, पुलिस अधीक्षक श्रीमती हितिका वासल सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संदेशों के सजीव प्रसारण से हुई। उपस्थित जनसमूह ने बड़ी स्क्रीन के माध्यम से संदेशों को देखा एवं सुना। इसके पश्चात योग प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में सामूहिक योगाभ्यास कराया गया।

योग साधकों ने वृक्षासन, ताड़ासन, वज्रासन, शशकासन, उष्ट्रासन, शलभासन, सेतुबंधासन एवं पवनमुक्तासन सहित विभिन्न योगासनों का अभ्यास किया। साथ ही कपालभाति, अनुलोम-विलोम, शीतली एवं भ्रामरी प्राणायाम का अभ्यास कर योग के शारीरिक एवं मानसिक लाभों का अनुभव किया। मुख्य मंच पर योग प्रशिक्षक श्रीमती काव्यांजलि शर्मा, श्रीमती मोहनी भार्गव, चंद्र मोहन यादव एवं सुरेश शर्मा द्वारा योग अभ्यास करवाया गया। अयोजित सामूहिक योग कार्यक्रम में जिले के विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के विद्यार्थी, योग संस्थानों के सदस्य, एनसीसी, एनएसएस, पुलिस विभाग, विभिन्न प्रशिक्षण संस्थानों के प्रशिक्षार्थी, शासकीय सेवक, स्वयंसेवी संगठन, वाणिज्यिक एवं औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में आमजन शामिल हुए। कार्यक्रम में जिला पंचायत एवं जनपद पंचायत सदस्यों, नगरीय निकायों के निर्वाचित प्रतिनिधियों तथा अन्य गणमान्य नागरिकों ने भी सहभागिता की। कार्यक्रम का संचालन सीएम राइज विद्यालय के प्राचार्य आशीष टांटिया द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने नियमित योग करने, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा योग के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। इसके साथ ही आयुष विभाग द्वारा लगाए गए सेल्फी पॉइंट पर सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों द्वारा सेल्फी ली गई। योग करने वाले रमल कोठारी तथा पतंजलि योग समिति प्रभारी श्री रघुवंशी को सम्मानित किया गया।

# अवैध शराब पर आबकारी विभाग की बड़ी कार्रवाई, 60 लीटर हाथभट्टी मदिरा जब्त

**गुना।** कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार जिले में अवैध मदिरा के निर्माण, विक्रय, संग्रहण एवं परिवहन के विरुद्ध आबकारी विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में आबकारी विभाग ने ग्राम मुहालपुर एवं निर्भयगढ़ में दबिश देकर 60 लीटर हाथभट्टी मदिरा जब्त की है।

जिला आबकारी अधिकारी गुरुप्रसाद केवट के मार्गदर्शन में आबकारी वृत्त गुना-1 के प्रभारी राधाकिशन अटारिया के नेतृत्व में की गई कार्रवाई के दौरान ग्राम मुहालपुर से 54 पन्नी पाउच तथा ग्राम निर्भयगढ़ से 67 पन्नी पाउच अवैध मदिरा बरामद की गई। कुल 121 पन्नी पाउच में भरी लगभग 60 लीटर हाथभट्टी मदिरा जब्त की गई, जिसकी अनुमानित कीमत 12 हजार रुपये बताई गई है।



कार्रवाई के दौरान मुखबिर से प्राप्त सूचना पर निर्भयगढ़ क्षेत्र में घेराबंदी की गई। इस दौरान एक व्यक्ति मदिरा छोड़कर मौके से फरार हो गया। उसकी पहचान विनायकखेड़ी निवासी सरवन सहरिया के रूप में हुई है, जिसकी तलाश जारी है।

आबकारी विभाग ने आरोपियों के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम, 1915 के तहत दो प्रकरण दर्ज कर विवेचना प्रारंभ कर दी है।

उक्त कार्रवाई में आबकारी प्रधान आरक्षक रामहेत सिंह कुशवाह, आरक्षक गोविंद सिंह मीणा, अरुण कुमार शर्मा, दिनेश कुमार राठौर, महिला आरक्षक पूजा रघुवंशी तथा होमगार्ड सैनिक महिपाल सिंह का विशेष योगदान रहा। आबकारी विभाग ने स्पष्ट किया है कि अवैध मदिरा के कारोबार और जहरीली शराब के विरुद्ध जिले में अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

## पेंशनर्स एसोसिएशन ने नवनियुक्त पदाधिकारियों का सम्मान किया

**शुजालपुर।** प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन की अकोदिया ब्लॉक इकाई द्वारा रविवार को स्वागत एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ब्लॉक इकाई के नवनियुक्त पदाधिकारियों का पुष्पहार, शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर अभिनंदन किया गया। समारोह में सेवानिवृत्त शिक्षक केदार सिंह राजपूत को पुनः ब्लॉक अध्यक्ष तथा डॉ. सुशील कुमार गेहलोत को कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर संगठन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने उनका स्वागत किया। इस अवसर पर डॉ. गेहलोत ने कहा कि संगठन के वरिष्ठजनों ने जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसका निर्वहन वे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ करेंगे।

कार्यक्रम को ब्लॉक अध्यक्ष केदार सिंह राजपूत एवं बंशीधर शर्मा ने भी संबोधित किया। उन्होंने संगठन की गतिविधियों को और अधिक सक्रिय बनाने तथा पेंशनर्स की समस्याओं के निराकरण के लिए सामूहिक प्रयास करने की बात कही। इस अवसर पर बंशीधर पांडे, नारायण सिंह परमार, गोपाल व्यास, दिलीप सिंह यादव, रमेश राजपूत, गजराज सिंह जायसवाल, चंदर सिंह सिकरवार, दयाराम मालवीय, दिनकर राव, नंदलाल चौहान, राजेंद्र राजपूत, रायसिंह मेवाड़ा, कमल सांखला सहित बड़ी संख्या में संगठन के सदस्य उपस्थित रहे।

## रक्तदान शिविर में युवाओं ने दिखाई सेवा भावना

**शुजालपुर।** स्वर्गीय हरिशंकर सिंघानिया की 93वीं जयंती के अवसर पर जेके लक्ष्मी सीमेंट परिवार के सौजन्य से सिविल अस्पताल शुजालपुर मंडी में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में युवाओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर स्वैच्छिक रक्तदान किया। रक्तदाताओं को प्रमाण-पत्र एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया। शिविर के समन्वयक पूर्व पार्षद प्रवीण जोशी, मनोज शुक्ला, अश्विनी तिवारी एवं अनिल मीणा ने बताया कि रक्तदान जरूरतमंदों को जीवनदान देने का सबसे श्रेष्ठ माध्यम है। आयोजन को सफल बनाने में जया माहेश्वरी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस अवसर पर पं. अश्विन नागर माधव सरकार एवं अस्पताल प्रभारी शारदा रामसरिया ने रक्तदान को मानवता की सर्वोच्च सेवा बताते हुए स्वस्थ नागरिकों से नियमित रक्तदान करने का आह्वान किया। शिविर में अशोक उपलावदिया, अनिल मीणा, सुनील मीणा, गोविंद सिंह सहित अनेक युवाओं ने रक्तदान किया।

## ऐतिहासिक जहाज महल के प्रांगण में गूंजा योग का संदेश

**धार।** अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन नगरी मांडू के विश्वप्रसिद्ध और ऐतिहासिक जहाज महल परिसर में आज 12वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस बेहद भव्य, दिव्य और ऊर्जावान अंदाज में मनाया गया। सदियों पुरानी पुरातात्विक धरोहर के बीच हजारों नागरिकों ने एक सुर में योग किया। मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार आयोजित इस मुख्य जिला स्तरीय सामूहिक योग कार्यक्रम में केंद्रीय महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुईं। कार्यक्रम में महामंडलेश्वर नरसिंह दास जी महाराज की गरिमामयी उपस्थिति एवं सानिध्य प्राप्त हुआ। इस दौरान कलेक्टर श्री राजीव रंजन मीना, पुलिस अधीक्षक श्री सचिन शर्मा सहित जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

**प्रधानमंत्री जी का संदेश**-योग मानव जीवन का प्रकाश और संतुलन का आधार कार्यक्रम के दौरान सभी प्रतिभागियों ने देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का राष्ट्र के नाम संदेश बेहद एकाग्रता के साथ सुना। प्रधानमंत्री जी ने अपने संदेश में पूरे मानव समाज को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि-योग सबको जोड़ता है। भारत में हम जानते हैं और देखते आये हैं कि योग मानव जीवन का चेतना के साथ, ऊर्जा के साथ प्रकाश भी है। संतुलन ही योग का आधार है। इस अवसर पर करोडो लोग योग से जुड़ रहे हैं और हमें योग को अपने जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। इसी दिव्य संदेश को आत्मसात करते हुए इस वर्ष की थीम स्वस्थ आयु के लिए योग पर सामूहिक योगाभ्यास किया गया। जहाज महल के इस भव्य आयोजन की सबसे बड़ी विशेषता समाज के हर तबके की सक्रिय भागीदारी रही। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न जनप्रतिनिधियों, प्रबुद्ध गणमान्य नागरिकों, स्वयंसेवी संस्थाओं सामाजिक संगठनों, महिला मंडलों और योग सोसायटियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सभी संस्थाओं और नागरिकों ने मिलकर समाज को यह संदेश दिया कि योग किसी वर्ग या उम्र सीमा में बंधा नहीं है, बल्कि यह संपूर्ण मानवता को एक सूत्र में पिरोने और आरोग्यता प्रदान करने का सशक्त माध्यम है। स्वयंसेवी संस्थाओं के पदाधिकारियों ने इस अवसर पर वर्षभर योग को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प भी लिया। केंद्रीय राज्यमंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए योग को दिनचर्या का हिस्सा बनाने की अपील की। कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारियों के साथ भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण भोपाल से श्री नितिन श्रीवास्तव, अधीक्षण पुरातत्वविद डॉ. शिवकांत वाजपेई, सहायक अधीक्षण पुरातत्व अभियंता श्री चितरंजन कुमार, संरक्षण सहायक मांडू श्री प्रशांत पाटनकर तथा जिला आयुष अधिकारी डॉ. प्रमिला चौहान विशेष रूप से उपस्थित रहे।


### जाहिर-सूचना

एतद्वारा सर्वसाधारण को सूचित् किया जाता हैं कि मेरे पक्षकार ने भेरूलाल पिता पुनाजी, जाति चमार निवासी ग्राम लिखौदा, तहसील बडनगर, जिला उज्जैन से उनके मालिक, स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नं0 195/1/1/1/1 रकबा 1.55 हेक्टेयर में से हिस्सा 1/6 अनुसार रकबा 0.20 हेक्टेयर बरूख पश्चिम दिशा की, स्थित ग्राम लिखौदा, तहसील बडनगर को कय करने का सौदा करके बयाने की राशी अदाकर बिकी अनुबंध-पत्र का विधिवत् पंजीयन दिनांक 15/04/2026 को उपपंजीयक कार्यालय बडनगर में किया गया हैं तथा भेरूलालजी ने मेरे पक्षकार को उपरोक्त कृषि भूमि पर दिनांक 20/04/2026 को मौके पर कब्जा सुपुर्द कर काबिज भी करा दिया हैं, तब से मेरा पक्षकार उपरोक्त कृषि भूमि पर निरन्तर काबिज चला आ रहा हैं। मेरे पक्षकार को विश्वस्त सूत्रों से पता चला हैं कि भेरूलालजी ने उपरोक्त कृषि भूमि को अन्य को विक्रय व अन्तरण करने का प्रयास कर रहें हैं तथा भेरूलालजी ने उपरोक्त कृषि भूमि को इरफान खॉ पिता शमशेर खॉ, जाति मुसलमान, निवासी-ग्राम लिखौदा, तहसील बडनगर, जिला उज्जैन, मध्यप्रदेश को विकय करने का सौदा कर जो लिखापढी की हैं, उसे भी भेरूलालजी एवं इरफान खॉ तत्काल निरस्त करवा लेवें। इसलिये इस जाहीर सूचना के माध्यम से सर्वसाधारण को सूचित् किया जाता हैं कि उपरोक्त कृषि भूमि को कोई भी व्यक्ति भेरूलालजी से कय करने का सौदा नहीं करें और नहीं बयाने की राशी का भुगतान ही करें और नहीं भेरूलालजी से उपरोक्त कृषि-भूमि के संबंध में किसी भी प्रकार का कोई भी व्यवहार ही करें और नहीं भेरूलालजी से उपरोक्त कृषि-भूमि के संबंध में किसी भी प्रकार का कोई भी दस्तावेज इत्यादि ही निष्पादन करावें। यदि इसके बावजूद भी भेरूलालजी से उपरोक्त कृषि भूमि के संबंध में कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार का कोई भी व्यवहार करता हैं तो उसका जवाबदार वह स्वयं ही होंगा तथा संबंधित् व्यक्ति को उपरोक्त कृषि भूमि में किसी भी प्रकार के प्रकार के कोई भी मालकाना हक, स्वत्व, हित, अधिकार किसी भी प्रकार से प्राप्त नहीं होंगे तथा लेख मेरे पक्षकार के मुकाबले शून्यवत् एवं निष्प्रभावी माना जावेंगा तथा उक्त लेख मेरे पक्षकार पर किसी भी प्रकार से बंधनकारक नहीं रहेंगा। दिनांक 22/06/2026,

**पुष्पेन्द्र सिंह सोलंकी एडव्होकेट,**
**16, पंढरीनाथ चौक बड़नगर, जिला उज्जैन**
**मो. 9893739313**

### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवासीय व्यपवर्तित भूमि सर्वे क्रमांक 106/2/1/2 रकबा 0.2270 हेक्टेयर स्थित ग्राम हामूखेडी तह. कोठीमहल जिला उज्जैन में स्थित है। उक्त भूमि के वर्तमान स्वामी प्रकाशचन्द्र जोशी, दिलीपकुमार जोशी पुत्रगण गोवर्धनलाल निवासी 84/1 रंग बावडी, सखीपुरा उज्जैन के स्वामित्व एवं आधिपत्य कि है। तथा वर्तमान स्वामीगण ने उक्त संपत्ति को विक्रय करने का सौदा का मेरे पक्षकार से किया है तथा अनुबंध पत्र का निष्पादन किया जा चूका है एवं निकट भविष्य में विक्रय पत्र का निष्पादन किया जाना है। अतः सूचित किया जाता हैं कि यदि उक्त भूमि में अन्य किसी का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उक्त भूमि पर किसी बैंक, व्यक्ति, प्राइवेट संस्था, पैढी आदि का कोई लेना-देना बकाया हो या उक्त भूमि के स्वामित्व या कब्जे के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो या वैधानिकता के संबंध में कोई विवाद हो या कोई न्यायालीन विवाद हो या परिवार के किसी सदस्य को आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाषन के दिनांक से तीन दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत् रूप से मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सकें। उक्त अवधि में कोई आपत्ति नहीं आने पर मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूमि के विक्रय पत्र का निष्पादन अपने हित में करवा लिया जावेगा। बाद में किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित हो। दिनांक 21/06/2026

**हेमन्त जायसवाल एडवोकेट**
**आफिस क्रमांक 1, द्वितीय तल विजयवर्गीय टॉवर, टॉवर चौराहा, अम्बेडकर प्रतिमा के पीछे, फ्रीगंज,उज्जैन**
**मो. 9827348332**

# राजस्थान की टीम बनी क्रिकेट चैंपियन, विभिन्न राज्यों के व्यंजनों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने दिखाई 'लघु भारत' की झलक

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम




भारत भारती, रतलाम द्वारा सामाजिक समरसता, सद्भावना और सांस्कृतिक एकात्मता को समर्पित सद्भावना-मैत्री क्रिकेट प्रतियोगिता, फूड कार्निवाल "स्वाद-स्पंदन" एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का भव्य आयोजन श्री सिक्स्टी डिग्री टर्फ, त्रिवेणी रोड पर उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश शासन के कैबिनेट मंत्री श्री चेतन्य कश्यप रहे। अध्यक्षता श्री विनय पत्राले ने की, जबकि मंडल रेल प्रबंधक डॉ. अश्विनी कुमार शर्मा एवं श्रीमती अर्चना शर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न राज्यों की टीमों के बीच सद्भावना-मैत्री क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें अलग-अलग प्रांत की आठ टीमों ने भाग लिया। जिसमें राजस्थान की टीम विजेता तथा उत्तर प्रदेश की टीम उपविजेता रही। विजेता टीम के कप्तान श्री भूपेंद्र सिंह एवं उपविजेता टीम के कप्तान श्री योगेश को अतिथियों ने ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया। इस टूर्नामेंट का सफल संचालन श्री राकेश यादव, श्री गोपाल मजावादिया,श्री आर सी तिवारी द्वारा किया गया।

आयोजन का विशेष आकर्षण फूड कार्निवाल "स्वाद-स्पंदन" रहा, जिसमें लगभग तेरह राज्यों के प्रतिनिधियों ने अपने-अपने प्रदेशों के पारंपरिक एवं स्वादिष्ट व्यंजनों के स्टॉल लगाए। महाराष्ट्र, उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल, सिंध सहित विभिन्न प्रांतों के प्रतिनिधियों ने पारंपरिक वेशभूषा में अपनी संस्कृति और खान-पान की झलक प्रस्तुत कर भारतीय विविधता एवं सामाजिक सहभागिता का सुंदर परिचय दिया।

सांस्कृतिक कार्यक्रम में सरस्वती शिशु मंदिर की बालिकाओं ने श्रीमती तोषी शर्मा के नेतृत्व में आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर दर्शकों की खूब सराहना बटोरी।

मुख्य अतिथि श्री चेतन कश्यप ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में सौहार्द, सद्भाव और आत्मीयता को सुदृढ़ करते हैं तथा इन्हें निरंतर आयोजित किया जाना चाहिए। अध्यक्षीय उद्बोधन में श्री विनय पत्राले ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन "लघु भारत" की संकल्पना को साकार करते हैं, जहां विभिन्न प्रांतों, समाजों, संस्कृतियों और परंपराओं का सुंदर संगम देखने को मिलता है।

विशिष्ट अतिथि डॉ. अश्विनी कुमार शर्मा ने भारत भारती के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक समन्वय को मजबूत करने वाले प्रेरक उपक्रम हैं। इस अवसर पर सभी अतिथियों का स्मृति-चिह्न देकर सम्मान किया गया।

समारोह में गुरु तेग बहादुर स्कूल समिति के अध्यक्ष स्वर्गीय श्री गुरनाम सिंह डंग तथा स्वर्गीय अश्विनी कुमार शर्मा को शिक्षा एवं समाजसेवा के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए मरणोपरांत 'सरदार वल्लभभाई पटेल पुरस्कार' से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष श्री प्रदीप उपाध्याय, आरडीए अध्यक्ष श्री मनोहर पोरवाल, क्षेत्रीय पार्षद एवं एमआईसी सदस्य श्री विशाल शर्मा, श्री भगत भदौरिया, राजपूत समाज अध्यक्ष श्री राजेंद्र सिंह गोयल, समाजसेवी श्री मदन सोनी, श्री जगदीश पहलवान सहित विभिन्न समाजों के प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## न्यूज-कॉलम

### प्रदेश अध्यक्ष कुंवर रणजीत सिंह का हुआ भव्य स्वागत



**पिपलिया मंडी।** असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस मध्य प्रदेश अध्यक्ष,ग्राम पंचायत मुंदेड़ी सरपंच प्रतिनिधि एवं पश्चिम रेलवे एम्पलाई यूनियन के पुर्व अध्यक्ष कुंवर रणजीत सिंह शक्तावत ने राहुल गांधी जी के जन्मदिन के अवसर पर पाटीदार समाज मुंदेड़ी के द्वारा आयोजित स्वरुचित भोज एवं मिलन समारोह में पुष्पमाला पहनते हुए साफा बांधकर भव्य स्वागत किया गया पाटीदार समाज की अंबिका धर्मशाला में समाज के वरिष्ठ जनों के द्वारा गांव के सरपंच प्रतिनिधि एवं राहुल गांधी जी के विचारो को जन-जन तक पहुंचाने मैं अपनी अहम भूमिका अदा करने के लिए कुंवर शक्तावत का ढोल नगाड़ों पुष्प वर्षा के साथ भव्य स्वागत किया इस अवसर पर गांव के समस्त पाटीदार समाज के युवाओं एवं बुजुर्गों ने किसानों पर हो रहे अत्याचार से प्रताड़ित होकर वर्ष 2028 में होने वाले चुनाव में मध्य प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनाने के साथ ही साथ वर्ष 2029 में होने वाले लोकसभा चुनाव में राहुल गांधी जी को भारत का प्रधानमंत्री बनाने की शपथ ली पाटीदार समाज खेती किसानी के माध्यम से इस देश के लिए हमेशा अन्नदाता के रूप में साबित होता आया है और होता रहेगा पाटीदार समाज ने समस्त किसान बंधुओ से वर्तमान में हो रहे किसानों पर अत्याचार को लेकर एक मुहिम छेड़ने की अपील की जिस प्रकार से किसानों को प्रदेश में खाद के लिए डीजल के लिए और पेट्रोल के लिए प्रताड़ित किया जा रहा है ऐसा शायद ही इस देश में कभी हुआ होगा। इस प्रकार के विचार पाटीदार समाज के वरिष्ठ लोगों ने व्यक्त किये।

### चंहुमुखी विकास हेतु मजबूत इच्छा शक्ति का होना आवश्यक-मंत्री श्री चेतन्य काश्यप

**रतलाम।** नगर की अवैध व अनाधिकृत कॉलोनियों में विकास कार्य करवाने हेतु मजबूत इच्छा शक्ति का होना आवश्यक था, नागरिकों के आशीर्वाद से हमें मजबूत इच्छा शक्ति मिली और हम सब मिलकर आज अनाधिकृत कॉलोनियों में सड़क निर्माण कार्य का भूमि पूजन करने जा रहे है।उक्त उद्गार सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री माननीय श्री चेतन्य काश्यप ने दीनदयाल नगर में वार्ड क्रमांक 19 व 20 की 9 अनाधिकृत कॉलोनियों क्रमशः हिम्मत नगर, अमृत सागर गृह निर्माण समिति कॉलोनी, ओसवाल नगर, वीआईपी नगर, पोरवाल नगर, श्रीनगर, श्री कन्ट्रक्शन कॉलोनी अमृत सागर रोड, नेमीनाथ नगर व ऋषभदेव नगर में 4.50 करोड़ की राशि से सड़क निर्माण कार्य के भूमि पूजन के अवसर पर व्यक्त किये। उन्होने कहा कि नगर व नागरिकों के हित में विकास कार्य हेतु हमें जनता का समर्थन मिल रहा है और इसी समर्थन के चलते हम नगर में विकास कार्य करने की राशि शासन से स्वीकृत करा रहे है। विकास का यह क्रम और अधिक गति पकड़ेगा जिससे रतलाम का भूगोल बदलेगा।

### माहेश्वरी समाज के क्रिकेट मैच में टीम माहेश्वरी महारथी विजयी

**खण्डवा।** माहेश्वरी समाज खण्डवा द्वारा मनाए जा रहे 6 दिवसीय महेश नवमी उत्सव के प्रथम दिवस गुरुवार को पुरुष वर्ग क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया।नारायण बाहेती ने बताया कि कप्तान निखिल राठी के नेतृत्व में टीम माहेश्वरी महारथी व कप्तान सुयश काबरा के नेतृत्व में माहेश्वरी वारियर्स के बीच हुए मैच में माहेश्वरी वारियर्स ने 102 रन बनाए। टीम माहेश्वरी ने स्कोर का पीछा करते हुए 10 ओवर में ही 104 रन बनाकर मैच जीत लिया।अर्पित बाहेती ने सर्वाधिक 82 रन बनाकर मेन ऑफ द मैच बने। टीम माहेश्वरी महारथी में निखिल राठी अर्पित बाहेती, मुकुल हूरकट,हर्ष बाहेती, गोविंदा राठी,पंकज मुंदड़ा, सुनील बाहेती व विष्णु बाहेती व टीम माहेश्वरी वारियर्स में सुयश काबरा आदि उपस्थित थे।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर हजारों लोगों ने किया सामूहिक योगाभ्यास और ध्यान

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मन्दसौर



जिला प्रशासन, आयुष विभाग, दशपुर योग शिक्षा संस्थान, अर्हं ध्यान योग, सकल जैन समाज के संयुक्त तत्वाव धान में नूतन स्टेडियम में अंतर राष्ट्रीय योग दिवस का जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस वर्ष यह आयोजन च्स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग थीम पर आधारित था, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने सहभागिता कर योग, प्राणायाम और ध्यान का लाभ उठाया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद सुधीर गुप्ता थे। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष दुर्गा पाटीदार, नपाध्यक्ष रमादेवी गुर्जर, पूर्व मंत्री कैलाश चावला, पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसोदिया, कलेक्टर अदिती गर्ग और जिला पंचायत सीईओ अनुकूल जैन सहित अनेक योग साधक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कोलकाता से दिया गया योग दिवस का संबोधन लाइव प्रसारित किया गया, जिसे सभी उपस्थित जनों ने सुना। सभी प्रतिभागियों को विशेष रूप से च्पंच नमस्कार मुद्राज का अभ्यास करवाया गया। सांसद श्री सुधीर गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि महर्षि पतंजलि द्वारा व्यवस्थित योग हमारी अमूल्य सांस्कृतिक धरोहर है, जो मन, आत्मा और शरीर के बीच संतुलन बनाती है। उन्होंने किसानों से रासायनिक खादों का उपयोग कम कर जैविक खेती अपनाने का भी आग्रह किया।

प्रोटोकॉल के पश्चात जैन संत मुनि श्री 108 प्रणम्यसागर जी महाराज की प्रेरणा और मार्गदर्शन में उपस्थित जनसमूह को योग एवं ध्यान की विशेष साधनाएं कराई गईं। कार्यक्रम में बच्चों ने मंगलाचरण नृत्य प्रस्तुत किया और अंत में सभी ने नियमित योग करने का संकल्प लिया।चित्र-

# तैलीया तालाब के संरक्षण को लेकर विधायक विपिन जैन गंभीर

**कलेक्टर को पत्र लिख निकाली गई मिट्टी के सदुपयोग की मांग की**



**मन्दसौर।** नगर पालिका द्वारा मंदसौर शहर के तैलीया तालाब की जल भराव क्षमता बढ़ाने के उद्देश्य से इसका गहरीकरण कार्य कराया जा रहा है। इस संबंध में क्षेत्रीय विधायक विपिन जैन ने कलेक्टर मंदसौर को एक पत्र लिखकर गहरीकरण के दौरान निकलने वाली मिट्टी के उचित और उपयोगी प्रबंधन की मांग की है। विधायक ने पत्र के माध्यम से प्रशासन का ध्यान आकर्षित करते हुए बताया कि गहरीकरण के दौरान निकाली जा रही मिट्टी को वर्तमान में तालाब के आसपास ही डाला जा रहा है, जिससे तालाब का वास्तविक जल भराव क्षेत्रफल कम होने की पूरी संभावना है। विधायक श्री जैन ने अपने पत्र में यह आशंका भी जताई कि तालाब के आसपास मिट्टी का भराव होने से भविष्य में वहां अतिक्रमण की प्रवृत्ति बढ़ सकती है, जो तालाब के अस्तित्व के लिए ठीक नहीं होगा। इसके समाधान के रूप में उन्होंने कलेक्टर से आग्रह किया है कि इस उपजाऊ मिट्टी को शहर के विभिन्न बगीचों और सार्वजनिक स्थलों के विकास में उपयोग में लिया जाए। साथ ही, इस मिट्टी को स्थानीय किसानों के लिए उनके खेतों में डालने हेतु निःशुल्क उपलब्ध कराया जाए। इससे जहां एक ओर तैलीया तालाब का वास्तविक आकार सुरक्षित रहेगा और उसकी जल क्षमता बढ़ेगी, वहीं दूसरी ओर बहुमूल्य मिट्टी का भी रचनात्मक सदुपयोग हो सकेगा। उन्होंने इस विषय पर शीघ्र आवश्यक निर्देश जारी करने का अनुरोध किया है।

# पुलिस ने कार से 43 किलो डोडाचूरा किया बरामद, दो तस्कर गिरफ्तार

**नीमच ।** राजस्थान पुलिस ने ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत भदेसर थाना क्षेत्र मे मादक पदार्थ तस्करों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए एक आई-20 कार से 43 किलो 280 ग्राम अवैध डोडाचूरा बरामद कर तस्करी में प्रयुक्त कार के साथ दो आरोपी को गिरफ्तार किया है। ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत एएसपी मुकुल शर्मा के मार्गदर्शन व डीएसपी भदेसर विनोद कुमार के सुपरविजन में थानाधिकारी विनोद नाकाबन्दी की जा रही थी। नाकाबंदी के दौरान शाहोली की तरफ से आने बाले कसे रास्ते से एक डार्क ब्लू कलर की आई-२० कार आती हुई नजर आई, जिसको बावर्दी हाथ का इशारा देकर रुकवाना चाहा तो कार चालक कार को तेज गति से भगाने लगा, जिस पर कांस्टेबल सुरेंद्रपाल द्वारा स्टोप स्टिक लगा गाड़ी का टायर पंचर कर दिया द्य उसके बावजूद भी कार चालक कार को लगातार तेज गति से चलते हुए भागने का प्रयास किया द्य पुलिस को कुछ दूरी पर कार खड़ी कर नीचे उतरकर भागने लगे, जिनका जाब्ता द्वारा पीछा कर घेराबंदी कर पकड़ा लिया गया ।

# मल्हारगढ़ में कांग्रेस नेता और टीआई के बीच मोबाइल पर तीखी बहस, आंदोलन की चेतावनी

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मल्हारगढ़

ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अनिल शर्मा और मल्हारगढ़ थाना प्रभारी (टीआई) अनिल रघुवंशी के बीच मोबाइल पर हुई बातचीत के दौरान जमकर बहस हो गई। मामला उस समय गरमा गया जब कांग्रेस नेता ने एक स्थानीय कांग्रेस कार्यकर्ता के खिलाफ पुलिस द्वारा कथित रूप से झूठी कार्रवाई किए जाने का आरोप लगाया।

जानकारी के अनुसार, अनिल शर्मा ने फोन पर टीआई रघुवंशी से उक्त कार्रवाई को लेकर आपत्ति दर्ज कराई और पुलिस पर पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाने का आरोप लगाया। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच तीखी नोकझोंक हुई। कांग्रेस नेता का कहना है कि निर्दोष कार्यकताओं को निशाना बनाकर राजनीतिक दबाव में कार्रवाई की जा रही है, जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

वहीं, टीआई अनिल रघुवंशी ने पुलिस कार्रवाई को कानून सम्मत बताते हुए आरोपों को निराधार बताया। बताया जा रहा है कि बातचीत के दौरान दोनों पक्ष अपने-अपने तर्कों पर अड़े रहे, जिससे माहौल काफी तनावपूर्ण हो गया।

अनिल शर्मा ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि कांग्रेस कार्यकर्ताओं के खिलाफ झूठे प्रकरण दर्ज करने और अनावश्यक कार्रवाई करने का सिलसिला बंद नहीं हुआ तो कांग्रेस सड़क पर उतरकर आंदोलन करेगी। उन्होंने कहा कि पुलिस को निष्पक्ष रहकर कार्य करना चाहिए और किसी भी प्रकार के राजनीतिक दबाव में कार्रवाई नहीं करनी चाहिए।

# महू रोड हाईवे हर्कियाखाल के समीप कार खाई में गिरी ,5 घायल

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ नीमच

जिले के महू हाईवे स्थित हकियाखाल के समीप शनिवार शाम एक तेज रफ्तार और बेकाबू हुई कार सड़क किनारे पुलिया के पास गहरी खाई में गिर गई। इस दुर्घटना में एक ही परिवार के पांच लोग घायल हो गए। घायलों को तत्काल उपचार हो के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां सभी का इलाज जारी है। चिकित्सकों के अनुसार एक घायल बुजुर्ग की हालत नाजुक हैं।

मिली जानकारी के अनुसार राजस्थान के भीम निवासी जैन परिवार के सदस्य नीमच जिले के जीरन क्षेत्र में आयोजित एक पारिवारिक धार्मिक कार्यक्रम रातिजगा में शामिल होने आए थे। शनिवार को कार्यक्रम समाप्त होने के बाद परिवार अपनी आई-20 कार आर जे 01 सी सी 3825 से वापस राजस्थान लौट रहा था। बताया जा रहा है कि जैसे ही कार हर्कियाखाल पुलिया के पास पहुंची, अचानक चालक का वाहन से नियंत्रण छूट गया। कार अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे सीधे गहरी खाई में जा गिरी। कार उतर गई और हवा में लहराते हुए गिरने की जोरदार आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण और राहगीर तुरंत मौके पर पहुंचे तथा राहत एवं बचाव किया। जिला अस्पताल से मिली जानकारी के अनुसार हादसे में कार सवार पंकज जैन 40 वर्ष, पत्नी हेमा जैन 32 वर्ष, बेटी एंजल 12 वर्ष, बेटा आराध्य 9 वर्ष तथा दो वर्षीय विधान जैन घायल हुए हैं। सभी को एम्बुलेंस की मदद से तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया । डॉक्टरों के अनुसार पंकज जैन के शरीर पर गंभीर चोटें आई हैं और उनकी हालत चिंताजनक है। अन्य घायलों का उपचार जारी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर दर्घटना के कारण की जाँच शुरू की है।

# ग्रीन रतलाम-क्लीन रतलाम के साथ रतलाम को बनाना है योगमय -महापौर

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम



21 जून पृथ्वी का सबसे बड़ा दिन और छोटी रात वृद्धावस्था के लिए योग थीम पर योगमय, निरोगी समाज के संकल्प के साथ बारहवाँ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस नगर के बड़बड़ विधायक सभागृह स्थित नगर निगम व पतंजलि योगपीठ युवा भारत जिला रतलाम पांचों संगठनों के तत्वावधान में नगर परिवार समाज के हर वर्ग ने हर्षोल्लास, उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में धूमधाम से मनाया गया।

अर्न्तराश्ट्रीय योग दिवस 21 जून को विधायक सभागृह में नगर के योग साधकों परिवार जनों के बीच महापौर प्रहलाद पटेल, मंडल अध्यक्ष श्रीमती सोना शर्मा, महापौर परिषद सदस्य धर्मेन्द्र व्यास, विशाल शर्मा, पार्शद श्रीमती मनीषा चौहान, भाजपा नेता राकेश मिश्रा, पार्षद प्रतिनिधि राजेन्द्र चौहान, विजयसिंह चौहान, सामाजिक संगठनों, योग प्रशिक्षकों स्कुल संस्थानों के छात्र छात्राओं एवं नागरिकों ने लाइव एल ई डी टीवी पर प्रसारित सामूहिक योगाभ्यास कर स्वस्थ भारत एवं सशक्त समाज के लिए योग से रोजगार आत्मनिर्भर भारत की और पतंजलि योगपीठ द्वारा निर्धारित 25 दिवसीय सहयोग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर की जानकारी से अवगत कराया गया साथ ही जगह जगह योग सत्रों के माध्यम से पहुचाया गया स्वतंत्र राष्ट्र के नवनिर्माण का संकल्प लिया।

नगर निगम परिषद पार्षदों ने भी क्षेत्रवासियों के संग योगाभ्यास किया पतंजलि युवा भारत राज्य प्रभारी प्रेम पुनिया भारत स्वाभिमान ट्रस्ट जिला प्रभारी डॉ उत्तम शर्मा, पतंजलि योग समिति जिला प्रभारी अपार उपाध्याय, युवा भारत जिला प्रभारी विशाल कुमार वर्मा, सोशल मीडिया प्रभारी नित्येन्द्र आचार्य महिला पतंजलि योग समिति राज्य संवाद प्रभारी पिस्ता यादव, निर्मला उपाध्याय, गुरु निष्ठ अन्य योग शिक्षक शिक्षिकाओं की उपस्थिति रहीं ।

आज का युवा योग से आत्मनिर्भरता बैहतर स्वास्थ्य की और कदम बढ़ा रहे योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि शरीर, मन और आत्मा को जोड़ने वाली भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है।हर जन योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाकर हम स्वस्थ, सुखी और समृद्ध जीवन की ओर अग्रसर करें।

## न्यूज कालम



### आराधना भवन जैन श्रीसंघ की 45 दिवसीय नव्वाणु यात्रा संपन्न

**भव्य जुलूस के बाद संजय गांधी उद्यान में हुआ तपस्वियों का बहुमान**

**मंदसौर।** श्री सहस्त्रफणा पार्श्वनाथ श्वेतांबर जैन मंदिर (आराधना भवन जैन श्री संघ) नई आबादी एवं नवरत्न परिवार के तत्वावधान में 45 दिवसीय श्री शत्रुंजय तीर्थ की ९९ बार परिक्रमा करने वाली नव्वाणु यात्रा की पूणार्हुति पर एक विशाल और भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर श्री शंखेश्वर पार्श्वनाथ श्वेतांबर जैन मंदिर से एक भव्य वरघोड़ा (जुलूस) निकाला गया, जिसमें बग्गी पर सवार 35 तपस्वियों की प्रभावना निकाली गई। बैंड-बाजे और धार्मिक भजनों के साथ निकला यह चल समारोह शहर के प्रमुख मार्गों से होता हुआ संजय गांधी उद्यान पहुंचा, जहां बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए। उद्यान परिसर में साध्वी श्री सुप्रसन्ना श्रीजी म.सा. आदि ठाणा 8 के पावन सानिध्य में एक विशाल धर्मसभा और प्रवचन का आयोजन किया गया। धर्मसभा में साध्वीश्री ने तप की महत्ता पर प्रकाश डाला। इस दौरान कार्यक्रम के लाभार्थी परिवारों और मुख्य अतिथि नपाध्यक्ष रमादेवी गुर्जर द्वारा सभी 35 तपस्वियों का शाल, श्रीफल, तिलक और माला पहनाकर भावभीना बहुमान किया गया। कार्यक्रम में संगीतकार अरुण जैन ने भक्ति गीतों की सुंदर प्रस्तुतियां दीं। इस मांगलिक प्रसंग में जैन समाज के विभिन्न ट्रस्टों के पदाधिकारी, व्यापारी संघ के प्रतिनिधि आदि उपस्थित रहे।

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया



**पिपलिया मंडी।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिपलिया स्टेशन में प्राचार्य श्री उमाशंकर पांडेय के निदेर्शानुसार योग दिवस कार्यक्रम मनाया गया। जिसमें सर्वप्रथम मां शारदे के चित्र पर माल्यार्पण कर योग दिवस आरंभ किया गया। जिसमें छात्राओं एवं शिक्षकों ने योगासन किया। जिसमें छात्राओं ने अनुलोम विलोम चक्रासन त्रिकोणासन वज्रासन आदि योग क्रियाएं की। इस अवसर पर विद्यालय के स्टाफ शिक्षक श्री दशरथ सिंह चंद्रावत, श्री रघुनंदन श्रीमाल, श्रीमती युक्ति फरक्या, श्री दिनेश गवरीया, श्रीमती सीमा घटिया, श्रीमती निशा पाटीदार, श्रीमती पूजा चौहान, श्री वासुदेव सोलंकी, श्री महेंद्र राठौर, श्रीमती निधि जोशी, श्रीमती खुशबू रायमलानी श्री कुणाल लवाणी, श्रीमती आनंद कुंवर राठौड, श्रीमती लक्ष्मीबाई सिंदम उपस्थित थे।

### शिवना शुद्धिकरण अभियान में श्रम दानियों ने निकाला एक ट्रॉली कचरा



**मन्दसौर।** शिवना शुद्धिकरण अभियान के 130वें दिन श्रमदानियों ने नदी के भीतर और आसपास फैली गंदगी को साफ किया। नदी से बड़ी मात्रा में प्लास्टिक कचरा, पॉलीथीन, बोतलें, पुरानी तस्वीरें और अन्य अपशिष्ट पदार्थ बाहर निकालकर उचित स्थान पर एकत्रित किए गए, जिससे करीब १ ट्रॉली कचरा निकाला गया।इस अवसर विधायक विपिन जैन भी स्वास्थ्य लाभ लेने के बाद विशेष रूप से शिवना तट पहुंचे। उन्होंने सभी श्रमदानियों का हौसला बढ़ाते हुए स्वयं भी श्रमदान कार्य में हिस्सा लिया। विधायक श्री जैन ने अभियान से जुड़े लोगों की सराहना करते हुए कहा कि सभी ने पर्यावरण संरक्षण और जल स्त्रोतों की स्वच्छता के महत्व को समझकर इसमें सक्रिय भागीदारी निभाई है। उन्होंने आम जनता को नदी में कचरा न फेंकने के प्रति जागरूक करने के प्रयासों को भी सराहा। अंत में उन्होंने समस्त मंदसौर वासियों से आह्वान किया कि वे हर रविवार को सुबह 7 से 9 बजे के बीच शिवना तट पर पहुंचकर इस पुनीत कार्य में अपना योगदान अवश्य दें। इस अभियान में शहर के अनेक गणमान्य नागरिक, समाजसेवी, महिला नेत्रियां और युवा उपस्थित रहे।

### नीमच में नीट यु जी पुनः परीक्षा,दो केंद्रों पर 845 परीक्षार्थी हूए सम्मिलित

**नीमच।** राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा ह्श्वश्वञ्ज-त्र 2026 रविवार 21 जून को दोपहर 2 बजे से सायं 5.15 बजे तक जिले के दो परीक्षा केंद्रों पर सुव्यवस्थित एवं शांतिपूर्ण तरीके से सफलतापूर्वक संपन्न हुई। शहर के दो परीक्षा केदो में जाजू कन्या महाविद्यालय, नीमच पर 456 पंजीकृत में से 423 परीक्षार्थी उपस्थित थे। वही विवेकानंद पी.जी. कॉलेज, नीमच में 470 पंजीकृत में से 422 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। जिले में कुल 926 पंजीकृत परीक्षार्थियों में से 845 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा के निर्देशन में परीक्षा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न हुई। एडीएम श्री बी.एस. कलेश, डिप्टी कलेक्टर श्री चंद्र सिंह धारवे, तहसीलदार एवं अन्य अधिकारियों ने सुबह से ही दोनों केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। नीमच के दोनों केंद्रों पर बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण, लाइव सीसीटीवी निगरानी, एच.एच.एम.डी. से तलाशी एवं थ्री-लेयर सुरक्षा व्यवस्था की गईथी। परीक्षार्थियों के अभिभावकों को के केंद्र परिसर में बैठने की भी समुचित व्यवस्था की गई थी साथ ही प्रशासन द्वारा परीक्षार्थियों के परिजनों के लिए पेयजल एवं सल्पाहार की भी व्यवस्था दोनों केंद्रों पर की गई थी। समन्वयक केंद्रीय विद्यालय नीमच के प्राचार्य श्री प्रियदर्शन गर्ग ने भी केंद्रों का निरीक्षण किया। कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा एवं पुलिस अधीक्षक श्री राजेश व्यास ने सभी परीक्षार्थियों को सफलतापूर्वक परीक्षा संपन्न होने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।



## मंदिर शिखर पर कलश स्थापना से पूर्व निकली भव्य शोभायात्रा

**बिछड़ौद।** प्रजापति समाज के कादोलिया गोत्र के आराध्य भैरव महाराज मंदिर के शिखर पर कलश स्थापना महोत्सव के अंतर्गत शनिवार को भव्य शोभायात्रा निकाली गई। धार्मिक उत्साह एवं श्रद्धा से ओत-प्रोत इस आयोजन में समाजजनों एवं क्षेत्रवासियों ने बड़ी संख्या में सहभागिता की। सामाजिक कार्यकर्ता जीवन प्रजापति ने जानकारी देते हुए बताया कि कादोलिया गोत्र के भैरव महाराज मंदिर का निर्माण कार्य विगत वर्ष पूर्ण होने के पश्चात विधि-विधान से सात दिवसीय कथा एवं महाप्रसादी का आयोजन संपन्न कराया गया था। इसी क्रम में इस वर्ष मंदिर के शिखर पर कलश स्थापना का विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। कलश स्थापना की पूणार्हुति 22 जून को वैदिक मंत्रोच्चार एवं धार्मिक अनुष्ठानों के साथ संपन्न होगी। इसके पूर्व तीन दिनों तक हवन, पूजन एवं विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए जाएंगे। कलश स्थापना महोत्सव के तहत 20 जून को शिखर पर स्थापित किए जाने वाले पवित्र कलश तथा मुख्य यजमान राधाकिशन प्रजापति को सुसज्जित रथ में विराजित कर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होकर निकली, जिसमें श्रद्धालु गाजे-बाजे के साथ नाचते-गाते हुए शामिल हुए। युवा वर्ग गरबा एवं धार्मिक धुनों पर उत्साहपूर्वक नृत्य कर रहा था, वहीं महिलाएं भजन-कीर्तन गाते हुए धर्ममय वातावरण का निर्माण कर रही थीं। जीवन प्रजापति ने बताया कि कादोलिया गोत्र के कुलदेव भैरव महाराज की प्रतिमाएं वर्षों पूर्व उनके पूर्वजों द्वारा बैलगाड़ी से आष्टा के समीप स्थित रौलगांव से बिछड़ौद लाकर स्थापित की गई थीं।

## स्थानांतरण पर डॉ. हर्षिता टटावत को नर्सिंग स्टाफ ने दी भावभीनी विदाई



**सुसनेर।** सिविल अस्पताल में पदस्थ चिकित्सा अधिकारी डॉ. हर्षिता टटावत का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नरवर (जिला उज्जैन) स्थानांतरण होने पर सिविल अस्पताल में नर्सिंग स्टाफ द्वारा भावभीना विदाई समारोह आयोजित किया गया। समारोह में डॉ. हर्षिता का पुष्पगुच्छ एवं स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मान किया गया तथा उनके कार्यकाल के दौरान दी गई स्वास्थ्य सेवाओं की सराहना की गई। इस अवसर पर नर्सिंग स्टाफ ने कहा कि डॉ. हर्षिता ने अपने कार्यकाल में मरीजों के उपचार के प्रति समर्पित भाव से कार्य करते हुए अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनके व्यवहार, कार्यशैली और सहयोगात्मक दृष्टिकोण की सभी ने प्रशंसा की। विदाई समारोह में उपस्थित चिकित्सकों एवं नर्सिंग स्टाफ ने डॉ. हर्षिता के उज्ज्वल भविष्य और नई पदस्थापना के लिए शुभकामनाएं दीं। इस दौरान डॉ. हर्षिता टटावत ने भी सिविल अस्पताल परिवार के सहयोग, स्नेह और विश्वास के लिए सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सुसनेर में बिताया गया समय उनके जीवन की सुखद यादों में हमेशा शामिल रहेगा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में नर्सिंग स्टाफ उपस्थित रही।

## लकड़ियों से भरा ट्रैक्टर जब्त वन विभाग की कार्रवाई



**शुजालपुर।** वन विभाग शुजालपुर ने अवैध रूप से लकडि?ों का परिवहन करते हुए एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त किया है। कार्रवाई वन परिक्षेत्र शुजालपुर अंतर्गत कालापीपल बीट क्षेत्र में की गई। वन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार कालापीपल-सीहोर मार्ग पर जांच के दौरान पीपल की लकडि?ों से भरा एक ट्रैक्टर-ट्रॉली संदिग्ध अवस्था में पाया गया। पूछताछ में परिवहन संबंधी वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाने पर वाहन चालक एवं मालिक रज्जू खां पिता अनीश खां, निवासी पिपलियानगर पार्वती के विरुद्ध कार्रवाई की गई। वन अमले ने ट्रैक्टर-ट्रॉली सहित लकड़ी को जब्त कर अपनी अभिरक्षा में लिया तथा मध्यप्रदेश अभिवहन वनोपज नियम 2022 की विभिन्न धाराओं के उल्लंघन का प्रकरण दर्ज किया। जब्त वाहन एवं काष्ठ को कालापीपल से वन परिक्षेत्र कार्यालय शुजालपुर लाया गया है, जहां आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। कार्रवाई में कालापीपल बीट प्रभारी प्रदीप विश्वकर्मा, देवेंद्र मगोरिया, अजय देशमुख सहित वन विभाग के कर्मचारियों एवं कालापीपल थाना स्टाफ का सहयोग रहा। वन विभाग ने अवैध वनोपज परिवहन के विरुद्ध अभियान आगे भी जारी रखने की बात कही है।

## जमीन विवाद के चलते युवक की अज्ञात हत्यारों ने की कुल्हाड़ी से हत्या

**महिदपुर रोड।** समीप के ग्राम कोटडी के एक किसान राजेंद्र सिंह दांगी 35 की अज्ञात लोगों ने कृषि जमीन विवाद के चलते धारदार हथियार कुल्हाड़ी से हमला कर हत्या कर दी। परिजनों को दूसरे दिन सुबह खेत पर जाने के दौरान हत्या की जानकारी का पता लगा। परिजनों तथा ताल पर थाना प्रभारी स्वराज डाबी से मिली जान कारी के अनुसार मृतक शुक्रवार को अपने खेत पर ट्रैक्टर लेकर बारिश पूर्व की तैयारी के लिये गया खेत हंकाई के लिये गया हुआ था जहां से रात्रि में नहीं आने की वजह से उसके परिजन समझे कि वह खेत पर ही रुक गया होगा सुबह मृतक के परिजन काका का बेटा रामेश्वर खेत पर गया तब उसे इस घटना का पता चला। ताल थाना प्रभारी डाबी ने बताया प्रथम दृष्टया मामला कृषि जमीन विवाद से जुड़ा लगता है पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर परिजनों से पूछताछ करते हुए एक व्यक्ति को पूछताछ करें थाने पर बैठा रखा है।

### संदीपनी उत्कृष्ट शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, खाचरोद में धूमधाम से मनाया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

# पतंजलि योगपीठ के पदाधिकारियों ने कराया राजगढ़ में सौ स्थानों पर योग





**दैनिक अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा।**

राजगढ़ जिले की धरती में पतंजलि के कार्यकर्ता एवं अन्य सहयोगी संगठनों के माध्यम से लगभग 100 से अधिक स्थानों पर भव्य दिव्य अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मना इस अवसर पर भारत स्वाभिमान न्यास के जिला प्रभारी भगवान सिंह कारपेंटर ने शासकीय एकीकृत हायर सेकेंडरी स्कूल जीरापुर में विधायक हजारीलाल दांगी, नगर पंचायत परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह जनपद पंचायत के एसडीओ गोपाल किरार, पंचायत इंस्पेक्टर इंदर सिंह चौहान पंचायत समन्वय दिनेश गुप्ता पंचायत समन्वय रघुवीर कुशवाह स्वच्छ भारत मिशन के ब्लॉक समन्वयक हरिशंकर सुमन, रामप्रसाद कुंभकार आदि कर्मचारी अधिकारी ने व नगर पंचायत परिषद के कर्मचारी साथियों एवं विद्यालय के सभी कर्मचारियों के साथ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग किया, पतंजलि युवा भारत के जिला प्रभारी संतराम आर्य ने झाड़महू की धरती से योग एवं योग को जीवन में आत्मसात करने का मंत्र दिया, पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी कमलेश शर्मा ने शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल लीमा चौहान में सभी अध्यापकों एवं छात्र-छात्राओं के साथ योग किया। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छापीहेड़ा के अध्यापक ओमप्रकाश खटीक ने विद्यालय परिसर में योग किया,नियमित योग कक्षा कांकरिया रोड बालाजी के सभी योग साधकों ने भी कांकरिया रोड बालाजी परिसर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग किया। भेरूलाल पोटर ने खिलचीपुर की धरती से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग किया। किसान सेवा समिति के जिला प्रभारी फूल सिंह पवार ने भी लसूडिया खेराज की धरती से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग किया, भारत स्वाभिमान न्यास तहसील प्रभारी नरेंद्र सिंह सोनगरा ने आयुष्मान आरोग्य मंदिर आरोग्यम परमधानम को स्वास्थ्य केंद्र झाड़महू की धरती से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर बच्चों एवं उपस्थित योग साधकों के साथ योग किया। ज्योति शर्मा योग शिक्षिका ने ब्रह्माकुमारी आश्रम जीरापुर में उपस्थित सभी योग साधक साधिकाओं के साथ योग किया। इस प्रकार नियमित योग कक्षा व विघालयो संस्थावो मे उत्साह पुर्वक योग हुआ।

**खाचरोद**

विश्व योग दिवस के अवसर पर आज संदीपनी उत्कृष्ट शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, खाचरोद का परिसर योगमय हो गया। योग से जुड़ो, जीवन से जुड़ो की थीम पर आयोजित कार्यक्रम में छात्रों, शिक्षकों व पालकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष गोविंद जी भरावा उपाध्यक्ष नगर मंडल अध्यक्ष मनीषा शर्मा भाजपा महामंत्री नितेश पूर्व सैनिक वार्ड पार्षद महोदय ब्लॉक शिक्षा अधिकारी गुरुदत्त जोशी विद्यालय के समस्त स्टाफ साथी एवं समस्त कर्मचारी शामिल रहे विद्यालय प्रचार जुझार सिंह राठौड़ ने कार्यक्रम की मुख्य झलकियां के बारे में बताया सामूहिक योगाभ्यास प्रातः 6:00 बजे विद्यालय के मल्टीपरपज हॉल 200+ विद्यार्थियों और स्टाफ ने एक साथ सूर्य नमस्कार, ताड़ासन, वृक्षासन, भुजंगासन व भ्रामरी प्राणायाम किया। योग प्रशिक्षक धन्नालाल चौधरी एवं संतोष शर्मा सर द्वारा आसनों की सही विधि भी बताई गई।

**प्रेरणादायक उद्बोधन**

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गोविंद जी बरवा एवं मनीष शर्मा मैडम द्वारा कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि मानसिक अनुशासन और तनाव मुक्त जीवन की कुंजी है इस बीच कोलकाता से लाइव प्रसारण माना नीय प्रधानमंत्री नरेंद्र जी मोदी के उद्बोधन को सुना गया। रोज 10 मिनट योग, आपको जीवन भर स्वस्थ रख सकता है।

### नकबजनी के तीन आरोपी गिरफ्तार

## 8 क्विंटल सोयाबीन सहित 2 लाख 95 हजार रुपये की चोरी का माल बरामद

**घटना में प्रयुक्त पिकअप एवं ट्रैक्टर-ट्रॉली सहित 20 लाख रु के वाहन जप्त**

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा।**




राजगढ़ जिले में चोरी,नकबजनी एवं संपत्ति संबंधी अपराधों पर अंकुश लगाने हेतु एसपी के द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा, एसडीओपी नरसिंहगढ़ प्रकाश शर्मा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बोडा उप निरीक्षक देवेन्द्र सिंह राजपूत के नेतृत्व में बोडा पुलिस ने चोरी के मामले में कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी गया संपूर्ण माल बरामद किया। फरियादी राजेन्द्र पिता हीरालाल पाटीदार निवासी पचोर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि ग्राम रोसला जागीर स्थित खेत पर बने मकान में रखे सोयाबीन, लहसुन एवं इनवर्टर बैटरी अज्ञात व्यक्तियों द्वारा चोरी कर ली गई। पुलिस ने अपराध क्रमांक 196/2026 धारा 305(4), 331(ए) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपियों की तलाश हेतु विशेष टीम गठित की। पुलिस टीम ने सीसीटीवी फुटेज, साइबर सेल एवं मुखबिर तंत्र की सहायता से संदिग्धों की पहचान की। पूछताछ के दौरान आरोपी रोसला जागीर निवासी सुमेर उर्फ सुखराम पिता प्रताप सिंह चोरसिया राजपूत ने अपने साथी ढाबला निवासी मोहन पिता देवसिंह राजपूत के साथ मिलकर चोरी की घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। आरोपियों ने बताया कि फरियादी के घर पर लंबे समय से ताला लगा होने तथा अंदर सोयाबीन एवं लहसुन भरा होने की जानकारी मिलने पर उन्होंने पिकअप वाहन की सहायता से उक्त सामग्री चोरी कर बाजार में बेच दी तथा प्राप्त राशि अपनी साथी पुष्पाबाई पति प्रेमसिंह मालवीय के पास रखवा दी। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी से प्राप्त 1 लाख 75 हजार नगद, 8 क्विंटल सोयाबीन, एक इनवर्टर, घटना में प्रयुक्त पिकअप एवं ट्रैक्टर कुल कीमत 22 लाख 95 हजार रुपए का माल जप्त कर आरोपियों को न्यायालय में पेश किया।

## गीता भवन निर्माण की तैयारियों का जनप्रतिनिधियों ने किया स्थल निरीक्षण

**सुसनेर।** भारतीय ज्ञान-परंपरा, अध्यात्म, दर्शन और सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण एवं प्रसार के उद्देश्य से प्रदेश सरकार द्वारा प्रत्येक नगरीय निकाय में गीता भवन निर्माण की योजना पर कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में सुसनेर नगर में प्रस्तावित गीता भवन निर्माण स्थल का शनिवार को जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने संयुक्त रूप से निरीक्षण कर निर्माण कार्य की तैयारियों का जायजा लिया। नगर के एनआरएलएम भवन के पीछे प्रस्तावित गीता भवन स्थल पर पहुंचे नगर परिषद अध्यक्ष प्रदीप सोनी ने अधिकारियों के साथ निर्माण संबंधी व्यवस्थाओं और भूमि की स्थिति का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक औपचारिकताएं शीघ्र पूर्ण कर निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए, ताकि निर्धारित समय-सीमा में भवन का निर्माण प्रारंभ हो सके। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष डॉ. सौरभ जैन, सांसद प्रतिनिधि मुकेश हरदेनिया एवं भाजपा महामंत्री लखन सेन भी मौजूद रहे। वहीं नगर परिषद के मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) हरिओम शर्मा तथा हल्का पटवारी मोहित नागर ने स्थल से संबंधित तकनीकी एवं राजस्व जानकारी से जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया। अध्यक्ष प्रदीप सोनी ने कहा कि गीता भवन केवल एक भवन नहीं होगा, बल्कि यह भारतीय संस्कृति, अध्यात्म, नैतिक मूल्यों और सनातन ज्ञान परंपरा के संरक्षण एवं संवर्धन का महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा। यहां धार्मिक, सांस्कृतिक, शैक्षणिक एवं सामाजिक गतिविधियों का आयोजन किया जा सकेगा जिससे नई पीढ़ी को भारतीय संस्कृति और श्रीमद्भगवद्गीता के जीवनोपयोगी संदेशों से जोड़ने में मदद मिलेगी। निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य की रूपरेखा, स्थल की उपयोगिता तथा आवश्यक आधारभूत सुविधाओं पर भी चर्चा की गई। अधिकारियों ने भरोसा दिलाया कि सभी आवश्यक प्रक्रियाएं समय पर पूरी कर निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ कराया जाएगा।

## पोलायकलां में जगन्नाथ रथ यात्रा का जगह-जगह आरती उतारी

**पोलायकलां।** भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा धूमधाम से निकाली गई। श्रीराम मांगलिक भवन से विधि-विधान और विशेष पूजा-अर्चना के साथ शुरू हुई इस यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु आस्था के साथ शामिल हुए। भगवान के दर्शन के लिए सड़कों पर लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। भजन-कीर्तन, शंखनाद और 'जय जगन्नाथ' के जयघोष के साथ सजे-धजे रथ पर सवार होकर भगवान जगन्नाथ नगर भ्रमण पर निकले। यात्रा मार्ग में विभिन्न सामाजिक संगठनों, स्थानीय व्यापारियों और आम श्रद्धालुओं ने जगह-जगह रथ को रोककर भगवान की आरती उतारी और पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।

### खरसौदकलां एवं अजडावदा नर्सरी स्कूल प्रारंभ हुए दो साल बीते लेकिन शिक्षिका का कोई अता-पता नहीं

## नए शिक्षा सत्र के दौरान बच्चों का नामांकित मुकाबला आधे से भी कम स्कूल पहुंचे

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ खरसौदकलां**



नया शिक्षा सत्र मंगलवार से शुरू हुआ। परंतु रजिस्टर में दर्ज संख्या के मुकाबला विद्यार्थी की संख्या पहले एवं दूसरे दिन नाम मात्र की रही।

बताते हैं कि भले ही शिक्षा विभाग ने 1 जुलाई बदले 16जून से नई शिक्षा व्यवस्था लागू की है परंतु सरकारी स्कूली बच्चो में 1जुलाई से स्कूल पहुंचने की धारणा बनी हुई है। इधर शिक्षको का कहना है कि शिक्षा सत्र की शुरूआत की सूचना करने के बाद भी बहुत कम बच्चे स्कूल पहुंचे हैं। नई शिक्षा व्यवस्था के दौरान बच्चे भर्ती तो हो गए परंतु पढ़ाई के नाम से वर्तमान में स्कूल जाने से कतरा रहे हैं। ऐसे में खरसोदकलां स्कूल के तो बहुत बुरे हालात है। यहां मिडिल के साथ हाई एवं हायर सेकेंडरी में एक साला एक परिसर में 225बच्चे हैं। पहले और दूसरे दिन नाम मात्र के बच्चे स्कूल पहुंचे थे।जिनकी संख्या उंगली पर गिनती की जा सकती थी।मजेदार बात तो यह है कि खरसोदकला में प्राइमरी स्कूल में 20 बच्चों में से मात्र चार बच्चे ही स्कूल पहुंचे ।जिसमें भी कक्षा 6-7-8 वीं में गुरुवार को मात्र 6बच्चे कक्षा में बैठे मिले। खरसोदकला के शांति नगर के प्राइमरी स्कूल में 70 बच्चे नामांकित है जिसमें से गुरुवार को आधे बच्चे भी स्कूल नहीं पहुंचे जिसने पहली में 9 में चार बच्चे ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है।

अजडावदा हाई स्कूल के भी यही हाल रहे है । यहां 131 बच्चों से मात्र 15 बच्चे ही अपने उपस्थिति दर्ज करवाई। जबकि यहां के प्राइमरी से लेकर मिडिल तक 74 बच्चे नामांकित है जबकि नर्सरी में बच्चों ने स्कूल पहुंचे में अपना उत्साह दिखाया है। यहां 14 में से 11 बच्चे स्कूल पहुंचे परंतु 2 साल पहले नर्सरी स्कूल प्रारंभ किया गया परंतु अब तक बच्चों को पढ़ाने के लिए शिक्षिका की नियुक्ति नहीं हुई है। ऐसे हाल खरसोदकला नर्सरी स्कूल के भी है यहां भी 2 साल पहले नर्सरी कक्षा का प्रारंभ की गई परंतु बच्चों को पढ़ने के लिए शिक्षिका का कोई अता-पता नहीं है। चामलेश्वर हायर सेकंडरी स्कूल में एक साला एक परिसर में 344 बच्चे के नाम दर्ज है। जिसमें से मात्र 12 बच्चो ने अपने उपस्थिति दर्ज करवाई है।

**सलवा में आशा से विपरीत स्कूल पहुंचे बच्चे**

सलवा में माध्यमिक शाला एवं प्राइमरी में 60 बच्चे नामांकित है ।परंतु वर्तमान में मंगलवार को मात्र 15 बच्चों की उपस्थिति दर्ज हुई। ऐसे ही हालात सिसोदिया मिडिल स्कूल के हैं । यहां वर्तमान में 15 बच्चे दर्ज है। जिसमें से 6 बच्चे स्कूल पहुंचे थे।



## नगर के समाजसेवी सुरेश चौहान सेन गौरव सम्मान-26 से सम्मानित

**सारंगपुर।** गत दिवस सेन समाज परिवार एवं श्री दुर्गा प्रसाद स्मृति न्यास विदिशा द्वारा उत्कृष्ट विद्यार्थियों व समाजसेवियों के लिए रविंद्रनाथ टैगोर ऑडिटोरियम मे आयोजित आप है प्रतिभावान राज्य स्तरीय सम्मान समारोह संपन्ना हुआ, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पीठाधीश्वर पूज्य श्री श्री 1008 सैनाचार्य स्वामी श्री अचलानंद गिरी जी महाराज, अखिल भारतीय सेन भक्ति पीठ जोधपुर-राजस्थान थे, तथा विशेष अतिथि यशपाल सिंह ठाकुर अध्यक्ष-केश कला कौशल विकास बोर्ड, (कैबिनेट मंत्री-हरियाणा सरकार) थे, दोनों अतिथियों ने 10वीं 12वीं में 70 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित करने वाले लगभग 150 विद्यार्थियों एवं सामाजिक क्षेत्रों के लिए निरंतर कार्य करने वाले समाजसेवियों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर ऑल इंडिया सेनजी महासंघ ट्रस्ट-नई दिल्ली के सदस्य एवं नगर के समाजसेवी सुरेश चौहान ने पीठाधीश्वर अचलानंद महाराज का मालवा की परम्परानुसार साथियों के साथ शॉल व मालवी-पगडी पहनाकर गुरुवर का सम्मान किया।

## मेडिकेयर कॉलेज के विद्यार्थियों की प्रवीण सूची में उत्कृष्ट सफलता

**सारंगपुर।** मेडिकेयर इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस कॉलेज सारंगपुर का म.प्र. मेडिकल साइंस विश्वविद्यालय जबलपुर द्वारा बी.एम.एल.टी. तृतीय वर्ष का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। मेडिकेयर कॉलेज की अकादमिक डायरेक्टर डॉ. सांत्वना सिंह यादव ने बताया कि बी.एम.एल.टी. तृतीय वर्ष (बैच 2021-22) वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया है, जिसमें मुख्य परीक्षा के 58 एवं पूरक परीक्षा के 05, कुल 63 विद्यार्थी सम्मिलित हुए थे, बी.एम.एल.टी. तृतीय वर्ष की मुख्य परीक्षा में छात्रा हंसा भारता ने 916 अंक प्राप्त कर प्रवीण सूची में प्रथम स्थान प्राप्त किया। विनायक नामदेव ने 895 अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा मधु कुंभकार ने 872 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी प्रवीण सूची में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी प्रतिभावान हैं। मेडिकेयर कॉलेज राजगढ जिले का एकमात्र पैरामेडिकल कॉलेज है, जिसमें अत्याधुनिक तरीकों से अध्यापन करवाया जाता है। जो विद्यार्थी बी.एम.एल.टी. पूर्ण कर चुके हैं, वे विद्यार्थी मास्टर डिग्री में प्रवेश ले सकते हैं।।







## नागरिकों ने राष्ट्र गौरव महाराणा प्रताप को श्रद्धासुमन अर्पित किए



**सारंगपुर।** वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती के गौरवपूर्ण अवसर पर स्थानीय महाराणा प्रताप चौराहा स्थित उनकी प्रतिमा पर भव्य माल्यार्पण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों ने राष्ट्र गौरव महाराणा प्रताप को श्रद्धासुमन अर्पित किए। कार्यक्रम में मध्य प्रदेश शासन के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम टेटवाल एवं राजगढ लोकसभा क्षेत्र के सांसद रोडमल नागर ने महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। माल्यार्पण के पश्चात उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए मंत्री गौतम टेटवाल ने कहा महाराणा प्रताप का जीवन हम सभी के लिए राष्ट्रभक्ति, स्वाभिमान और अदम्य साहस की सबसे बडी प्रेरणा है। उन्होंने विषम परिस्थितियों में भी कभी झुकना स्वीकार नहीं किया और मातृभूमि की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योचावर कर दिया। वहीं सांसद रोडमल नागर ने अपने विचार साझा करते हुए कहा कि महाराणा प्रताप के शौर्य और पराक्रम की गाथाएं आज भी हर भारतीय के दिलों में राष्ट्रप्रेम की अलख जगाती हैं। नई पीढी को उनके जीवन चरित्र और सिद्धांतों से सीख लेनी चाहिए।

## वीर तेजाजी मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव 24 जून को

**बदनावर।** बदनावर के ग्राम बखतगढ़ स्थित नवनिर्मित श्री वीर तेजाजी मंदिर में पांच दिवसीय धार्मिक महोत्सव शुक्रवार को कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ। इस यात्रा में गांव की महिलाओं और श्रद्धालुओं ने सिर पर कलश धारण कर उत्साहपूर्वक भाग लिया। कलश यात्रा का गांव के विभिन्न स्थानों पर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया, जिससे पूरा गांव भक्तिमय माहौल में सराबोर रहा। क्षत्रिय जाट समाज द्वारा आयोजित इस महोत्सव में 24 जून तक पंचकुंडात्मक महायज्ञ और श्री वीर तेजाजी महाराज की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान संपन्न होंगे। आयोजन समिति के अनुसार, महोत्सव के पहले दिन हेमाद्रि स्नान, स्वस्तिवाचन, गणपति पूजन, कलश स्थापना, मंडप प्रवेश, देवता आव्हान पूजन और मूर्ति धान्याधिवास जैसे अनुष्ठान संपन्न हुए। आगामी दिनों में देवपूजन, अभिषेक, हवन, मूर्ति जलाधिवास, पुष्पाधिवास और सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जाएगा। प्रतिदिन रात्रि में भजन संध्या भी आयोजित की जा रही है। महोत्सव का समापन 24 जून को मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा, पूर्णाहूति और महाआरती के साथ होगा।

## 31 जुलाई तक फाइल कर दें इनकम टैक्स रिटर्न

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

वित्त वर्ष 2025-26 के लिए इनकम टैक्स रिटर्न यानी आईटीआर फाइलिंग शुरू हो चुकी है। आम टैक्सपेयर्स के लिए रिटर्न फाइल करने की आखिरी तारीख 31 जुलाई 2026 है। वहीं, बिजनेस क्लास के कुछ लोगों के लिए यह 31 अगस्त है। अगर आप 31 जुलाई तक चूक जाते हैं, तो 31 दिसंबर तक जुमार्ना भरकर 'बिलेटेड रिटर्न' फाइल कर सकते हैं। क्ळफ आपकी पूरी आय, निवेश और वित्तीय लेन-देन का आधिकारिक रिकॉर्ड होता है। इनकम टैक्स डिपार्टमेंट अक् डेटा एनालिटिक्स और विभिन्न पोर्टलों के जरिए बैंक खातों, ळऊ, शेयर-म्यूचुअल फंड, प्रॉपर्टी और विदेश यात्रा तक की जानकारी जुटाकर क्ळफ में दी गई जानकारी से मिलाता है। ऐसे में छोटी सी चूक भी टैक्स डिमांड, ब्याज और पेनाल्टी का कारण बन सकती है।

बहुत से सैलरीड लोगों को लगता है कि फॉर्म 16 में जो कुछ है, वही काफी है। लेकिन फॉर्म 16 सिर्फ सैलरी और उस पर कटे टीडीएस की जानकारी देता है। अगर आपको FD, RD, सेविंग अकाउंट का ब्याज, डिविडेंड, किराया, फ्रीलांस आय, शेयर-म्यूचुअल फंड का लाभ या विदेशी इनकम हुई है तो उसे भी ITR में शामिल करना जरूरी है। इन्हें छिपाने पर बाद में अतिरिक्त टैक्स और ब्याज चुकाना पड़ सकता है। गलत फॉर्म चुनने पर रिटर्न डिफेक्टिव माना जा सकता है, यानी मान लिया जाएगा कि आपने रिटर्न फाइल ही नहीं किया।

रिटर्न भरने से पहले फॉर्म 16, फॉर्म 26AS, एनुअल इंफॉर्मेशन स्टेटमेंट और टैक्सपेयर इंफॉर्मेशन समरी का मिलान जरूर करें। अगर इनमें दिख रही आय आपके रिटर्न से अलग है तो विभाग स्पष्टीकरण मांग सकता है। गलत जानकारी दिखे तो पोर्टल पर सुधार के लिए शिकायत दर्ज करें।

अगर वित्त वर्ष में जॉब चेंज की है तो पुराने और नए दोनों एम्प्लॉयर से मिली सैलरी को जोड़कर ही रिटर्न भरें। ऐसा न करने पर कम TDS कटने की वजह से बाद में टैक्स चुकाना पड़ सकता है। सभी बैंक अकाउंट्स की जानकारी दें। रिफंड आने वाले अकाउंट का IFSC कोड और अकाउंट नंबर बिल्कुल सही डालें। गलती से रिफंड में देरी हो सकती है। कई लोग सोचते हैं कि TDS न कटे तो आय कर योग्य नहीं। यह गलत है। FD, RD, सेविंग अकाउंट और बॉन्ड का ब्याज विभाग को अक् और बैंक डेटा से पता चल जाता है। इन्हें छोड़ना महंगा पड़ सकता है। डिमैट अकाउंट PAN से लिंक होने के कारण सभी ट्रांजेक्शन विभाग के पास आ जाते हैं। शेयर बेचने, टऋ रिडीम करने या प्रॉपर्टी बेचने पर हुए लाभ या नुकसान दोनों घोषित करें। नुकसान दिखाने से भविष्य में टैक्स बचत हो सकती है। हेल्थ इंश्योरेंस और होम लोन पर ब्याज जैसी कटौतियां केवल सही निवेश पर ही लें। दस्तावेज सुरक्षित रखें, विभाग कभी भी प्रमाण मांग सकता है।


# 15000 करोड़ की लागत से बनेगा नया इमरजेंसी ऑयल रिजर्व

## ईरान जंग के बाद फैसला; युद्ध या तेल संकट के वक्त करीब 11 दिन का तेल स्टोर रहेगा

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

अमेरिका-ईरान युद्ध के दौरान हुए तेल संकट के बाद केंद्र सरकार ने नया इमरजेंसी ऑयल रिजर्व बनाने का फैसला लिया है। यह रिजर्व ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉर्पोरेशन बनाएगी।

इकोनॉमिक टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, इस पूरे प्रोजेक्ट में करीब 15,000 करोड़ खर्च होने का अनुमान है। यह अंडरग्राउंड इमरजेंसी तेल भंडार कर्नाटक के मंगलुरु में बनाया जाएगा। इसमें 1.28 लाख बैरल तेल रखा जा सकेगा। अभी भारत की कुल स्ट्रेटेजिक क्रूड स्टोरेज क्षमता करीब 3.9 करोड़ बैरल है, जिसे आपात स्थिति में इस्तेमाल किया जाता है। भारत रोजाना करीब 50 लाख बैरल तेल खपत करता है। इसलिए यह ऑयल रिजर्व देश की जरूरतें लगभग 8-9 दिन तक पूरी कर सकता है। 1.28 लाख बैरल का नया रणनीतिक तेल भंडार का प्रोजेक्ट पूरा होने पर यह क्षमता करीब 33% यानी करीब 3 दिन बढ़ जाएगी। फिर देश में युद्ध या तेल संकट में करीब 11 दिन का तेल रिजर्व रहेगा।




### 5000 करोड़ बनाने और तेल भरने में 10,000 करोड़ का खर्च

रिपोर्ट के मुताबिक, इस प्रोजेक्ट के खर्च को दो हिस्सों में बांटा गया है। डठऋ भूमिगत गुफा के निर्माण पर लगभग 5,000 करोड़ खर्च करेगी। मौजूदा बाजार कीमतों और एक्सचेंज रेट के आधार पर इस फैसिलिटी में कच्चा तेल भरने के लिए 10,000 करोड़ की जरूरत पड़ सकती है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि डठऋ इस बड़े निवेश की वसूली कैसे करेगी। यह भी तय होना बाकी है कि यह फैसिलिटी सिर्फ एक इमरजेंसी रिजर्व के रूप में काम करेगी या रेवेन्यू बढ़ाने के लिए इसमें कॉमर्शियल एक्टिविटीज को भी शामिल किया जाएगा। अब तक देश के सभी स्ट्रैटिजिक पेट्रोलियम रिजर्व प्रोजेक्ट्स को पूरी तरह सरकार फंडिंग करती थी। इसका मैनेजमेंट 'इंडियन स्ट्रैटिजिक पेट्रोलियम रिजर्व्स लिमिटेड' करती है। पहली बार ONGC इतना बड़ा निवेश करेगी।



### पेट्रोलियम रिजर्व क्या है?

पेट्रोलियम रिजर्व मतलब क्रूड ऑयल या पेट्रोल-डीजल का स्टॉक, जिसे कोई देश भविष्य की आपूर्ति के लिए संभालकर रखता है। 2 तरह के पेट्रोलियम रिजर्व हैं...


1. **रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार -** इसे पेट्रोलियम की तिजोरी की तरह समझिए। इसे सरकार इमरजेंसी के लिए रखती है। इसका इस्तेमाल आम दिनों में नहीं होता। युद्ध, तेल संकट या सप्लाई रुकने पर ही इसका इस्तेमाल होता है। मंगलुरु, पादुर और विशाखापट्टनम में भारत के 3 स्ट्रैटजिक पेट्रोलियम रिजर्व हैं। यहां जमीन के नीचे बड़े-बड़े गुफानुमा टैंकों में तेल रखा जाता है।
2. **व्यावसायिक पेट्रोलियम भंडार-** इंडियन ऑयल जैसी तेल कंपनियां अपने पास कॉमर्शियल स्टॉक रखती हैं, ताकि पेट्रोल पंपों पर सप्लाई बनी रहे। ये रोजमर्रा की जरूरतों के लिए होते हैं। ये ज्यादातर जमीन के ऊपर बड़े टैंकों में रखा जाता है।




## फोनपे वॉलेट बंद रखने पर मेंटेनेंस चार्ज लगेगा

एजेंसी ▸▸ पटना

डिजिटल पेमेंट प्लेटफॉर्म फोनपे अपने यूजर्स से इनएक्टिव वॉलेट के लिए मेंटेनेंस फीस वसूलने की तैयारी कर रहा है। कंपनी के नए नियमों के मुताबिक, अगर किसी यूजर का PhonePe वॉलेट लगातार 365 दिनों (1 साल) तक इस्तेमाल नहीं किया जाता है, तो उसे 'डॉर्मेंट' या इनएक्टिव मान लिया जाएगा। ऐसे वॉलेट्स से हर तिमाही 100 का चार्ज काटा जाएगा। कंपनी के इस फैसले का



सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म (पहले ट्विटर) और Reddit पर कड़ा विरोध हो रहा है। कई यूजर्स ने स्क्रीनशॉट शेयर कर बताया है कि उन्हें वॉलेट रिचार्ज करने या ट्रांजैक्शन करने के रटर मिलने शुरू हो गए हैं, ताकि वे इस पेनाल्टी से बच सकें। ऑनलाइन प्लेटफॉर्म (पहले ट्विटर) और रेडिट पर इस फैसले को लेकर यूजर्स ने स्क्रीनशॉट शेयर कर बताया कि उन्हें फोनपे की तरफ से रटर मिल रहे हैं, जिसमें वॉलेट रिचार्ज करने या मेंटेनेंस फीस देने की बात कही जा रही है।

## सेंसेक्स 607 अंक गिरकर 76,802 पर बंद हुआ

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

शेयर बाजार में 19 जून को गिरावट रही। सेंसेक्स करीब 607 अंक गिरकर 76,802 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 154 अंकों की गिरावट रही, ये 24,013 के स्तर पर बंद हुआ। ग्लोबल क्ळ दिग्गज एक्सेंचर ने अपने रेवेन्यू ग्रोथ का अनुमान घटाकर कमजोर डिमांड की बात कही है। इससे भारतीय IT कंपनियों के भविष्य को लेकर चिंता बढ़ गई और निफ्टी IT इंडेक्स 4% तक टूट गया।




# वर्ल्डकप-बांग्लादेश से हारकर पाकिस्तान बाहर

## इंग्लैंड ने हेडिंग्ले में स्कॉटलैंड को और ऑस्ट्रेलिया ने नीदरलैंड्स को हराया

एजेंसी ▸▸ साउथैम्प्टन

महिला टी-20 वर्ल्ड कप 2026 में शनिवार को तीन मुकाबले खेले गए। दिन के सबसे बड़े उलटफेर में बांग्लादेश ने पाकिस्तान को 23 रन से हराकर टूनार्मेंट से लगभग बाहर कर दिया। लगातार तीसरी हार के साथ पाकिस्तान की टीम अपने दो ग्रुप मैच बाकी रहते ही नॉकआउट की दौड़ से बाहर हो गई।

साउथैम्प्टन के रोज बाउल में खेले गए मुकाबले में बांग्लादेश ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 6 विकेट पर 123 रन बनाए। जवाब में पाकिस्तान की टीम 8 विकेट पर 100 रन ही बना सकी। बांग्लादेश की तीन मैचों में यह दूसरी जीत रही, जबकि पाकिस्तान को लगातार तीसरी हार झेलनी पड़ी।

दिन के तीसरे मुकाबले में इंग्लैंड ने हेडिंग्ले में स्कॉटलैंड को 38 रन से



हराया। इंग्लैंड ने 5 विकेट पर 200 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया, जिसमें सोफिया डंकली ने 57 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। जवाब में स्कॉटलैंड की टीम 20 ओवर में 7 विकेट पर 162 रन ही बना सकी।

### खराब शुरूआत के बाद बांग्लादेश ने संभाली पारी

पहले बल्लेबाजी करने उतरी बांग्लादेश की शुरूआत बेहद खराब रही। टीम ने शुरूआती पांच ओवर में ही तीन विकेट गंवा दिए और पावरप्ले के बाद स्कोर 3 विकेट पर 24 रन था। इसके बाद कप्तान निगार सुल्ताना और सोभना मोस्तारी ने चौथे विकेट के लिए 35 रन जोड़कर पारी को संभाला। मोस्तारी 22 रन बनाकर आउट हुईं। अंतिम ओवरों में शोर्ना अख्तर ने 22 गेंदों पर 39 रन की तेज पारी खेली, जिससे बांग्लादेश 6 विकेट पर 123 रन तक पहुंच गया। टीम ने आखिरी चार ओवर में 43 रन जोड़े। पाकिस्तान की ओर से कप्तान फातिमा सना ने 4 ओवर में 18 रन देकर 2 विकेट लिए, जबकि नशरा संधू ने 4 ओवर में सिर्फ 14 रन खर्च किए।

**लड़खड़ाई पाकिस्तान की बल्लेबाजी-** 124 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान को मुनीबा अली और गुल फिरोजा ने अच्छी शुरूआत दिलाई। दोनों ने पहले विकेट के लिए 45 गेंदों में 49 रन जोड़े। हालांकि साझेदारी टूटते ही पाकिस्तान की पारी बिखर गई और लगातार विकेट गिरते रहे।

गुल फिरोजा 18 गेंदों पर 23 रन बनाकर आउट हुईं, जबकि मुनीबा अली ने 25 रन बनाए।

# इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय वनडे टीम का ऐलान

## शुभमन गिल कप्तान, विराट और रोहित दोनों टीम में; श्रेयस को उपकप्तानी

### वरुण चक्रवर्ती आयरलैंड टी-20 सीरीज से बाहर

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

बीसीसीआई ने रविवार को इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय वनडे टीम का ऐलान कर दिया। शुभमन गिल कप्तान बनाए गए हैं। श्रेयस अय्यर को उपकप्तानी दी गई है। विराट कोहली और रोहित शर्मा भी स्क्वॉड का हिस्सा हैं।

इंग्लैंड के खिलाफ इस सीरीज को 2027 वनडे वर्ल्ड कप की तैयारियों के लिए अहम माना जा रहा है। दौरे पर पांच टी-20 और तीन वनडे मैच होंगे।




टी-20 टीम का ऐलान पहले ही हो चुका है। श्रेयस अय्यर टी-20 टीम के कप्तान हैं। वरुण चक्रवर्ती चोट के कारण आयरलैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज नहीं खेल पाएंगे। उन्हें आयरलैंड और इंग्लैंड दोनों सीरीज के लिए टीम में चुना गया था, लेकिन फिलहाल वह बेंगलुरु स्थित बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में रिहैब कर रहे हैं। इंग्लैंड के खिलाफ उनकी उपलब्धता उनकी फिटनेस पर निर्भर करेगी। बीसीसीआई के अनुसार, उनकी वापसी पर अंतिम फैसला मेडिकल टीम की सलाह के बाद लिया जाएगा।

### आयरलैंड और इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टी-20 टीम

श्रेयस अय्यर (कप्तान), तिलक वर्मा (उपकप्तान), वैभव सूर्यवंशी, अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन, ईशान किशन, शिवम दुबे, नीतीश कुमार रेड्डी, अक्षर पटेल, वॉशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, मोहम्मद सिराज, हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह और प्रिंस यादव।

**प्रवेश प्रारंभ**
**आवश्यकता है:-** शिक्षक / शिक्षिकाओ की (अंग्रेजी माध्यम स्कूल में)
**योग्यता :-** ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट,
**आफिस समय** 10 से 01 बजे तक
**आवेदन:** 23-06-2026
सेन्ट मदार कान्वेंट स्कूल 36, मदार गेट सरदार स्टील के पास उज्जैन फोन नम्बरः-2557390

**विज्ञप्ति**
क्षीरसागर कॉलोनी स्थित भूखण्ड क्रमांक 3 नजर अली मार्ग, पथ क्रमांक 3, उत्तरमुखी खुला भूखण्ड 46 फीट बाय 66 फीट विक्रय किया जाना है। वास्तविक इच्छुक व्यक्ति ही स्वयं सम्पर्क करें, मध्यस्थता स्वीकार्य नहीं है।
चन्द्रकान्त शुक्ला मो. 9406801039

**मकान बेचना है**
गणेशपुरा मक्सी रोड मेन चौराहा, गली नंबर 1 में 20x40 में निर्मित सर्वसुविधा युक्त मकान बेचना है।
संपर्क 8717818385

**आवश्यकता है**
स्टॉफ की आवश्यकता है न्यू ओपनिंग रेस्टोरेंट के लिए- 2- कचोरी-समोसा, जलेबी बनाने वाले उस्ताद, 2- रेस्टोरेंट मैनेजर्स, 2- इंडिया शैफ, 2- तंदूर, 2- कैशियर, 5- किचन हेल्पर, 3- पैंट्री वाले, 4- कैप्टन, 6-वेटर, 4- हाउस किपिंग वालों की आवश्यकता है।
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें 9893713817

**आवश्यकता है**
मार्केटिंग / सेल्समैन वेतन 12000 से 15000 योग्यतानुसार
(समय प्रातः 7.30 से 6 बजे तक लन्च 1 से 2.30)
नोटः जरूरतमंद एवं अनुभवी की आवश्यकता
पेट्रोल खर्च अतिरिक्त दिया जाएगा
संपर्क मो.9575477077

**खरीदना / किराए से चाहीए**
उज्जैन में कोई भी छोटी होटल या होम स्टे, जो चालू अवस्था में हो खरीदना / किराए से चाहीए
संपर्क 9893374872

**इन्दौर में 2 BHK फ्लेट बेचना है।**
सीता श्री रेसीडेंसी
ऐयर पोर्ट मेनरोड कालानी नगर के पास
ग्राउंड फ्लोर में 4 बैंक व 4 दुकाने है
पास में, मेट्रो स्टेशन निर्माणाधीन मोके की जगह ।
सीधे आनर से संपर्क करें । 9669578652

**आवश्यकता**
छुरी वाली कटिंग मशीन एवं सर्कलकटिंग मशीन ऑपरेटर की जो दोनों मशीन चलाना जानता हो, चौकीदार की जो रात दिन फैक्ट्री पर रह सके.
संपर्क करे श्री हरि पेपर इंडस्ट्री 8 मक्सी रोड इंडस्ट्रियल एरिया प्रवाह पेट्रोल पंप के पीछे, उज्जैन मोबाइल 9425358095

**आवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की। पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।
संपर्क करें 9575555715, 9425094114

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क 7773077762

**अवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक और युवती की। कोट पेन्ट बनाने वाले कारीगर की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है। प्रोमिस टेलर मेट्रो टॉकीज के सामने (उज्जैन)
संपर्क करें 7974817308, 9516848052

**बेचना है**
अगरबत्ती का कारखाना बेचना है, वियतनाम ऑटोमैटिक मशीन। ड्रायर मिक्सर और अन्य सामान बेचना है। स्थान- नागझिरी, उज्जैन
संपर्क 9111328540

**किराए से देना है**
शहर के मध्य, पुराने दारू गोदाम के सामने, बुनकर समिति के अंदर 1500 & 2000 SQFT कमर्शियल व गोडाउन उपयोग हेतु 16 फीट ऊंचाई टीन शेड, बोरिंग सुविधा, अटैच लेट-बाथ, सर्व सुविधा युक्त
6267735937

**आवश्यकता**
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉ. मि. स्कूल भैरवगढ़ में अध्यापन हेतु शिक्षक-शिक्षिकाओं की आवश्यकता है- अनुभवी एवं प्रशिक्षित को प्राथमिकता-
**योग्यता-** B.E.D/D.E.D./Deled
**वेतन-** 7000 से 8000 प्रतिमाह
राजेश राव हाण्डे- 9977588698 Head Master Shri Sanskriti Convent Middle School, Bhairavgar

## न्यूज कॉलम

### एक युतवी के फोटो और मोबाइल नंबर का गलत इस्तेमाल कर अश्लील कमेंट किए

**इंदौर।** जूनी इंदौर थाना क्षेत्र में एक युवती की फोटो और मोबाइल नंबर का गलत इस्तेमाल कर फर्जी इंस्टाग्राम अकाउंट बनाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि अज्ञात व्यक्ति ने युवती और उसकी बहन की तस्वीरें सोशल मीडिया पर पोस्ट कर उन पर अश्लील और आपत्तिजनक टिप्पणियां कीं। पुलिस ने मामले में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार 24 वर्षीय पीड़िता इंदौर में रहकर एमपीपीएससी की तैयारी कर रही है। वह मूल रूप से देवास जिले की रहने वाली है और इंदौर में किराए के मकान में रहती है। पीड़िता ने शिकायत में बताया कि 4 मार्च को उसकी बहन ने उसे जानकारी दी कि उसके नाम से एक फर्जी इंस्टाग्राम अकाउंट बनाया गया है। इस अकाउंट पर पीड़िता का मोबाइल नंबर भी टैग किया गया था। शिकायत के मुताबिक फर्जी अकाउंट पर पीड़िता और उसकी बहन की तस्वीरें अपलोड की गईं और उनके साथ अश्लील व आपत्तिजनक कमेंट किए गए। जानकारी मिलने के बाद पीड़िता ने अकाउंट के बारे में पता लगाने का प्रयास किया, लेकिन आरोपी की पहचान नहीं हो सकी। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी करीब तीन महीने से इस अकाउंट के जरिए अश्लील फोटो और पोस्ट अपलोड कर रहा था। इससे उसकी सामाजिक छवि प्रभावित हो रही है और परिवार व परिचितों के बीच बदनामी का सामना करना पड़ रहा है। पीड़िता ने शनिवार को जूनी इंदौर थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। अब आरोपी की पहचान के लिए टेक्निकल टीम सोशल मीडिया अकाउंट से जुड़ी जानकारी जुटा रही है।

### संदिग्ध युवक बिल्डिंग की चौथी मंजिल पर चढ़ा, उसके बैग से मिलीं 18 चाबियां

**इंदौर।** कनाड़िया थाना क्षेत्र के संचार नगर स्थित एक बहुमंजिला बिल्डिंग में शनिवार अलसुबह एक युवक के हंगामे का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। बताया जा रहा है कि युवक बिल्डिंग में घुसकर चौथी मंजिल और फिर छत पर बने टावर तक पहुंच गया और पकड़े जाने के डर से आत्महत्या करने की धमकी देने लगा। मामला प्रशांत सागर टाउनशिप संचार नगर का बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार सुबह एक युवक बिल्डिंग परिसर में पहुंचा और कई फ्लैटों के दरवाजे चेक करने लगा। उसकी संदिग्ध गतिविधियों को देखकर रहवासी राजीव साहू ने उसे रोकने का प्रयास किया, लेकिन युवक भागते हुए बिल्डिंग की छत पर बने टावर पर चढ़ गया। युवक ने वहां से कूदने की धमकी देना शुरू कर दी। इसके बाद रहवासियों ने तुरंत पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक को समझाइश देकर नीचे उतारा और अपने साथ थाने ले गई। रहवासियों के मुताबिक जब युवक के बैग की तलाशी ली गई तो उसमें करीब 18 चाबियां मिलीं। इससे लोगों को उस पर और संदेह हुआ। बताया जा रहा है कि जब युवक बिल्डिंग में घुसा था, उस समय सिक्योरिटी गार्ड सो रहा था, जिसके कारण उसे इसकी जानकारी नहीं हो सकी। पुलिस के अनुसार पकड़े गए युवक की पहचान तरुण मालवीय निवासी अयोध्या बायपास के रूप में हुई है। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है और पूरे मामले की जांच की जा रही है।

### बैग व्यापारी से 5 .50 लाख की ठगी का बैंक से मैसेज आया तो पता चला

**इंदौर।** एक बैग व्यापारी के साथ साइबर फ्रॉड का मामला सामने आया है। साइबर ठगों ने व्यापारी के क्रेडिट कार्डों से लाखों रुपए निकाल लिए। उन्हें इसकी जानकारी तब हुई, जब क्रेडिट कार्ड का बकाया जमा करने संबंधी मैसेज आया। इसके बाद व्यापारी ने थाने में शिकायत दर्ज कराई। सराफा पुलिस के मुताबिक, राममार्ग कुंजरा बाखल निवासी मुफद्दल पिता असगर अली के साथ यह घटना हुई। उन्होंने पुलिस को बताया कि वे बैग का व्यवसाय करते हैं। उनके दोनों मोबाइल नंबर अलग-अलग बैंकों के क्रेडिट कार्डों से रजिस्टर्ड हैं। कुछ दिन पहले उनके पास एक क्रेडिट कार्ड का बिल जमा करने का मैसेज आया, जबकि उन्होंने उस कार्ड का इस्तेमाल ही नहीं किया था। इसके बाद उन्होंने कस्टमर केयर से संपर्क किया। जांच में पता चला कि 27 अप्रैल से 7 मई के बीच उनके क्रेडिट कार्ड से 1 लाख 39 हजार रुपए मोबीक्विक ऐप के जरिए किसी अन्य खाते में ट्रांसफर किए गए हैं। जब उन्होंने अपने अन्य क्रेडिट कार्डों की जानकारी निकाली तो उनसे भी ट्रांजेक्शन होने की बात सामने आई। इस तरह साइबर ठगों ने उनके मोबाइल नंबर हैक कर क्रेडिट कार्डों का दुरुपयोग करते हुए करीब 5 लाख 50 हजार रुपए निकाल लिए। मामले में व्यापारी ने शुक्रवार को केस दर्ज कराया है। पुलिस जांच कर रही है।

### इंदौर में निरंजनपुर और बाणगंगा थाना क्षेत्रों में पुराने विवाद को लेकर चाकूबाजी

**इंदौर।** लसूड़िया थाना क्षेत्र के निरंजनपुर में पुराने विवाद को लेकर एक युवक और उसके भाई पर हमला करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि आरोपी अपने साथियों के साथ घर पहुंचा और चाकू से हमला कर दिया। पुलिस ने मामले में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार निरंजनपुर निवासी प्रदीप राजोरे (28) ने शिकायत दर्ज कराई है। उसने बताया कि करीब दो साल पहले उसका लखन खोरे से विवाद हुआ था, जिसकी शिकायत खजराना थाने में भी दर्ज कराई गई थी। फरियादी के मुताबिक रात में लखन खोरे अपने कुछ साथियों के साथ उसके घर पहुंचा और पुराने विवाद को लेकर गाली-गलौज करने लगा। जब प्रदीप और उसके भाई विकास ने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने दोनों के साथ मारपीट शुरू कर दी। प्रदीप मजदूरी का काम करता है। आरोप है कि लखन खोरे ने चाकू निकालकर विकास पर हमला कर दिया। हमले में चाकू के करीब आधा दर्जन वार किए गए, जिससे विकास के पेट, पीठ और जांघ में गंभीर चोटें आईं। बीच-बचाव करने पहुंचे प्रदीप को भी चाकू से सिर पर चोट पहुंचाई गई। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। घायल विकास को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसका उपचार जारी है। पुलिस के अनुसार प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी खजराना थाने में दर्ज पुराने मामले में समझौता करने का दबाव बना रहे थे। पुलिस आरोपियों की तलाश कर मामले की जांच कर रही है।

**कोर्ट में गवाही बदलने का बना रहे थे दबाव-** बाणगंगा थाना क्षेत्र में पुराने विवाद को लेकर एक युवक पर चाकू से हमला करने और उसकी कार में तोड़फोड़ करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि बदमाश युवक पर कोर्ट में बयान बदलने और पुराने मामले में राजीनामा करने का दबाव बना रहे थे। पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार नई बस्ती, भागीरथपुरा निवासी रवि विश्वकर्मा ने शिकायत दर्ज कराई है। रवि ने बताया कि रात करीब 10.30 बजे वह अपनी गाड़ी लेने के लिए बाबू मार्केट, भागीरथपुरा पहुंचा था। इसी दौरान विकाश यादव, गोलू शर्मा, बबुआ यादव और अम्मू खटीक बाइक से वहां पहुंचे। आरोपियों ने रवि से पहले दर्ज मामले में कोर्ट में गवाही बदलने और राजीनामा करने के लिए दबाव बनाया। रवि ने जब इससे इनकार किया तो विवाद बढ़ गया। शिकायत के मुताबिक विकाश यादव ने चाकू निकालकर रवि पर हमला कर दिया। वहीं अन्य आरोपियों ने उसकी खड़ी कार के कांच फोड़ दिए और वाहन को नुकसान पहुंचाया। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। रवि की शिकायत पर बाणगंगा पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर मामले की जांच कर रही है।

### बिगड़ती यातायात व्यवस्था पर हाई कोर्ट सख्त ट्रैफिक संभालने में एनसीसी की भी मदद लें

**इंदौर।** शहर की बिगड़ती यातायात व्यवस्था पर मध्यप्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर खंडपीठ ने सख्त रुख अपनाते हुए नगर निगम को अगली सुनवाई से पहले 36 ऑटोमैटिक ट्रैफिक सिग्नलों को पूरी तरह चालू करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही कोर्ट ने कहा कि ट्रैफिक पुलिस बल की कमी दूर होने तक स्काउट्स, स्वयंसेवकों और उपलब्धता की स्थिति में एनसीसी कैडेट्स की मदद लेकर यातायात प्रबंधन मजबूत किया जाए। मामले की अगली सुनवाई 6 जुलाई को होगी, तब तक निगम, बीआरटीएस रिमूवल कमेटी और ट्रैफिक रेगुलेटरी कमेटी को प्रोग्रेस रिपोर्ट पेश करनी होगी। न्यायमूर्ति विजय कुमार शुक्ला और न्यायमूर्ति आलोक अवस्थी की पीठ ने यह निर्देश यातायात व्यवस्था से जुड़ी जनहित याचिका की सुनवाई के दौरान दिए। याचिका राजलक्ष्मी फाउंडेशन की ओर से दायर की गई है, जिसमें ट्रैफिक जाम, यातायात प्रबंधन और शहरी गतिशीलता से जुड़े मुद्दे उठाए गए हैं।

---

वेयरहाउसिंग कॉर्पोरेशन अध्यक्ष के निरीक्षण में मिली थीं कई खामियां

# पटवारी ने अफसर से कहा, मेरा वेयरहाउस खाली कर दो, बेइज्जती न करें बीजेपी नेता

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

मध्य प्रदेश वेयरहाउसिंग एंड लॉजिस्टिक्स कॉर्पोरेशन के अध्यक्ष संजय नगायच ने सांवेर विधानसभा के पालिया गांव में स्थित कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के चार वेयरहाउसों का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान नागायच ने दावा किया कि पटवारी के वेयरहाउसों में फायर सेफ्टी (आग बुझाने के इंतजाम) जैसी बुनियादी सुविधाओं की भारी कमी है। वहां नियमों का खुला उल्लंघन हो रहा है।

नगायच ने मौके पर ही अधिकारियों को निर्देश दिए कि नियमों के उल्लंघन के मामले में पटवारी को नोटिस जारी किया जाए। उनके वेयरहाउसों से सरकारी अनाज रखने की पात्रता खत्म की जाए (बेदखल किया जाए)।

इस कार्रवाई और आरोपों के सामने आने के बाद पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने तत्काल वेयरहाउसिंग कॉर्पोरेशन के



महाप्रबंधक अनुराग वर्मा को फोन लगाया। उन्होंने दोटूक शब्दों में अधिकारी से कहा कि सरकार को लगता है कि नियमों का उल्लंघन हो रहा है, तो वे तुरंत उनके वेयरहाउस खाली कर दें। उन्होंने स्पष्ट किया कि वे किसी के दबाव में नहीं झुकेंगे और न ही राजनीतिक द्वेष भावना से की जा रही ऐसी बेइज्जती को बर्दाश्त करेंगे।

वेयरहाउसिंग कॉर्पोरेशन के अध्यक्ष संजय नगायच ने जीतू पटवारी के वेयरहाउस का निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने कहा कि जीतू पटवारी इतने बड़े नेता हैं, लेकिन उनके वेयरहाउस में आग बुझाने के लिए रेत और बाल्टी तक का इंतजाम नहीं था। उन्होंने अधिकारियों को सख्त लहजे में निर्देश दिए कि मामले को गंभीरता से लेते हुए नोटिस जारी किया जाए। नगायच ने यह भी कहा कि उन्होंने केवल पटवारी ही नहीं बल्कि प्रदेश के लगभग 100 वेयरहाउसों का दौरा किया है।

#### पटवारी बोलेः कोई याचन-नाचन मेरे वेयरहाउस गए थे

इसके बाद जीतू पटवारी ने कॉर्पोरेशन के महाप्रबंधक अनुराग वर्मा से फोन पर कहा कोई याचन-नाचन बने हैं नए... मैं उनको नहीं जानता, वो वेयरहाउसिंग के कुछ हैं। वो हमारे वेयरहाउस पर गए थे और कह रहे हैं कि अंदर-बाहर जाले क्यों लगे हैं। मेरा आपसे आग्रह है कि मैंने पहले भी लिखकर दिया था और आज आपको भी चिट्ठी भेज दी है। आप अगर खाली कर सको तो हमारा वेयरहाउस खाली कर दो। हम कोई सरकार के दबाव में रूल नहीं तोड़ेंगे, आपके अनाज का पूरा ध्यान रखेंगे और कोई कमी भी नहीं छोड़ेंगे। अगर आप खाली करो तो बड़ी मेहरबानी होगी।

#### किराए का भुगतान नहीं होता और बेइज्जती कर रहे

- महाप्रबंधक की ओर से नाम स्पष्ट किए जाने पर जीतू पटवारी ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा- हां, नरायच (नागायच)...। वो अगर इस तरीके का बिहेवियर करेंगे कि हम किसी के कर्जदार हैं, तो भैया ये नहीं होगा। हमारा विनम्रता से आग्रह है, मैंने पहले भी लिखकर दिया था कि हमारा सेंटर चाहो तो भले हटा दो।
- पहले भी लिखकर दे चुका हूं, आज फिर भेज रहा हूं। आप तो माल खाली कर दो। आपका माल पूरी तरह सुरक्षित है, उसमें एक नए पैसे की भी कमी नहीं है। आप जिस दिन आएंगे, आपके नियमित अधिकारी निरीक्षण करते ही होंगे।
- पटवारी ने अपनी बात खत्म करते हुए कहा, हमें अगर इस तरीके से बेइज्जत करेंगे... एक तो वेयरहाउस का पहले तो टाइम पर किराया नहीं देते, ऊपर से हम यहां बेइज्जती कराने के लिए नहीं बैठे हैं। आप वहां से अपना माल हटाओ। इस पर जीएम वर्मा ने केवल इतना ही कहा- ठीक है सर...

#### मैं चेक करता हूं कि कौन गया था

जब पटवारी ने ये सारी बातें कहीं, तो वर्मा ने असमंजस में पूछते हुए कहा, मैं चेक करता हूं कि कौन गया था? इस पर पटवारी ने दोबारा कहा कि कोई बीजेपी के नेता हैं, जिनकी अभी वेयरहाउसिंग में पोस्टिंग हुई है, वही गए थे। तब महाप्रबंधक ने स्पष्ट किया- सर, वो संजय नगायच होंगे।

---

बिना रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम वाले 69 भवन मालिकों पर कार्रवाई

# अवैध पेड़ कटाई पर एक लाख का जुर्माना

#### फायर सेफ्टी में लापरवाही पर 102 बिल्डिंग सील

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

इंदौर नगर निगम ने शनिवार को शहर में पर्यावरण संरक्षण, जल बचाव और आग से सुरक्षा को लेकर एक साथ बड़ी कार्रवाई की। निगम ने जहां अवैध रूप से पेड़ काटने पर एक व्यक्ति पर एक लाख रुपए का स्पॉट फाइन लगाया, वहीं रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम नहीं लगाने वाले 69 भवन मालिकों पर करीब 1.96 लाख रुपए का जुर्माना किया। इसके अलावा फायर सेफ्टी नियमों का पालन नहीं करने पर अब तक 102 भवनों को सील किया जा चुका है। निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई। गर्मी के मौसम में आगजनी की घटनाओं को देखते हुए नगर निगम की फायर




टीम और भवन शाखा लगातार जांच कर रही है। जांच में कई इमारतों में फायर सेफ्टी के जरूरी इंतजाम नहीं मिले। ऐसे में अब तक कुल 102 भवन सील किए जा चुके हैं। शनिवार को जोन क्रमांक 10 में कार्रवाई करते हुए एसके जिम, नफीस रेस्टोरेंट, रोबोटवाला कोचिंग, एआइ एंड रोबोटिक्स कोचिंग, ज्ञानम कोचिंग, अपोलो आर्केड और अपोलो एवेन्यू को सील किया गया।

#### बंद फैक्ट्री में पेड़ कटते मिले, एक लाख का जुर्माना

नगर निगम की टीम को सूचना मिली थी कि जोन क्रमांक 18 के वार्ड 64 में चितावद रोड स्थित एक बंद फैक्ट्री परिसर में अवैध रूप से पेड़ काटे जा रहे हैं। सूचना मिलते ही निगम की टीम मौके पर पहुंची और जांच की। वहां पेड़ काटने में इस्तेमाल हो रहे औजार और सामान जब्त कर लिए गए।
इस मामले में राघव गोयल पर निगम ने एक लाख रुपए का स्पॉट फाइन लगाया। निगम ने साफ किया है कि शहर में हरियाली को नुकसान पहुंचाने वालों पर आगे भी सख्त कार्रवाई होगी।

#### 69 भवनों पर रेन वाटर हार्वेस्टिंग नहीं, लगा जुर्माना

जल बचाने और भूजल स्तर बढ़ाने के लिए निगम ने रेन वाटर हार्वेस्टिंग को लेकर भी सख्ती दिखाई है। अपर आयुक्त प्रखर सिंह ने बताया कि जिन भवन मालिकों को पहले नोटिस दिए गए थे और फिर भी उन्होंने रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम नहीं लगाया, उन पर कार्रवाई की गई। कुल 69 भवनों पर 1 लाख 96 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है। निगम ने सभी भवन मालिकों को जल्द सिस्टम लगाने के निर्देश दिए हैं।

---

# पहले भी फांसी के फंदे पर झूल चुकी थी नवविवाहिता

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

इंदौर के गांधी नगर इलाके में रहने वाली नवविवाहिता की आत्महत्या के मामले में पुलिस जांच कर रही है। शुक्रवार को उसने घर में ही फांसी लगा ली थी। पुलिस ने मामले में एक सुसाइड नोट भी जब्त किया है।

गांधी नगर पुलिस के मुताबिक 17 वर्षीय अनीता पति सूरज ठाकुर के साथ गांधी नगर के ग्राम पालाखेड़ी कांकड में रहती थी। शनिवार को उसका जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम करवाया। पुलिस ने सुसाइड नोट भी जब्त किया है। अब पुलिस मायके और ससुराल पक्ष के लोगों के बयान लेकर जांच करेगी।

महिला के पति सूरज ने बताया कि करीब साल भर पहले भी अनीता ने फांसी लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया था। उस वक्त उसने घर में ही फांसी का फंदा तैयार किया था और उसी फंदे पर झूल गई थी, लेकिन फंदा टूटने की वजह से उसकी जान बच गई थी। उसके बाद मायके पक्ष के लोगों को भी इसकी जानकारी दी थी, मगर उनके समझाने के बाद मामला शांत हो गया था।

#### इस बार कई गांठ लगाकर बनाया फंदा

सूरज ने बताया कि शुक्रवार को घर पर कोई नहीं था। पत्नी का छोटा भाई घर पर ही था। आत्महत्या करने के पहले उसने उसे बाहर जाने का बोला, लेकिन वह नहीं जा रहा था। इस पर उसने उसे मारा भी, तब भी वह बाहर नहीं गया तो उसने चाकू दिखाकर उसे डराकर बाहर भेजा। इस बार फंदा ना टूटे इसलिए उसने साड़ी में कई गांठ लगाकर फंदा बनाया और उस फंदे पर झूल गई। बाहर छोटा भाई उसके गेट खोलने का इंतजार कर रहा था, वह रोने लगा तो आसपास के लोग जमा हो गए तब जाकर घटना का पता चला था।

---

पिछले पेपर लीक को देखते हुए प्रशासन ने दो दिन पहले ही यहां सुरक्षा बढ़ाने के लिए नए कैमरे लगवाए थे

# नीट री-एग्जाम सेंटर से सीसीटीवी कैमरे चोरी, महू में दो गिरफ्तार, पुलिस पूछ रही मकसद

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

महू में नीट यूजी (नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट) के सेंटर से दो सीसीटीवी कैमरे चोरी हो गए। ये कैमरे मेन गेट और कॉमर्स बिल्डिंग स्थित एग्जाम रूम में लगे थे। हालांकि, पुलिस ने 24 घंटे में ही चोरी करने वाले दो युवकों को गिरफ्तार कर कैमरे बरामद कर लिए।

21 जून को होने वाली नीट परीक्षा के लिए महू के भेरूलाल पाटीदार गर्वमेंट पीजी कॉलेज में दो एग्जाम सेंटर बनाए गए थे। पिछले पेपर लीक को देखते हुए प्रशासन ने दो दिन पहले ही यहां सुरक्षा बढ़ाने के लिए नए कैमरे लगवाए थे। इनमें से दो कैमरे 19 जून की



शाम करीब 6 बजे चोरी कर लिए गए।

कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. प्रवीण ओझा ने शनिवार सुबह बड़गोंदा थाने में लिखित शिकायत की। नीट की सुरक्षा से जुड़ा मामला होने की वजह से पुलिस तुरंत एक्शन में आ गई।

**चौकीदार की लापरवाही की भी जांच -** प्रिंसिपल डॉ. प्रवीण ओझा ने कहा- कैमरे चोरी होने की जानकारी तुरंत दिल्ली, भोपाल और नेशनल टेस्टिंग एजेंसी को दे दी थी। ड्यूटी पर तैनात चौकीदार की लापरवाही को लेकर भी अंदरूनी जांच की जा रही है। उन्होंने कहा- सेंटर पर तुरंत नए कैमरे लगाकर व्यवस्था पुख्ता कर ली गई। जैमर, मेटल डिटेक्टर और एक्स्ट्रा पुलिस फोर्स तैनात कर दी गई।

#### चोरों ने कैमरे तोड़कर फेंके

- पुलिस की एक टीम कॉलेज पहुंची और यहां लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। इनमें चोरी का वीडियो मिल गया। इसके आधार पर गवली पलासिया के रहने वाले हिमांशु वर्मा (19) और विनय शर्मा (20) को पकड़ लिया गया।
- उन्होंने बताया कि चोरी करने के बाद कैमरे तोड़कर कॉलेज के पीछे वाले मैदान में फेंक दिए थे। उनकी निशानदेही पर दोनों कैमरे बरामद कर लिए गए हैं। पुलिस अब इस बात का पता लगा रही है कि परीक्षा से ठीक दो दिन पहले कैमरे चुराने के पीछे इन युवकों का असली मकसद क्या था?

---

मंगेतर पर छेड़छाड़ और धमकी देने का आरोप

# रेड लाइट एरिया में जाने की बात बताई तो युवती ने तोड़ दी सगाई

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

हीरानगर थाना पुलिस ने निजी कंपनी में काम करने वाली 24 वर्षीय युवती की शिकायत पर उसके मंगेतर के खिलाफ छेड़छाड़ और धमकी देने के मामले में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार पीड़िता ने शिकायत में बताया कि वर्ष 2025 में उसकी शादी की बात प्रथमेश सरोदे निवासी निसर्ग राज हाउसिंग सोसायटी ठेरगांव पुणे से हुई थी। दोनों परिवारों की सहमति से रिश्ता तय हुआ था। प्रथमेश पुणे में नौकरी करता था और दोनों के बीच मोबाइल पर बातचीत होती थी।

पीड़िता ने बताया कि प्रथमेश तीन से चार बार मिलने के लिए इंदौर आया था। बातचीत के दौरान उसने बताया



कि वह पुणे के रेड लाइट एरिया में गया था। इस बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ और इसके बाद उसने उससे बातचीत बंद कर दी।

शिकायत के मुताबिक 31 मई को प्रथमेश इंदौर स्थित उसके घर पहुंचा। उस समय घर पर युवती के माता-पिता और भाई मौजूद थे। जब उसने शादी की बात रखी तो परिवार ने इससे इनकार कर दिया। आरोप है कि इसके बाद प्रथमेश ने कहा कि शादी तो करनी पड़ेगी, नहीं तो वह परिवार में युवती को बदनाम कर देगा।

#### सोशल मीडिया पर कर रहा अपशब्द

- युवती का आरोप है कि प्रथमेश ने रेड लाइट एरिया जाने वाली बात किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी भी दी और वहां से चला गया। इसके बाद 15 जून को प्रथमेश की मां का फोन आया, जिस पर युवती ने कारण बताते हुए शादी से इनकार कर दिया।
- पीड़िता ने आरोप लगाया कि इसके बाद प्रथमेश लगातार इंस्टाग्राम, ई-मेल और मैसेज के जरिए उसे अपशब्द कह रहा था। परेशान होकर उसने अपने माता-पिता को पूरी जानकारी दी और शनिवार को हीरानगर थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई।

अतिशीघ्र आवश्यकता है
जेके सीमेन्ट उज्जैन में
कम पढ़े लिखे व्यक्ति 12 हजार रुपये महीना,
पीएफ/ई.एस.आई.सी./ चार छुट्टियां, 8 घंटे ड्यूटी
महिला कम्प्यूटर ऑपरेटर : जिसे कम्प्यूटर का ज्ञान हो
(ऑफिस के लिए) सेलरी योग्यतानुसार।
महाकाल इंजीनियरिंग सर्विसेस
22, सिद्धी विनायक, कॉम्प्लेक्स, शहीद पार्क, फ्रीगंज, उज्जैन
मो. 9425091176
समय : 11:30 से 3 बजे तक

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियाँ व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com